| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,500.47 |
| निफ्टी | 25,149.85 |
| सोना | 99,000 |
| चांदी | 1,11,000 |
| डॉलर | 85.83 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

बालाघाट
शनिवार 12 जुलाई 2025
श्रावण कृष्ण 02 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 287
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in


## खास खबर

### 125 किलो डायनामाइट के साथ तीन गिरफ्तार

देहरादून। सघन चेकिंग अभियान के दौरान थाना त्यूणी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ऑल्टो कार से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है। चेकिंग के दौरान वाहन से 125 किलोग्राम डायनामाइट, दो डब्बे डेटोनेटर, लाल तार का रोल और एक बंडल बत्ती बरामद हुई। कार सवार आरोपी विस्फोटक ले जाने के वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाए। तीनों आरोपी रिंकू, रोहित और सुनील को पुलिस ने गिरफ्तार कर थाना त्यूणी में विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पंचायत चुनाव के मद्देनजर पुलिस कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बनाए हुए है।

### हाईकोर्ट से कमलनाथ को राहत

इंदौर। हनी ट्रैप मामले में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ से राहत मिली है। एडवोकेट भूपेंद्र सिंह ने 2023 में एक याचिका दायर की थी। जिसमें कहा गया था, कमलनाथ हनीट्रेप के सबूत को छिपा रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग याचिका में की गई थी। इस मामले की सुनवाई इंदौर खंडपीठ की युगल पीठ ने की। कोर्ट ने याचिका करता वकील से पूछा, जब कमलनाथ ने यह बयान दिया था, तब आप वहां थे। इस पर उन्होंने इनकार किया। इस आधार पर हाईकोर्ट ने कमलनाथ के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया है।

### कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय की अग्रिम जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 14 जुलाई को

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट 14 जुलाई को कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करेगा। यह मामला उनके फेसबुक पर पोस्ट किए गए कार्टून से जुड़ा है, जिस पर उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकर्ताओं की आपत्तिजनक कार्टून सोशल मीडिया पर अपलोड करने का आरोप है। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने मालवीय की याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति दी है। यह याचिका मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देती है, जिसमें उन्हें अग्रिम जमानत देने से इंकार किया गया था।

### रिटायरमेंट की उम्र 75 वर्ष, राजधानी में अटकलों का बाजार गर्म

नागपुर। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने नागपुर में बयान दिया। जब आपको कोई 75 साल का होने पर बधाई देता है। इसका मतलब है, आपको अब रुक जाना चाहिए। दूसरों को मौका देना चाहिए। संघ प्रमुख ने यह विचार दिवंगत मोरोपंत पिंगले से जुड़े पुस्तक के विमोचन अवसर पर दिए हैं।

मोहन भागवत ने कहा 75 वर्ष का होने पर उन्हें सम्मानित किया गया था। तब मोरोपंत ने कहा था, मैं 75 साल के होने का मतलब यकीनन समझता हूं। मोरोपंत एक ऐसे नेता थे। उन्होंने आपातकाल के बाद कहा था,यदि सभी विपक्षी दल एक साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। ऐसी स्थिति में 276 सीटें जीती जा सकती है।जब चुनाव परिणाम आए, तब इतनी ही सीट विपक्षी गठबंधन को मिली,और जनता दल की पहली सरकार केंद्र में बनी। जैसे ही मोहन भागवत ने यह बयान दिया। उसके बाद दिल्ली मे राजनीतिक हलचलें बढ़ गई हैं।

### ओडिशा में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा...

# अडाणी चला रहे ओडिशा सरकार

## इलेक्शन कमीशन भाजपा का कर रहा काम

भुवनेश्वर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को ओडिशा में कहा कि अडाणी ओडिशा सरकार चलाते हैं। अडाणी नरेंद्र मोदी को चलाते हैं। जब ओडिशा में जगन्नाथ यात्रा निकाली जाती है, तो लाखों लोग इसे देखते हैं। फिर एक नाटक होता है कि अडाणी और उनके परिवार के लिए रथ रोक दिए जाते हैं। इससे आपको ओडिशा सरकार के बारे में सब कुछ समझ में आ जाएगा। यह ओडिशा सरकार नहीं है, यह अडाणी जैसे 5-6 अरबपतियों की सरकार है। इसका लक्ष्य आपकी जमीन, जंगल और भविष्य को चुराना है।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ओडिशा में भाजपा सरकार बनने के बाद पहली बार दौरे पर पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने भुवनेश्वर में आयोजित होने वाली संविधान बचाओ समावेश सभा को संबोधित किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल भी उनके साथ मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की तरह बिहार में वोट चुराने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए इलेक्शन कमीशन ने नई साजिश शुरू की है। वह भाजपा के हिस्से का काम कर रहा है। अपना काम नहीं कर रहा है। राहुल ने आगे कहा कि महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा के बीच में 1 करोड़ नए वोटर आ गए। आज तक पता नहीं चल पाया कि ये वोटर्स कहां से आए। हमने इलेक्शन कमीशन से कई बार कहा कि आप हमें वोटर लिस्ट, वीडियोग्राफी दीजिए। उन्होंने नहीं दिया। हम इलेक्शन कमीशन और भाजपा को बिहार का चुनाव चोरी नहीं करने देंगे।



### भाजपा सरकार गरीबों को पैरा चुरा रही

राहुल ने कहा कि सरकार ओडिशा की गरीब जनता का पैसा चुराने का काम करती है। एक तरफ ओडिशा की गरीब जनता दलित, आदिवासी, कमजोर, किसान और मजदूर है और दूसरी ओर 5-6 अरबपति और भाजपा सरकार। इस लड़ाई में कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता ही ओडिशा की जनता के साथ मिलकर जीत सकता है। भाजपा पूरे देश में संविधान पर आक्रमण कर रही है।

### कंपनियों को दिया जा रहा पैसा

राहुल गांधी ने कहा कि ओडिशा में ये(भाजपा) 5-6 बड़ी कंपनियों को आपका सारा धन दे रहे हैं। जल, जंगल और जमीन आदिवासियों की है और आदिवासियों की ही रहेगी। आदिवासियों को बिना पूछे जमीन से हटा दिया जाता है। ये सभी चीजें उनकी है।

*राहुल गांधी ने कहा कांग्रेस पार्टी के जमीनी कार्यकर्ता जिनके डीएनए में कांग्रेस है। आप हमारे बब्बर शेर हैं, जो ओडिशा की जनता की रक्षा करते हैं। ओडिशा की बीजेपी सरकार का सिर्फ एक काम है, ओडिशा का धन गरीब जनता से चोरी करना।*

### ऑपरेशन सिंदूर पर पहली बार बोले एनएसए डोभाल, कहा...

## एक फोटो दिखाएं जिसमें भारत का नुकसान नजर आए; हमने 9 आतंकी ठिकाने उड़ाए

चेन्नई। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने शुक्रवार को ऑपरेशन सिंदूर पर पहली बार बयान दिया। उन्होंने कहा कि कई विदेशी मीडिया ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की कार्रवाई पर सवाल उठाए। भारत को नुकसान की खबरें चलाईं। उन्होंने कहा कि विदेश मीडिया कोई भी फोटो या सैटेलाइट इमेज नहीं दिखा पाया। ना यह बता पाया कि नुकसान क्या हुआ। डोभाल ने यह बात शुक्रवार को आईआईटी मद्रास के 62वें दीक्षांत समारोह में कही।

एनएसए ने कहा कि वे कहते रहे कि पाकिस्तान ने ये किया, वो किया लेकिन मुझे एक फोटो दिखाइए जिसमें भारत का नुकसान नजर आए। यहां तक कि एक शीशा भी टूटा हो। हमसे कोई चूक नहीं हुई। हम उस पॉइंट तक सटीक थे जहां हमें पता था कि कौन कहां है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमला हुआ था। आतंकियों ने 26 टूरिस्ट्स की हत्या कर दी थी। इसके जवाब में भारत ने 7 मई को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। इस दौरान सेना ने 100 आतंकी मार गिराए थे। दोनों देशों के बीच 10 मई की शाम 5 बजे से सीजफायर पर सहमति बनी थी।

### ऑपरेशन सिंदूर पर हमें नाज

डोभाल ने कहा कि टेक्नोलॉजी और वॉरफेयर के बीच संबंध हमेशा महत्वपूर्ण होता है। हमें ऑपरेशन सिंदूर पर नाज है। हमें गर्व है कि इस दौरान हमने स्वदेशी तकनीक इस्तेमाल की। हमने सीमापार नौ पाकिस्तानी ठिकानों पर हमले का फैसला किया था। इनमें एक भी ठिकाना बॉर्डर के पास नहीं था। हमारे सभी निशाने सटीक थे। हमने सिर्फ आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद किया। उन्होंने कहा, आप एक ऐसे देश, एक ऐसी सभ्यता से ताल्लुक रखते हैं, जो हजार सालों से संकटग्रस्त और लहूलुहान रही है। हमारे पूर्वजों ने बहुत कुछ सहा है। मुझे नहीं पता कि राष्ट्र की इस धारणा को जिंदा रखने के लिए उन्होंने कितना अपमान और तकलीफ सही होगी। राष्ट्र, राज्य से अलग होता है। भारत एक राष्ट्र के रूप में हजारों सालों से अस्तित्व में है।

## मॉनसून सत्र छोड़कर दिल्ली पहुंचे शिंदे, अमित शाह से की मुलाकात

### -कांग्रेस ने कहा- कैबिनेट में गैंगवार से बचने दिल्ली दरबार में गए गुहार लगाने

नई दिल्ली। महाराष्ट्र विधानसभा का मॉनसून सत्र शुरू हो गया है और इस बीच डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे उसे छोड़कर दिल्ली पहुंच गए। वह बुधवार को दिल्ली आए और गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इसके अलावा उनकी केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से भी मुलाकात की खबरें सामने आई हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चर्चा यह है कि आखिर एकनाथ शिंदे दिल्ली जाकर बड़े नेताओं से क्यों मिले हैं। कांग्रेस ने इसे महायुति में टकराव से जोड़ा है और उसका कहना है कि कैबिनेट में गैंगवार चल रहा है। इससे बचने के लिए ही वह दिल्ली दरबार में गुहार लगाने पहुंचे।

कांग्रेस विधायक नाना पटोले ने कहा कि एकनाथ शिंदे राज्य कैबिनेट में चल रही गैंगवार से बचने दिल्ली गए हैं। राजनीतिक विश्लेषक भी इस यात्रा को अहम मान रहे हैं क्योंकि उद्धव सेना और राज ठाकरे की मनसे के बीच एकता स्थापित हो रही है और दोनों ने मराठी भाषा के स्वाभिमान के नाम पर साझा रैली की है। ऐसी स्थिति में मराठा के नाम पर राजनीति करने वाली एकनाथ शिंदे की शिवसेना को मुश्किल का सामना करना पड़ सकता है। माना जा रहा है कि इस पर मंत्रणा के लिए एकनाथ शिंदे दिल्ली आए थे।

चर्चाएं हो रही हैं कि राज्य में होने वाले आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में ठाकरे बंधु एक साथ आ सकते हैं। इससे चुनावी मूड में बीजेपी भी सतर्क है। बताया जा रहा है कि बीजेपी ने एक आंतरिक सर्वेक्षण कराया है कि अगर राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे एक साथ आते हैं तो महाराष्ट्र में एनडीए को कितना नुकसान होगा।

### पटरी से उतरी मालगाड़ी, मुंबई-पुणे रेल यातायात हुआ बाधित

मुंबई। मुंबई-पुणे रेलमार्ग के खंडाला घाट पर मंकी हिल के पास एक मालगाड़ी के डिब्बे के पहिए उतर जाने से मुंबई से पुणे जाने वाला रेल यातायात बाधित हो गया है। खबर है कि पुणे जाने वाली एक मालगाड़ी के सुरक्षा गार्ड के डिब्बे के पहिए उतर जाने से घाट पर पुणे की ओर जाने वाला यातायात रोक दिया गया है। इसके कारण चेन्नई एक्सप्रेस, जोधपुर-हडपसर एक्सप्रेस, दिल्ली जयपुर एक्सप्रेस ट्रेनें देरी से चल रही हैं। जबकि अन्य ट्रेनों को दूसरे रूट पर डायवर्ट किए जाने की जानकारी सामने आई है। इसके अलावा, कर्जत और पलसधरी मार्गों पर मुंबई से पुणे जाने वाली मेल, एक्सप्रेस, पैसेंजर ट्रेनें और मालगाड़ियां रोक दी गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कर्जत और लोनावला के बीच एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई।

## मीडिया की अटकलें कुछ भी हों पर कर्नाटक में सीएम का पद खाली नहीं- सिद्धारमैया

नई दिल्ली। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने राज्य में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर चल रही अटकलों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने भरोसा दिलाते हुए कहा कि ये सब मीडिया की देन है, इसका कांग्रेस पार्टी के भीतर कोई आधार नहीं है। कांग्रेस विधायकों द्वारा नेतृत्व परिवर्तन को लेकर दिए गए कुछ बयानों पर उन्होंने कहा कि यह व्यक्तिगत राय हो सकती है, लेकिन पार्टी का आधिकारिक निर्णय नहीं।उन्होंने कहा कि उनकी राहुल गांधी से मुलाकात की कोई योजना नहीं है, लेकिन वह रणदीप सुरजेवाला से मुलाकात करेंगे, जिसमें एमएलसी और राज्य की विभिन्न बोर्ड/निगमों में नियुक्तियों पर चर्चा होगी। सिद्धारमैया ने कहा, हमने स्पष्ट कर दिया है कि मुख्यमंत्री पद खाली नहीं है। मैं ही मुख्यमंत्री हूं। उन्होंने कहा कि अगर डीके शिवकुमार या कोई अन्य विधायक मुख्यमंत्री बनने की आकांक्षा रखते हैं, तो इसमें कुछ गलत नहीं है। कैबिनेट फेरबदल को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने साफ कहा कि इस पर कोई चर्चा नहीं हुई है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान सिद्धारमैया ने कहा कि कांग्रेस के कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला द्वारा विधायकों से मुलाकात का उद्देश्य नेतृत्व परिवर्तन नहीं था।



उन्होंने बताया कि पार्टी हाईकमान ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री, दोनों को पार्टी के फैसले का पालन करना होगा और दोनों नेता इसके लिए तैयार हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने दो साल से अधिक का कार्यकाल पूरा कर लिया है, इसलिए शक्ति-साझेदारी पर चर्चा स्वाभाविक है, लेकिन किसी तरह का समझौता या निर्णय नहीं हुआ है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब उन्होंने हाल ही में साफ-साफ कहा कि वह पूरे पांच साल के लिए मुख्यमंत्री रहेंगे, तो फिर मीडिया में इस तरह की बेबुनियाद खबरें क्यों चल रही हैं? सिद्धारमैया ने यह भी कहा कि उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार खुद भी कह चुके हैं कि मुख्यमंत्री पद खाली नहीं है।

### केरल में खड़ा ब्रिटिश एफ-35 विमान, अगले हफ्ते भरेगा उड़ान!

नई दिल्ली। पिछले 27 दिनों से केरल के तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर फंसा ब्रिटेन का एफ-35बी लड़ाकू विमान अगले हफ्ते वापस जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अगले सप्ताह तक इसकी मरम्मत पूरी हो सकती है। एक भारतीय अधिकारी ने बताया कि ब्रिटिश इंजीनियरों की एक टीम हाइड्रोलिक खराबी को ठीक कर रही है। उम्मीद है कि कुछ दिनों में विमान उड़ान भर सकेगा। बता दें केरल में फंसा ब्रिटेन का यह फाइटर जेट पांचवीं पीढ़ी का विमान है। इसकी कीमत 115 मिलियन यूएसडी से भी ज्यादा है। 14 जून से यह विमान केरल के एयरपोर्ट पर ही खड़ा है। खराब मौसम और कम ईंधन के कारण इसे रॉयल नेवी के विमानवाहक पोत एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स से हटा दिया गया था।

### उदयपुर फाइल्स को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका खारिज

नई दिल्ली,। उदयपुर फाइल्स फिल्म की रिलीज कांवड़ यात्रा तक रोकने की मांग वाली याचिका को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के बाद फिल्म की रिलीज से जुड़ा मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में सुनवाई से इंकार कर याचिका को खारिज कर दिया।

दरअसल उदयपुर फाइल्स फिल्म शुक्रवार को ही रिलीज होनी थी। यह कन्हैया लाल हत्याकांड पर आधारित है। 28 जून, 2022 को उदयपुर में मोहम्मद रियाज अत्तारी और गौस मोहम्मद ने मिलकर दर्जी कन्हैयालाल का गला रेत दिया था। इस हत्याकांड के बाद पूरे देश में आक्रोश देखा गया था।

हालांकि इस फिल्म की रिलीज पर दिल्ली हाईकोर्ट ने अस्थायी रूप से रोक लगाई। यह रोक तब तक लागू रहेगी जब तक केंद्र फिल्म को सेंसर बोर्ड से मिली मंजूरी के खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिका पर निर्णय नहीं ले लेती। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति अनीश दयाल की पीठ मामले में कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाओं में एक याचिका जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने भी दायर की थी।

## पहले हरियाणा अब हिमाचल प्रदेश में भूकंप से हिली धरती

शिमला। हरियाणा के बाद अब हिमाचल प्रदेश में मानसून की बारिश के बीच भूकम्प के झटके लगे हैं। पर्वतीय जिला चम्बा में शुक्रवार सुबह भूकम्प के हल्के झटकों से धरती हिली। भूकम्प की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.5 रही। ये झटके सुबह 6 बजकर 23 मिनट पर कुछ सेकंड तक रहे। इसका असर चम्बा जिला व आसपास के इलाकों में महसूस किया गया। बता दें कि हिमाचल प्रदेश भूकम्प की दृष्टि से अति संवेदनशील जोन 4 व 5 में शामिल है। यहां कई वर्षों से भूकम्प के हल्के झटके महसूस किए जाते रहे हैं। वर्ष 1905 में कांग ?ा व चम्बा जिलों में आये विनाशकारी भूकंप से 10 ह ?ार से अधिक लोग मारे गए थे।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक भूकम्प का केंद्र चम्बा में 32.36 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 76.18 डिग्री पूर्वी देशांतर पर रहा और इसकी गहराई जमीन की सतह से पांच किलोमीटर नीचे दर्ज किया गया। भूकंप के झटकों के कारण किसी तरह का जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि भूकम्प की तीव्रता कम होने की वजह से चम्बा जिला व साथ लगते क्षेत्रों में किसी तरह के नुकसान की रिपोर्ट नहीं है। इससे पहले भी चम्बा जिला में कई बार कम तीव्रता के भूकम्प के झटके लग चुके हैं। हालांकि किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ था। हिमाचल प्रदेश में पिछले कई सालों से भूकम्प के झटके लग रहे हैं। भूकंप का लगातार आना लोगों को दहशत में डाल रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आज भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। आगामी 16 जुलाई तक राज्य के कुछ जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। राजधानी शिमला सहित अन्य इलाकों में आज बादल छाए हैं, हालांकि बीती रात बारिश हुई।

## महाराष्ट्र में एनडीए सरकार के होते हिंदुओं का कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता

### -मंत्री नितेश राणे ने राज ठाकरे को भी दिया चैलेंज

मुंबई,। महाराष्ट्र सरकार के मंत्री नितेश राणे ने कहा है कि महाराष्ट्र में एनडीए सरकार होते हुए हिंदुओं को कोई नहीं डरा सकता। हम हिंदुओं के चौकीदार हैं। हम भी यहां खड़े हुए हैं। राणे ने शुक्रवार को मुंबई के बोरीवली में एक परियोजना का भूमिपूजन करने के बाद कहा की हमारी सरकार रहेगी, तभी देवताओं की रक्षा होगी। मुंबई का डीएनए हिंदू है और अब नगर निगम में सिर्फ भगवा झंडा ही रहेगा। उन्होंने कहा कि मैं हिंदुओं के वोट से विधायक बना हूं। अगर मैं हिंदुओं की बात नहीं करूंगा तो किसकी करूंगा? मालवणी जाकर देखो, पहले वो कुछ दे भाऊ कहेंगे, फिर वही लोग तुम्हें बाप बनाने की कोशिश करेंगे। ये सांप हैं। बाद में मीडिया से बात करते हुए नितेश राणे ने मनसे प्रमुख राज ठाकरे चैलेंज किया। मीरा रोड में राज ठाकरे की सभा पर राणे ने कहा कि सभी मदरसों से उर्दू हटाकर वहां मराठी अनिवार्य करो, तभी हमें यकीन होगा कि आपको महाराष्ट्र और मराठी से सच्चा प्यार है। सिर्फ दिखावटी मराठी बोलकर ढोंग करने की कोशिश मत करो, सबको सब समझ में आता है।

### तेलंगाना के बीजेपी विधायक टी राजा का इस्तीफा मंजूर, पार्टी महासचिव ने दी जानकारी

नई दिल्ली। बीजेपी ने तेलंगाना के गोशामहल से विधायक टी राजा सिंह का इस्तीफा औपचारिक रूप से स्वीकार कर लिया है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उनके इस्तीफे को तत्काल प्रभाव से मंजूरी दे दी है। बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की ओर से शुक्रवार को टी राजा सिंह को जारी एक आधिकारिक पत्र में यह जानकारी दी गई।

जानकारी के मुताबिक पत्र में कहा गया है यह पत्र आपके द्वारा 30 जून 2025 को जी किशन रेड्डी, अध्यक्ष, बीजेपी तेलंगाना राज्य को दिए गए त्यागपत्र के संदर्भ में है। पत्र राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के संज्ञान में लाया गया है। आपने अपने पत्र में जो बातें कही हैं, वे पार्टी की कार्यप्रणाली, विचारधारा और सिद्धांतों से मेल नहीं खाती हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार आपका इस्तीफा स्वीकार किया जाता है। बता दें टी राजा सिंह अक्सर अपने विवादित बयानों और हिंदुत्व समर्थक रुख के लिए सुर्खियों में रहते हैं। उन्होंने 30 जून को पार्टी नेतृत्व को पत्र लिखकर अपना इस्तीफा दे दिया था। उनका यह फैसला रामचंदर राव को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने की मीडिया रिपोर्ट्स के बाद सामने आया था।

## काम में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों और ठेकेदारों को छोड़ने वाला नहीं

नई दिल्ली। गुजरात के वडोदरा जिले में महिसागर नदी पर बने पुल के ढहने की घटना के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। बढ़ते पुल हादसों के बीच केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि वे काम में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों और ठेकेदारों के पीछे लग गए हैं। इतना ही नहीं उन्होंने कहा है कि दुर्भावनापूर्ण गलतियों पर ठोक देना चाहिए।



मंत्री गडकरी ने कहा, एक्सीडेंट अलग चीज है और जो काम करते समय बेईमानी और फ्रॉड करते हैं, वहां दूसरी चीज है। अगर गलती जानबूझकर नहीं की गई हो तब माफ कर देना चाहिए, लेकिन अगर गलती दुर्भावनापूर्ण की गई हैं, तब ठोक देना चाहिए। एक कार्यक्रम में उन्होंने यह टिप्पणी की।

काम के रवैये को लेकर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि वह गड़बड़ होने पर जिम्मेदारों को डांट लगाते हैं। उन्होंने कहा, अगर कोई गड़बड़ हुई रोड पर तब छोड़ता नहीं हूं। अभी मेरा टारगेट है, 7 वर्ल्ड रिकॉर्ड हुए, अब मैं ठेकेदार और अधिकारियों के पीछे लगूंगा। ये मेरे देश की संपत्ति है, मैं इसके साथ समझौता नहीं करूंगा। एक एक रोड में मेरे घर की दीवार है। जितनी चिंता मुझे मेरे घर की है, उतनी जिम्मेदारी मेरी उस रोड के साथ है। इसके साथ समझौता नहीं करूंगा।

गुजरात पुल हादसा महिसागर नदी पर बने पुल के ढहने की घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 18 हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल पर खोज एवं बचाव अभियान रात के लिए रोक दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह अभियान शुक्रवार सुबह फिर से शुरू होगा क्योंकि दो व्यक्ति अब भी लापता हैं।

## कोर्ट ने 1 दिन की सजा सुनाते हुए कहा- 40 साल मुकदमा लंबित रहना ही अपने आप में सजा

नई दिल्ली। 1984 में एसटीसी के चीफ मार्केटिंग मैनेजर सुरेंद्र कुमार को एक फर्म से 15 हजार रुपये रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। अब दिल्ली हाईकोर्ट ने भ्रष्टाचार मामले में दोषी 90 वर्षीय सुरेंद्र कुमार की सजा घटाकर एक दिन कर दी। जस्टिस जसमीत सिंह की बेंच ने स्वॉर्ड ऑफ डैमोकल्स को एक उदाहरण के रूप में इस्तेमाल करते हुए कहा कि लगभग 40 सालों तक मुकदमा लंबित रहना ही अपने आप में एक सजा थी।

जस्टिस जसमीत सिंह की बेंच ने माना कि अपीलकर्ता वृद्ध है और गंभीर बीमारियों से पीडति है, ऐसे में कारावास से उसे स्थायी क्षति हो सकती है। अदालत ने कहा कि शीघ्र सुनवाई के संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन हुआ है। बेंच ने सजा की अवधि कम करते हुए अपील आंशिक रूप से स्वीकार की और उसे पहले से पूरी हुई सजा मान लिया। दरअसल, 1984 में एसटीसी के चीफ मार्केटिंग मैनेजर सुरेंद्र कुमार को एक फर्म से 15 हजार रुपये रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें बाद में जमानत मिल गई। 2002 में सत्र अदालत ने उन्हें दोषी ठहराते हुए तीन साल की सजा और 15 हजार का जुर्माना लगाया। उन्होंने फैसले के खिलाफ अपील की। आरोप था कि सुरेंद्र कुमार ने 140 टन सूखी मछली के ऑर्डर के बदले रिश्वत मांगी थी। शिकायतकर्ता हामिद ने सीबीआई को सूचना दी, जिसके बाद छापेमारी में सुरेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया गया था। हाईकोर्ट ने पाया कि दोषी ने 2002 में अदालत द्वारा लगाए गए 15 हजार रुपये की जुर्माना राशि जमा कर दी है। बेंच ने कहा कि 1984 की यह घटना चार दशक तक चली। निचली अदालत में फैसला आने में 19 साल लगे और अपील 22 साल लंबित रही। यह देरी संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है। आरोपी भारतीय राज्य व्यापार निगम (एसटीसी) का पूर्व अधिकारी है। अब दोषी को एक दिन के लिए जेल में रखा जाएगा।

# सावन मास के चलते शिवालयों में की जा रही विशेष तैयारी

## पहले सोमवार को उमड़ेगा भक्तों का जनसैलाब, प्रथम दिन शिवलिंग का कराया जलाभिषेक, हर सोमवार को निकाली जाएगी कावड़ यात्राएं

बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। भगवान शिव की आराधना का पावन महीना सावन शुक्रवार से शुरू हो गया है। इस पवित्र मास में भगवान शिव की आराधना की जाती है। जिलेभर के शिवालयों में श्रद्धालुओं के लिहाज से व्यवस्थाएं की जा रही है। मंदिर परिसर को भी रंग रोंगन कर सजाया जा रहा है। शहर के शंकरघाट स्थित शिव मंदिर में भी सावन के पहले दिन श्रद्धालु पहुंचे।जिन्होंने भगवान शिव की आराधना कर शिवलिंग का जलाभिषेक करवाया। वहीं पहले सावन सोमवार पर शहर के सभी शिव मंदिरों में बड़ी संख्या में शिव भक्तों के पहुंचने का अनुमान है।बताया गया कि 14 जुलाई सोमवार को प्रथम सावन सोमवार पर भगवान शिव का जलाभिषेक कर उनकी पूजा अर्चना की जाएगी।





### भगवान शिव की आराधना शुरू

सावन मास के प्रथम दिन भी सुबह 6 बजे से ही मंदिरों में भक्त दिखाई दिए। सुबह स्नान करने के बाद श्रद्धालु पूजा करने मंदिरों में पहुंचे। खासकर शहर के शंकरघाट स्थित शिवमंदिर, मृत्युंजय घाट के अलावा लांजी कोटेश्वर धाम, धनसुआ गोंसाईं मंदिर व अन्य शिवालयों में पूजन अर्चन और धार्मिक अनुष्ठानों का दौर शुरू हो गया है। भक्तों ने शिवलिंग पर बेलपत्र, धतूरा, चंदन, अक्षत, शमीपत्र आदि शुभ वस्तुएं चढ़ाई और बम बम भोले के जयकारें लगाए।

### इन मंदिरों में रही भीड़

शहर के शंकरघाट, बूढ़ी शिव मंदिर, बैहर चौकी समीप स्थित शिव मंदिर सहित अन्य शिव मंदिरों में जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालु नजर आए।हालाकि पहले दिन भीड़ कम रही।बताया गया कि पहले सावन सोमवार से शिव महाभिषेक, महामृत्युंजय के जाप और रुद्राभिषेक का दौर शुरू हो जाएगा।

### कावड़ यात्रा का शुरू हुआ दौर

सावन के महीने में भगवान शिव की विशेष पूजा अर्चना करने का अलग ही महत्व है। शास्त्रों के अनुसार इस माह भोलेनाथ की पूजा अर्चना कावड़ यात्रा निकाल जल चढ़ाने से भगवान प्रसन्न होते है। यही वजह है कि पहले सोमवार से ही कावडियों की पैदल यात्रा, जल चढ़ाने की तैयारियां शुरू कर दी गई है। शहर के नर्मदा नगर, गुजरी शिव साईं मंदिर से ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद चंद तिवारी के नेतृत्व में हर वर्ष कावड़िए कावड़ लेकर पैदल निकलते हैं। इस वर्ष भी शंकरघाट पहुंचकर कावड़ में जलभर शिवलिंग का जलाभिषेक करवाने की तैयारी की गई है। आगामी सोमवार से कावडियों की संख्या में इजाफा होगा। शहर के कुछ कावड़िए पैदल लांजी कोटेश्वर धाम के लिए भी रवाना होते हैं।

### सुरक्षा के दिखे पुख्ता इंतजाम

सावन माह की शुरूआत होने और मंदिरों में सुबह से लेकर देर रात तक पूजा अर्चना का दौर होने के चलते शहर के तमाम शिव मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम देखने को मिले। पुलिस व्यवस्था मुस्तैद नजर आई। सभी मंदिरों में महिला और पुरुष पुलिसकर्मी श्रद्धालु भक्तों को सुरक्षा प्रदान करते है।

# प्रगतिशील कुनबी समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह 14 को

बालाघाट(पद्मेश न्यूज) । प्रगतिशील कुनबी समाज। के 34 वे स्थापना दिवस पर प्रगतिशील कुनबी समाज द्वारा आगामी14 जुलाई को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है।जिसमे समाज के कक्षा 10वी और 12वी के 75प्रतिशत एवं उससे अधिक प्रतिशत प्राप्त प्रतिभावान छात्र छात्राओं का किया जाएगा।समाज का स्थापना दिवस व सम्मान समारोह का यह आयोजन 14 जुलाई दिन सोमवार को शिवाजी सांस्कृतिक सामाजिक कुनबी समाज भवन में आयोजित किया जायेगा ।उक्त कार्यक्रम हेतु प्रगतिशील कुनबी समाज महासचिव श्रीराम दानी एवं कार्यकारी अध्यक्ष शिवशंकर शिवणकर द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि समाज की स्थापना कार्यक्रम के पश्चात से समाज के छात्र छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम जिसमें कक्षा दसवी एवं बारहवी के सर्वाधिक अंक एंव प्रतिशत, प्रथम द्वितीय एवं तृतीय छात्र छात्राओं को नगद धन राशि एंव स्व. मनीराम शिवणकर स्मृति स्वरूप मोमेन्टों प्रदान किया जावेगा।साथ ही समाज की स्थापना 14 जुलाई वर्ष 1991 को समाज के विचारवान स्व इशुलाल लानगे, स्व. मारोतीराव सिलारे, स्व. क्रांतिकुमार धोरे, स्व यशवंतराव खोंगल, स्व टीकाराम भगत, स्व. गेंदलाल भूते, स्व एनएल पंचबुद्धे, स्व बेनीराम तितरमारे, स्व. डॉ0 युवराज लानगे, स्व. एल बी बढई, स्व तानबा बह्ले, स्व गिरीश भुते एवं अन्य विचारवान समाज बंधुओं की चिर स्मृति को ताजा किया जावेगा।आपने सभी मण्डल अध्यक्षों एवं जिले के ग्रामों के पालक, अभिभावक, छात्र छात्राओं से अपील है कि सभी 75 प्रतिशत के उपर के अंकसूची अनिवार्य रूप से प्रमुख पदाधिकारियों एवं मण्डल अध्यक्षों के पास जमा करा दें।कार्यक्रम की सफलतार्थ समस्त मण्डल अध्यक्ष दिलीप बहेकार बालाघाट, दिनेश फुण्डेकर लालबर्रा, ताराचंद डायरे वारासिवनी, दिनेश लाडे लांजी,शिवचरण घोरमुड़े भानेगावं, प्रेमलाल हाथिमारे किरनापुर, सेवक कुथे रजेगावं, घनश्याम फुण्डे लिंगा, विजय कठियार बैहर, कामेश्वर ढबाले, संजय डायरे खैरलांजी, सेवकराम ठौकर, गजानन बह्लेय कटंगी, प्रभु एस बुड्डेकर, इठोबा गायधने, लेखेश्वर बह्लेय, मोहन थेरकर, अन्तराम थेरकर, टी सी भागड़कर, पूरूषोत्तम अंगुरे, श्रीपाल अंगुरे, जयप्रकाश बेदरे, शैलेन्द्र बेदरे, संतोष कुथेकर, दिगम्बर दानी, खगेश कावरे, अखिलेश खोटेले, पिताम्बर दानी, डी एल बेदरे, दयाराम कामडे प्रयासरत है।

# जैन समाज द्वारा नगर में निकाली गई शोभायात्रा

## सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं नन्दीश्वर विधान का किया समापन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज) । सकल दिगंबर जैन समाज,पदाधिकारियो द्वारा जिला मुख्यालय में श्री 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं नन्दीश्वर विधान का धार्मिक आयोजन किया गया। इस आयोजन की शुरुआत नगर में एक जुलाई से की गई थी।जिसके तहत रोजाना ही विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन कर इसका समापन 11 जुलाई को शोभायात्रा के साथ किया गया।

### ध्वज वाहन रैली से हुई थी शुरुआत

श्री 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं नन्दीश्वर विधान को लेकर सुरभि जैन ने बताया कि इस आयोजन की शुरुआत एक जुलाई की गई। इस दिन महावीर भवन से ध्वज वाहन रैली निकाली गई और सवा लाख मंत्र



का जाप किया जाएगा। जिसके बाद दो जुलाई से दैनिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जो कि आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में हुए। जिसमें घटयात्रा, देवाज्ञा,गुरुआज्ञा, आचार्य निमत्रंण, अभिषेक, शांतिधारा, सकलीकरण, ध्वजारोहण, इन्द्रप्रतिष्ठा, मंडल शुद्धि, मंडप प्रतिष्ठा व संगीतमय पूजन हुआ। वहीं तीन जुलाई को सिद्धचक्र विधान शुभारंभ, अभिषेक, शांतिधारा, पूजन एवं सिद्धचक्र महामंडल विधान अर्घ और समापन 11 जुलाई को शोभा यात्रा निकालकर किया गया। यह शोभा यात्रा नूतन कला निकेतन से निकाली गई और सुभाष चौक,नावेल्टी हाउस,रामगली,कालीपुतली चौक,आचार्य विद्यासागर मार्ग, महावीर चौक से होते हुए आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंची।यहां शोभा यात्रा का समापन किया गया।

# पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने भरवेली में नवनिर्मित पंचायत भवन का किया लोकार्पण

## 5000 से अधिक आबादी वाली पंचायत में बनेंगे 02 सामुदायिक भवन - मंत्री श्री पटेल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज) । मध्य प्रदेश में जिन ग्राम पंचायत की आबादी 05 हजार से ज्यादा है वहां पर दो सामुदायिक भवन बनाए जाएंगे। 10 से 12 ग्राम पंचायतों के क्लस्टर में क्लस्टर वाली ग्राम पंचायत में उपयंत्री का कार्यालय बनाया जाएगा। यह बातें मध्य प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने 11 जुलाई को बालाघाट जनपद पंचायत के ग्राम भरवेली में 64 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित सर्व सुविधायुक्त ग्राम पंचायत भवन के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम पंचायत भवन के परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी एवं समाज सेविका माता सावित्री बाई फुले की प्रतिमा का अनावरण किया और विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। कार्यक्रम में कलेक्टर मृणाल मीणा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा लिल्हारे, जनपद अध्यक्ष फूलचंद सहारे, उपाध्यक्ष शंकर लाल बिसेन, जिला पंचायत सदस्य डुलेन्द्र ठाकरे, सरपंच श्रीमती गीता अनिल बिसेन, अभय सेठिया, आनंद कोछड़, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे। मंत्री श्री पटेल ने इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भरवेली की इस ग्राम पंचायत भवन के लोकार्पण का कार्यक्रम मेरे लिए आज एक यादगार का दिन बन गया है। देश के विकास की रीढ़ माने जाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री श्री वाजपेयी जी एवं महान समाजसेवी सावित्री बाई फुले की प्रतिमा का अनावरण करने का अवसर मुझे मिला है। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल जी के प्रयासों से देश के गांव को डामर की पक्की सड़कों से जोड़ा गया है । इस काम के लिए उन्होंने कोई टैक्स नहीं लगाया बल्कि पेट्रोल और डीजल पर सेस लगाकर इस योजना के लिए राशि का इंतजाम किया था। उनके द्वारा प्रारंभ की गई यह योजना आज भी फलीभूत हो रही है। माता सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं की शिक्षा के लिए जो काम किया है उसे भुलाया नहीं जा सकता है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि भरवेली एक सक्षम ग्राम पंचायत है और इसके पास पैसा भी अधिक है। सरपंच श्रीमती गीता बिसेन के प्रयासों से ग्राम पंचायत में सर्व सुविधायुक्त एक अच्छा भवन बनाया गया है । इसका लाभ आने वाले कई वर्षों तक मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कोई भी ग्राम पंचायत ऐसी नहीं रहेगी जिसमें उसका अपना ग्राम पंचायत भवन ना हो। प्रदेश में चरण बद्ध रूप से ग्राम पंचायत भवन बनाए जा रहे हैं और उनके साथ ही सामुदायिक भवन भी दे रहे हैं । जिन ग्राम पंचायतों की आबादी 05 हजार से अधिक है वहां पर दो सामुदायिक भवन दिए जा रहे हैं। भरवेली को भी इसका लाभ मिलेगा। मंत्री श्री पटेल ने जल गंगा संवर्धन अभियान में बालाघाट जिले के प्रदेश में तृतीय स्थान पर आने के लिए सराहना करते हुए कहा कि बालाघाट जिले ने इस अभियान में अच्छा कार्य किया है। इसके लिए यहां का प्रशासन एवं जन-प्रतिनिधि बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 15 जुलाई से 15 अगस्त तक सरकारी भूमि पर पौधारोपण का अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में पौधे लगाने के साथ ही उनके जीवित रहने की गारंटी भी ली जाएगी। पौधे अपने स्थान पर लगाए जाएंगे जहां पर उनकी सुरक्षा के लिए फेंसिंग की व्यवस्था होगी और गर्मियों के दिनों में पानी की व्यवस्था होगी। 15 अगस्त से 15 सितंबर तक एक बगिया मां के नाम अभियान चलाया जाएगा और इसमें ऐसे महिला समूह जिनके पास 01 एकड़ भूमि उपलब्ध है उस पर फलों के पौधे लगवाए जाएंगे। इसके लिए महिला समूह को पहले वर्ष 02 लाख रुपए, दूसरे वर्ष 52 हजार रुपए एवं तीसरे वर्ष 48 हजार रुपए की राशि उनके कार्य की प्रगति पर दी जाएगी । इस अभियान का उद्देश्य पौधे लगाने के साथ ही रोजगार सृजित करना भी है। इस अभियान में जो काम कराया जाएगा उसका मूल्यांकन भी किया जाएगा।





## नोटिस

प्रति,

शिवराम बापुरे पिता रामचन्द बापुरे जाति लोधी निवासी ग्राम बोलेगांव तह. लांजी जिला बालाघाट म0प्र0

हमारे पक्षकार धर्मेन्द्र कर्राहे पिता श्री श्यामसुंदर कर्राहे जाति लोधी निवासी वार्ड नं. 11, भिलाई रोड लांजी तह. लांजी जिला बालाघाट म0प्र0 की ओर से विधिवत प्राधिकृत होकर उसके निर्देशानुसार यह नोटिस आपको सूचनार्थ अखबार में प्रकाशित है-

1. यह कि आपको धान खरीदी व्यवसाय के लिये रूपयो की जरूरत होने के कारण आपके द्वारा हमारे पक्षकार से चिल्हर-चिल्हर कर नगदी रकम 6,51,000 /- रूपये (छः लाख इक्यावन हजार रूपये) माह जनवरी 2020 में प्राप्त की गई जिसे दिनांक 31.03. 2021 तक वापस करना था किंतु दिनांक 31.03.2021 तक आपके द्वारा उक्त राशि वापस नही की गई तथा राशि को अदा करने अतिरिक्त दो वर्ष का समय मांगा तथा उक्त राशि आवश्यक रूप से दिनांक 17.03.2023 तक अदा कर देने अथवा आपकी पैतृक संपत्ति जो कि ग्राम बोलेगांव में खसरा नं0 447/1 रकबा 0.251 हे0 भूमि हमारे पक्षकार को विक्रय की गई मानी जावेगी तथा समायोजन पश्चात जो राशि बचेगी उसके देनदार आप होगे जिस हेतु आपके भाई भी सहमत होते हुए आपने दिनांक 31.03.2021 को स्टाम्प पर इकरारनामा विधिवत् निष्पादित कर दिया था, उक्त अनुबंध में नियत तिथि के एक-दो माह पूर्व से ही हमारे पक्षकार द्वारा आपसे उक्त राशि वापस करने बार-बार निवेदन किया जाता रहा, किंतु आपके द्वारा बार-बार समय लिया जाता रहा इस बीच आप कमाने खाने हैदराबाद चले गए और जब आप अपने घर शादी में अप्रेल 2025 मे आये थे, तब हमारे पक्षकार द्वारा आपसे दिनांक 15.04.2025 को मिलकर उक्त राशि तत्काल लौटाने निवेदन किया, तब आपके द्वारा हमारे पक्षकार को अपने बैंक, बैंक आफ महाराष्ट्र शाखा लांजी (रिसेवाडा) जिला बालाघाट का अपने खाता क्रमांक 60310864031 का चेक क्र0 044457 राशि 3,00,000/- रूपये का दिनांक 11.06.2025 का एवं एक अन्य चेक अपने बैंक, बैंक आफ महाराष्ट्र शाखा लांजी (रिसेवाडा) जिला बालाघाट का अपने खाता क्रमांक 60310864031 का चेक क्र0 044456 राशि 3,51,000 /- रूपये का दिनांक 13.06.2025 का प्रदाय कर चेक मे उल्लेखित दिनांक अथवा उसके पश्चात अपने खाते में जमा कर राशि प्राप्त कर लेने कहा।

2. यह कि आपके द्वारा हमारे पक्षकार को प्रदत्त उक्त उल्लेखित दोनो चेक को हमारे पक्षकार द्वारा अपने बैंक में जमा किया था, किंतु आपके खाते में पर्याप्त राशि नहीं होने के कारण उक्त दोनो चेक अनादृत हो गए जिस कारण दिनांक 13.06.2025 को ही हमारे पक्षकार के उक्त बैंक द्वारा उक्त दोनो चेक आपके खाते मे पर्याप्त राशि नहीं होने की टीप के साथ सूचना ज्ञापन हमारे पक्षकार को उसके बैंक द्वारा दी गई।

3. यह कि इस तरह आपका उक्त कृत्य स्पष्टतः निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट एक्ट की धारा 138 एवं भारतीय न्याय संहिता के तहत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है। उक्ताशय का नोटिस आपके पते पर दिनांक 02/07/2025 को प्रेषित किया गया था किंतु उक्त नोटिस का लिफाफा वापस प्राप्त हो गया इसीलिए यह सूचना प्रकाशित है।

अतः इस नोटिस प्रकाशन द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप इस नोटिस प्रकाशन के 15 दिनो की निर्धारित अवधि में उक्त उल्लेखित दोनो चेक की राशि कुल 6,51,000/- (छः लाख इंकावन हजार रूपये) हमारे पक्षकार को नोटिस प्राप्ति के विहित 15 दिनों में अदा कर रसीद प्राप्त कर लें अन्यथा मजबूरन हमारे पक्षकार को सक्षम न्यायालय में आपके विरूद्ध आपको कारावास से दंडित किये जाने एवं उक्त दोनो चेक की राशि एवं उतनी ही राशि की हर्जाना राशि सहित वसूलने हेतु निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट एक्ट के तहत परिवाद प्रस्तुत करने हेतु विवश होना पडेगा।

**पक्षकार के अधिवक्ता**
**खगेन्द्र चुरहे, अधिवक्ता**
**कार्यालय एवं निवास**
**वार्ड नं0 32, मोती नगर, बालाघाट म0प्र0**
**मो0नं0 9713994901,9425875839**


# अस्मिता खेलो इंडिया वूमेंस लीग के लिए बालाघाट की टीम इंदौर रवाना

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। पेंचक सिलाट एसोसिएशन बालाघाट के सचिव प्रवीण नन्हेट द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इंदौर में आयोजित अस्मिता खेलो इंडिया वूमेंस लीग के चयन हेतु बालाघाट के 7 महिला खिलाड़ियों की टीम कोच प्रवीण नन्हेंट के साथ इंदौर के लिए 11 जुलाई को रवाना हुई। इंदौर में यह प्रतियोगिता चमेली देवी इंस्टीट्यूट में दिनांक 12 से 13 जुलाई तक स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के निगरानी में आयोजित की जाएगी। जिसमें बालाघाट कि खिलाड़ी खनक शर्मा (7 वर्ष) ,अनिका चौहान (12 वर्ष),तनी बत्रा (11 वर्ष),सलोनी पांचे (16 वर्ष) ,छाया नारावास (40-45 की.ग्रा), संगीता मराठा(50-55 कि.ग्रा) निधि नन्हेट (45-50 कि.ग्रा) अपने-अपने आयु वर्ग और भार वर्ग में भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में सिंगा, मैकेन, प्री टीन, प्री जूनियर, जूनियर एवं सीनियर साथ ही आर्टिस्टिक इवेंट में महिला खिलाड़ी अपने अपने कैटेगरी के इवेंट में भाग लेंगे। इसमें चयनित खिलाड़ी आगामी अस्मिता खेलो इंडिया वूमेंस लीग की वेस्ट जोन एवं उसमें चयनित होने के बाद खेलो इंडिया की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलेंगे।उन्होंने बताया कि अस्मिता (महिलाओं को प्रेरित करके खेल की उपलब्धियां हासिल करना) लीग और प्रतियोगिता के माध्यम से महिलाओं के बीच खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया के जेंडर-न्यूट्रल मिशन का हिस्सा है। इसमें खिलाडियों को पुरस्कार राशि भी दी जाती है यह कार्यक्रम महिला खिलाड़ियों को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न खेल विधाओं में लीग और टूर्नामेंट आयोजित करता है।11 जुलाई की सुबह 8 बजे पेंचक सिलाट टीम कोच प्रवीण नन्हेट के साथ रवाना हुई मौके पर मौजूद पेंचक सिलाट एसोसिएशन बालाघाट के सभी पदाधिकारी, एकलव्य एकेडमी की टीम एवं सभी पालकगण महेश चौहान, मेघा चौहान, पल्लवी शर्मा, कमलेश शर्मा, आशीष सोनकर, भावना सोनकर, कार्तिक तितरमारे, सारुण सोनवाने, और मनीष बेंद्रे, सहित अन्य ने खिलाड़ियों को शुभकामनाओं के




**आवश्यकता है**
दुकान में कार्य करने हेतु लड़कियों की आवश्यकता है
पता-ललित इंटरप्राइजेस
आजाद चौक, बालाघाट
मो. 7987292226

**बेचना है**
पूर्णतः सुसज्जित दुकान
(कास्मेटिक्स गारमेंट्स ज्वेलरी)
का सामान फर्नीचर सहित बेचना है
क्वीन्स फैशन
गौली मोहल्ला, बालाघाट
मो. 9926329401, 7746881529

**आवश्यकता है**
ऐश्वर्य कम्पयुटर में
• कम्प्युटर टीचर्स - 03 पद
• टैली टीचर्स - 02 पद
• स्टेनो टीचर्स - 02 पद
• ऑफिस कार्य - 02 पद
इच्छुक युवक-युवती सम्पूर्ण बॉयोडाटा इंस्टीट्यूट में जमा कर सकते है
वेतन-योग्यतानुसार
पता-ऐश्वर्य कम्प्युटर
पानी टंकी के पास, पुराना रोजगार कार्यालय के सामने बूढ़ी, बालाघाट (म.प्र)
7691909255, 9424663575

**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली**
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध

निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# पंचों को थाने में नजर बंद करने पर भरवेली थाने में जमकर चलते रहा हंगामा

## विधायक ने भी पंचों के साथ थाने में दिया धरना, पंचायत भवन के लोकार्पण से पहले 15 पंचों को थाने में किया गया था नजर बंद

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। जिला मुख्यालय से लगी हुई ग्राम पंचायत भरवेली के नवनिर्मित भवन का 11 जुलाई को लोकार्पण होना था। लोकार्पण कार्यक्रम के पहले ही ग्राम पंचायत भरवेली के 15 पंचों को पुलिस ने थाने में ले जाकर नजर बंद कर दिया। इसके बाद से ही पंचों के समर्थकों द्वारा नजर बंद हुए पंचों को छुड़वाने प्रदर्शन शुरू कर दिया गया। यहां कुछ अलग-अलग संगठनों के पदाधिकारीयों ने थाने तक रैली लाकर पंचों के समर्थन में नारेबाजी की । लोकार्पण कार्यक्रम खत्म होते ही पंचों को थाने से छोड़ दिया गया । इसके बाद बालाघाट विधायक भी भरवेली थाना पहुंच गई। यहां उन्होंने पुलिस कर्मियों को पंचों के थाने में बैठाने का कारण पूछा गया। संतोषजनक पुलिस के जवाब नहीं देने पर बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे खुद ही पंचों के साथ भरवेली थाने के परिसर में धरने पर बैठ गई । यहाँ उन्होंने भी दो से ढाई घंटे धरना दिया।**




आपको बता दे की मध्य प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के द्वारा 11 जुलाई को बालाघाट जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत भरवेली में 64 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित सर्व सुविधायुक्त ग्राम पंचायत भवन का लोकार्पण कार्यक्रम किया गया । इस कार्यक्रम को लेकर ग्राम पंचायत भरवेली के 15 पंच , सरपंच की कार्य प्रणाली से नाराज थे और वह चाह रहे थे कि लोकार्पण कार्यक्रम के समय वह अपनी बात रखें। लोकार्पण कार्यक्रम की सुबह ही भरवेली पुलिस द्वारा ग्राम पंचायत भरवेली के 15 पंचों को थाने में लाकर बिठा दिया गया । इसके बाद ग्राम पंचायत के नवीन भवन का लोकार्पण हुआ और लोकार्पण कार्यक्रम के समाप्त होते ही पंचों को भरवेली पुलिस द्वारा छोड़ दिया गया । इसके बाद पंचों के समर्थकों द्वारा भरवेली थाने में रैली के रूप में जाकर पंचों को इस प्रकार बिना कारण के थाने में बिठाये जाने का विरोध किया जाने लगा और यहां अलग-अलग संगठन के पदाधिकारी थाने में पहुंच गए और पुलिस कि इस कार्य प्रणाली का सभी विरोध करने लगे। दोपहर 12:00 बजे बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे भी भरवेली थाना पहुंच गई , जहां उन्होंने भरवेली थाना प्रभारी से 15 पंचों को थाने में नजर बंद किए जाने का कारण पूछा। किंतु भरवेली थाना प्रभारी द्वारा संतोषप्रद जवाब नहीं देने के कारण बालाघाट विधायक स्वयं ही भरवेली थाना परिसर में 15 पंचों के साथ धरने पर बैठ गई और बड़े अधिकारियों को थाने में बुलाए जाने की बात कही जाने लगी। कुछ ही समय बाद नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली सिंह थाना पहुंची, जहां उन्होंने बालाघाट विधायक को बताया कि उन्हें पूर्व में सूचना मिली थी कि , कुछ पंचों द्वारा ग्राम पंचायत भवन के लोकार्पण कार्यक्रम का विरोध किए जाने की बात कही जा रही थी, तो कुछ लोग काले झंडे दिखाने को भी कह रहे थे । इन्हीं सब को देखते हुए उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से कुछ पंचों को थाने में बिठाया था । कार्यक्रम खत्म होने के बाद नियम अनुसार उन्हें छोड़ दिया गया । बालाघाट विधायक द्वारा बड़े अधिकारियों को बुलाए जाने की बात कही जाने लगी इसके बाद लगभग दो से ढाई घंटे बालाघाट विधायक ने पंचों के साथ थाना परिसर में ही बैठकर धरना दिया ।

### सुबह भरवेली पुलिस द्वारा थाने ला लिया गया था - संतोष बाहेश्वर

ग्राम पंचायत भरवेली के उपसरपंच संतोष बाहेश्वर द्वारा बताया गया कि 11 जुलाई की प्रात: 7:00 बजे उन्हें भरवेली पुलिस द्वारा थाने ला लिया गया था और यहां उन्हें लगभग चार से पांच घंटे बिठाकर रखा गया। जब उनके द्वारा कारण पूछा गया तो उन्होंने सिर्फ उन्हें नजर बंद कर रखने की बात कही गई । उन्होंने यह भी बताया कि वह अपने पंच साथियों के साथ प्रहलाद पटेल को ज्ञापन देने वाले थे। अब वह सभी पंचों के साथ अविश्वास प्रस्ताव लाने को लेकर चर्चा करेंगे।

### जनप्रतिनिधियों के अधिकार का हनन किया गया है- अनुभा मुंजारे

बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे द्वारा पद्मेश न्यूज़ से चर्चा के दौरान बताया गया कि भरवेली , बालाघाट जिले की एक महत्वपूर्ण ग्राम पंचायत है और यहां सरपंच द्वारा लंबे समय से अनियमितता की जा रही है। जिसमें ग्राम पंचायत के 19 पंचों में से 15 पंचों ने लगातार इस बात की आवाज उठाई है और लगातार कार्यों का लेखा-जोखा सरपंच से मांगा जा रहा है। किंतु उनकी कहीं भी सुनवाई नहीं हो रही है । उन्होंने यह भी बताया कि आज मंत्री श्री पटेल को ग्राम पंचायत भरवेली की यह पूरी घटना नहीं बताई गई होगी और उन्होंने उन्हें बिना बताए भवन का लोकार्पण करवाया है। पंचों ने यह भी कहा था कि जब तक सभी जानकारियां उन्हें नहीं दी जाएगी, तब तक वह ग्राम पंचायत भवन का लोकार्पण करने नहीं देंगे । पंचों की आवाज को दबाते हुए आज 15 पंचों को भरवेली पुलिस के द्वारा थाने में नजर बंद कर दिया गया , जो की बहुत ही गलत है । उन्होंने बताया कि आज 15 चुने हुए जनप्रतिनिधियों के अधिकार का हनन किया गया है। वह उन सभी 15 पंच जनप्रतिनिधियों के साथ में हैं

### पंच को कुछ लोग भ्रमित करने का काम कर रहे हैं - गीता बिसेन

इस पूरे विषय को लेकर भरवेली ग्राम पंचायत की सरपंच गीता अनिल बिसेन द्वारा बताया गया कि जब से ग्राम पंचायत भवन का निर्माण कार्य शुरू हुआ है तब से कुछ बाहरी लोग अलग-अलग संबंधित विभागों में शिकायत कर रहे हैं । ग्राम पंचायत में व्यवधान उत्पन्न कर रहे हैं। यहां कुछ लोगों का ग्राम पंचायत से अतिक्रमण भी तोड़ा गया था। उसके बाद से ही कुछ पंच भाइयों को कुछ लोग भ्रमित करने का काम कर रहे हैं । हालांकि आज जो पुलिस कार्रवाई हुई उसकी जानकारी उन्हें नहीं है। उन्हें बाद मे पता चला कि पुलिस ने पंचों को नजर बंद किया था, वह भी इस घटना की निंदा करते हैं ।

### जादू टोना करने का शक

# दो महिला सहित चार लोगों ने एक व्यक्ति और उसके भाई को लाठी से की मारपीट

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। बालाघाट जादू टोने के शक में दो महिला सहित चार लोगों ने एक व्यक्ति और उसके भाई को हाथबुक्के और लाठी से मारपीट कर घायल कर दिए। जादू टोने के अंधविश्वास के चलते यह घटना मलाजखंड थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम जालदा में हुई। मारपीट में घायल व्यक्ति दवन पिता भारत मेरावी 40 वर्ष ग्राम जालदा निवासी का इलाज बिरसा के अस्पताल में किया गया वहीं इस व्यक्ति द्वारा की गई रिपोर्ट पर मलाजखंड पुलिस ने शंकर मरावी शेखर धुर्वे सानकी मेरावी और जैवंती धुर्वे के विरूद्ध मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दवन मरावी मजदूरी करता है। जिस पर गांव के कुछ लोग जादू टोना का शक किया करते थे। 10 जुलाई की शाम 5:30 बजे दवन मरावी गांव में लाइट बंद होने पर वह ट्रांसफार्मर के तरफ लाइट क्यों बंद है सोच कर देखने के लिए गया था। और ट्रांसफार्मर से वह अपने घर वापस लौट रहा था। जब दवन। मेरावी अपने घर के पास पहुंचा ही था। तभी रोड पर गांव के शंकर मेरावी तथा शेखर धुर्वे दोनों खड़े थे और दोनों दवन मरावी पर जादू टोना करने का आरोप लगाते हुए कहने लगे तुम हम लोगों को परेशान करता है और दोनों दवन मरावी को अश्लील गालियां देने लगे उसी समय शंकर मेरावी की पत्नी सोनकी मेरावी तथा शेखर धुर्वे की पत्नी जैवंती धुर्वे भी वहां पर आ गई और चारो जादू टोना की बात को लेकर दवन मेरावी को अश्लील गालियां देने लगे। दवन मरावी ने उन्हें गाली देने से मना किया तो। शंकर मेरावी उसकी पत्नी सोनकी मेरावी और शेखर धुर्वे की और उसकी पत्नी जैवंती धुर्वे ने ने मिलकर दवन मरावी के साथ छीना छपटी कर उसे हाथ बुक्के लाठी से मारपीट कर घायल कर दिए। बीच बचाव करने दवन मरावी का छोटा भाई सुखराम मेरावी आया तब चारों ने उसे भी हाथबुक्के से मारपीट कर उसे जमीन पर पटक दिए। मारपीट करने से दवन मरावी और उसका भाई सुखराम मेरावी दोनों घायल हो गए। हल्ला सुनकर दवन मरावी की पत्नी सुबिया मेरावी मोहन धुर्वे सहित अन्य लोग आए और झगड़ा का बीच बचाव किये जिसके बाद शंकर मरावी, शेखर धुर्वे तथा सानकी मेरावी शेखर धुर्वे की पत्नी जैवंती धुर्वे ने दवन मरावी को गांव में अकेले घूमते मिलने पर जान से मार डालने की धमकी दे दी। मारपीट में घायल दवन मेरावी अपने छोटे भाई सुखराम मेरावी के साथ रिपोर्ट करने के लिए मलाजखंड पुलिस थाना पहुंचे। मलाजखंड पुलिस ने दोनों भाई का इलाज बिरसा के अस्पताल में करवाए और दवन मेरावी द्वारा की गई रिपोर्ट पर शंकर मेरावी उसकी पत्नी सोनकी मेरावी शेखर धुर्वे और उसकी पत्नी जैवंती धुर्वे के विरुद्ध मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की आरोप में धारा 296 115(2) 351(3) 3(5) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है।

## 12 से 15 जुलाई की अवधि में बालाघाट जिले में भारी से बहुत भारी वर्षा की संभावना

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। भारत मौसम विज्ञान विभाग नई दिल्ली के क्षेत्रिय कार्यालय भोपाल से कृषि विज्ञान केन्द्र बड़गांव की मौसम ईकाई को प्राप्त पांच दिवसीय मध्यम श्रेणी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार बालाघाट जिले में 12 से 15 जुलाई 2025 की अवधि में भारी से बहुत भारी वर्षा होने के साथ ही आसमान में मध्यम बादल छाए रहने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान 26.1 से 29.4 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 22.4 से 23 डिग्री सेल्सियस तथा सुबह हवा में 91 से 100 प्रतिशत तथा दोपहर में 67 से 82 प्रतिशत नमी रहने की संभावना है। आने वाले दिनो में हवा की गति लगभग 4 से 9 किलो मीटर प्रति घंटा दक्षिण पश्चिम से उत्तर पश्चिम दिशा में रहने की संभावना है।

# खैरलांजी पुलिस के हत्थे चढ़े डीजल चोर गिरोह

## चोरी में उपयुक्त बुलेरो और प्लास्टिक के 11 जरीकेन और टँकी तोड़ने के औजार शटल पाइप जप्त, 2 विधि विरुद्ध सहित पांच चोर गिरफ्तार, तीन चोरों का निकाला गया जुलूस, अदालत में किए गए पेश

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिले की खैरलांजी पुलिस ने रोड किनारे खड़े ट्रैकों के डीजल चोरी करने वाले गिरोह के दो विधि विरूद्ध बालक सहित पांच चोरो को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की और इन चोर गिरोह से चोरी में उपयुक्त बुलेरो कार, प्लास्टिक की 11 जरीकेन, औजार और दो शटल पाइप जप्त किये। खैरलांजी पुलिस ने गिरफ्तार तीन चोरो का अपने थाना क्षेत्र में जुलूस निकालकर वारासिवनी की न्यायालय में पेश कर दिए। जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में वारासिवनी जेल भिजवा दिया गया है। खैरलांजी पुलिस के मुताबिक 9 जुलाई की रात्रि में भावेश मिश्रा खैरलांजी निवासी का ट्रक खैरलांजी के ही पुराने बस स्टैंड में रोड किनारे खड़ा कर दिया गया था। 9 एवं 10 जुलाई की दरमियानी रात करीब 12:00 बजे जब पुलिस रात्रि गस्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि पुराने बस स्टैंड में रोड किनारे खड़े ट्रक से कुछ लोग डीजल चोरी कर रहे हैं। इस सूचना पर खैरलांजी पुलिस सक्रियता दिखाते हुए तुरंत पुराना बस स्टैंड पहुंची। पुलिस को अचानक देखा डीजल चोर गिरोह बोलेरो से सालेटेका की ओर भाग खड़े हुए। पुलिस टीम ने इस चोर गिरोह का पीछा करते हुए सालेटेका पहुंचे जहां से यह गिरोह नांगोटोला की ओर भाग किंतु नांगोटोला में कार कीचड़ में फंसने के कारण सभी चोर अंधेरे का लाभ उठाकर बुलेरो कार को वहीं छोड़कर भाग खड़े हुए। पुलिस टीम ने बोलेरो थाने लाकर किये चेक करने पर इस बुलेरो एम पी 22 टी 0397 के अंदर 11 प्लास्टिक के जरीकेन पाये गये। जिनमे एक जरीकेन में डीजल भरा हुआ था। इसके अलावा बोलेरो के अंदर डीजल टंकी के ताला तोड़ने के औजार, दो सटल पाइप रखा हुआ था। शटल पाइप का उपयोग डीजल निकालने किया जाता है। बुलेरो छोड़कर फरार गिरोह की तलाश शुरू की गई। लगातार की जा रही तलाश के दौरान 10 जुलाई को दोपहर में यह गिरोह ग्राम सावरी में संदिग्ध हालत में पकड़ा। इस पूछताछ करने पर जिसमें दो विधि विरुद्ध बालक जिसका नाम गोपनीय रखा गया है। अन्य तीन से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम राहुल पिता रामचरण उइके 22 वर्ष ग्राम नगरवाड़ा थाना चांगोटोला, ऋतिक पिता विष्णु नंदा 20 वर्ष नैनपुर जिला मंडला, वासु पिता राजकुमार यादव 20 वर्ष नैनपुर जिला मंडला निवासी बताएं। जिनके विरुद्ध अपराध क्रमांक 178 / 2025 में धारा303(2),3(5) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अपराध पंजीबद्ध का विवेचना की गई। पूछताछ में तीन आरोपियों ने सड़क किनारे खड़े विभिन्न ट्रैकों से डीजल चोरी की वारदात को अंजाम देना बताएं। यह भी बताया गया है कि इन आरोपियों के विरुद्ध हत्या लूट मारपीट चोरी सहित अन्य अपराध मंडला जिले के पुलिस थाना में दर्ज किए गए हैं और गिरोह रोड किनारे खड़े ट्रैकों से डीजल चोरी करने की वारदात घटित करने के आदी हो चुके हैं। 11 जुलाई को खैरलांजी पुलिस ने इस गिरोह का जुलूस निकालकर तीनों को वारासिवनी ने की अदालत में पेश कर दिए। जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भिजवा दिया गया है। इस चोर गिरोह को पकड़ने में थाना प्रभारी निरीक्षक राम सिंह पटेल, उप निरीक्षक अंकित उपाध्याय, प्रधान आरक्षक विवेक ठाकरे, आरक्षक आकाश अहिरवार, आरक्षक विष्णु जाट, आरक्षक शिवजीत भदोरिया और आरक्षक ललित देशमुख की सराहनीय भूमिका रही।






# सर्ववर्गीय कलार समाज का कैरियर गाईडेंस और प्रतिभा सम्मान समारोह 13 को

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिला क्षत्रिय कलचुरी कलार समाज सर्ववर्गीय बालाघाट के द्वारा भटेरा चौकी रोड स्थित होटल में 13 जुलाई को दोपहर 12 बजे से प्रतिभा सम्मान समारोह व कैरियर गाईडेंस कार्यक्रम आयोजित किया गया है ।कार्यक्रम में कक्षा 10 वीं व कक्षा 12वी के 75 प्रतिशत व उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले समाज के छात्र-छात्राओं, खेल गतिविधियों एवं अन्य किसी विधाओं में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले प्रतिभावानों का सम्मान किया जाएंगा। इसके अलावा कलार समाज के 75 वर्ष व उसके अधिक आयु के वरिष्ठजनों का भी सम्मान किया जाएंगा। उक्त जानकारी सर्ववर्गीय कलार समाज के जिलाध्यक्ष राधेलाल दौने, पूर्व नपाध्यक्ष अनिल धुवारे, चन्द्रकांत पिपलेवार व युवा संगठन अध्यक्ष अभिषेक जायसवाल ने शुक्रवार को नगर में आयोजित एक पत्रकारवार्ता के दौरान दी।आयोजित इस पत्रकारवार्ता में उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के बच्चों को प्रोत्साहित कर उनका उत्साह व हौंसला बढ़ाना है। इस दौरान पुलिस विभाग में साइबर सेल में पदस्थ प्रधान आरक्षक शोभेन्द्र डहरवाल के 11जुलाई की सुबह ह्दयगति रूक जाने से हुई मृत्यु पर शोक व्यक्त कर शोकाकुल डहरवाल परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने ईश्वर से कामना की गई।



### विभिन्न कार्यक्रमों के होंगे आयोजन- दौने

इस दौरान संगठन के जिलाध्यक्ष राधेलाल दौने ने बताया कि प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी कलार समाज द्वारा स्व. कमलनारायण जायसवाल, स्व. शीतल प्रसाद जायसवाल, स्व. जानकी बाई भोपतलाल धुवारे, स्व. वाय.आर रामटेककर एवं स्व. शांतिबाई अमृतलाल दौने व स्व. प्रमिला बुधरामसाव पिपलेवार, स्व. जगन्नाथ पटेल धुवारे, स्व. अशोक डहरवाल की स्मृति में प्रतिभा सम्मान समारोह 13 जुलाई को आयोजित किया जा रहा है। इसके अलावा समाज के ऐसे वरिष्ठजनों जिन्होंने 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है उनका भी सम्मान किया जाएंगा। इस कार्यक्रम में करीब दो सैकड़ा से अधिक प्रतिभावानों का सम्मान किया जाएंगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रामती मालती राय महापौर भोपाल, जय नारायण चौकसे राष्ट्रीय अध्यक्ष अ.भा. हैहय कलचुरी महासभा, प्रमुख अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल, सिवनी विधायक दिनेश मुनमुन राय, राष्ट्रीय सलाहकार अ.भा. हैहय कलचुरी महासभा शंकरलाल राय, राष्ट्रीय महासचिव एम.एल राय, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौकसे, प्रदेश प्रभारी अशोक शिवहरे सहित अन्य अतिथि शामिल होंगे। इस दौरान सर्ववर्गीय कलार समाज पूर्व जिलाध्यक्ष अमृतलाल धुवारे, क्षत्रिय मराठा कलार समाज अध्यक्ष संजीव बाबा धुवारे, सूरज दौने, तरूण सेवईवार, नोहर डोहरे, सोहन दौने, समीर जायसवाल सहित संगठन के अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे।उक्त कार्यक्रम में जिला सर्ववर्गीय कलार समाज के समस्त पदाधिकारियों ने बच्चों युवाओं व सामाजिक बंधुओं से अधिकाधिक उपस्थिति की अपील की है।

# काश्मीरी नदी में बहे दिपक तेकाम और जितेन्द्र धुर्वे का तीन दिन बाद शव बरामद

## काश्मीरी नदी और हालोन नदी के संगम से दोनो की लाश बरामद

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिले के गढ़ी थाना क्षेत्र में आने वाली काश्मीरी नदी में तीन दिन पहले बहे दीपक पिता बैसाखू सिह तेकाम 30 वर्ष की और जितेंद्र पिता दंगल सिंह धुर्वे 14 वर्ष की ग्राम अलना निवासी की लाश काश्मीरी नदी और हालोन नदी के संगम से बरामद कर लिए । गढ़ी पुलिस ने दोनों की लाश पोस्टमार्टम करवाकर उसके परिजनों को सौप दिये है। ज्ञात हो की दीपक तेकाम अपने परिवार के साथ खेती किसानी करता है और उनका खेत काश्मीरी नदी से लगा हुआ है। 7 जुलाई को 4:00 बजे करीब दीपक तेकाम अपने घर से खेत जाने निकला था। किंतु वह शाम को घर नहीं लौटा। इसी प्रकार जितेंद्र धुर्वे नहाने के लिए गांव से लगे कश्मीरी नदी तरफ गया था।किंतु यह युवक भी शाम को घर नहीं लौटा। दीपक तेकाम और जितेंद्र धुर्वे की उनके परिजनों ने गांव मोहल्ले में खोजबीन किये किंतु वह नहीं मिला। 8 जुलाई को भी सुबह जितेंद्र धुर्वे और दीपक तेकाम अपने घर नहीं लौटे और परिजनों के द्वारा तलाश करने पर भी नहीं मिलने के बाद उनके परिजनों ने गढ़ी पुलिस थाना में दोनों के गुम होने की रिपोर्ट की। गढ़ी पुलिस ने जितेंद्र धुर्वे और दीपक तेकाम के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू की थी। दोनों की कश्मीरी नाला में बहने की संभावना व्यक्त की जा रही थी। लगातार की जा रही तलाश के दौरान 10 जुलाई को कश्मीरी नदी और हालोन नदी के संगम से दीपक तेकाम की लाश बरामद की गई और पोस्टमार्टम करवाकर उसके परिजनों को सौप दिया गया था। जिसके बाद इसी क्षेत्र में जितेंद्र धुर्वे की भी तलाश की जा रही थी । 11 जुलाई को काश्मीरी नदी और हालोन नदी के ही संगम मे जितेंद्र धुर्वे की भी लाश देखी। उप निरीक्षक आर आर झारिया ने अपने स्टाफ के साथ कश्मीरी नदी और हालोन का संगम पहुंचकर जितेंद्र धुर्वे की भी लाश बरामद की और पंचनामा कार्यवाही पश्चात लाश पोस्टमार्टम करवा कर उनके परिजनों को सौंप दिए।

# सड़क विभाग की उदासीनता के चलते रोड़ के ऊपर से बह रहा था गंदा एवं बारिश का पानी

## आवागमन में हो रही थी परेशानी, पांढरवानी पंचायत ने करवाई पुलिया की सफाई, सड़क विभाग मौन





लालबर्रा ( पद्मेश न्यूज )। लालबर्रा से जाम पहुंच मार्ग के हाईवे रोड़ मजार के समीप पांढरवानी रोड़ स्थित पुलिया की ऊंचाई कम होने के साथ ही पुलिया धसक जाने एवं मोगा चोक हो जाने के कारण निवासरत लोगों के घरों का गंदा पानी के साथ ही बारिश का पानी भी रोड़ के ऊपर से बह रहा था। जिसके कारण मार्ग से आने-जाने वाले ग्रामीणजन, राहगीर एवं स्कूली बच्चों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था एवं हर समय बड़ी दुर्घटना घटित होने की संभावना बनी हुई थी। साथ ही पूर्व में रोड़ के ऊपर से अधिक पानी जमा रहने के कारण दुर्घटनाएं भी हो चुकी है। साथ ही पुलिया की ऊंचाई बढ़ाकर नवीन पुलिया का निर्माण करवाने, चोक हो चुकी मोगे की साफ-सफाई करवाने के संबंध में कई बार पीडब्ल्यूडी विभाग को स्थानीयजनों व राहगीरों के द्वारा अवगत करवाया है किन्तु जिम्मेदारों के द्वारा कोई ध्यान नही दिया गया। इस तरह से सड़क विभाग की उदासीनता के चलते रोड़ के ऊपर से लंबे समय से गंदा एवं बारिश का पानी बह रहा था। उक्त समस्या को देखते हुए पांढरवानी पंचायत के सरपंच अनीस खान के द्वारा जेसीबी मशीन से पुलिया एवं नाली की साफ-सफाई करवाई गई है। जिसके बाद अब रोड़ के ऊपर से गंदा व बारिश का पानी नही बहेगा। जबकि यह काम पीडब्ल्यूडी विभाग को करवाना था लेकिन उनके द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा था इसलिए पांढरवानी पंचायत के द्वारा सफाई करवाई गई है। लेकिन यह स्थाई समाधान नही है क्योंकि पुलिया धसक चुकी है, किसी भी समय क्षतिग्रस्त हो सकता है। ऐसी स्थिति में समस्या कुछ दिनों में जस की तस हो सकती है। इसलिए प्रशासन को पुलिया की ऊंचाई बढ़ाकर नवीन निर्माण करवाना चाहिए ताकि बार-बार की समस्या से निजात मिल सके।

### क्षतिग्रस्त पुलिया का मरम्मत कार्य करवाये प्रशासन - अनीस

पांढरवानी सरपंच अनीस खान ने बताया कि लालबर्रा से सिवनी मार्ग मजार के समीप से गुजरी लालबर्रा से जाम पहुंच मार्ग पांढरवानी रोड़ मजार के समीप बना पुलिया धसक (क्षतिग्रस्त) हो चुका है एवं मोगे चोक हो चुके है। जिसके कारण निवासरत लोगों के घरों व बारिश का पानी सड़क के ऊपर से बह रहा था। जिससे आने-जाने वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जबकि यह मार्ग दर्जनों ग्रामों को नगर मुख्यालय से जोड़ता है और यह मार्ग पीडब्ल्यूडी विभाग का है। जिनके कई बार इस समस्या से अवगत करवा चुके है लेकिन उनके द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे लोगों में प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। श्री खान ने बताया कि पुलिया क्षतिग्रस्त होने एवं मोगे चोक हो जाने के कारण सड़क के ऊपर से पानी बहने के कारण सभी को परेशानी हो रही थी इसलिए पंचायत के द्वारा जनहित में वैकल्पिक व्यवस्था के लिए पुलिया व नाली की सफाई करवाई है ताकि पानी की निकासी मोगें से हो सके। पीडब्ल्यूडी विभाग से मांग है कि इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द नवीन पुलिया का निर्माण करवाये या फिर क्षतिग्रस्त पुलिया व मोगे का मरम्मत कार्य करवाये ताकि सड़क के ऊपर से पानी बहने से हो रही परेशानियों से निजात मिल सके।



### इनका कहना है-

आपके माध्यम से संज्ञान में आया है कि लालबर्रा से जाम पहुंच मार्ग मजार के समीप स्थित पुलिया क्षतिग्रस्त एवं मोगा चोक हो जाने से सड़क के ऊपर से पानी बहता है और आने-जाने वालों को परेशानी हो रही है। जल्द ही स्थल का निरीक्षण कर पुलिया की ऊंचाई बढ़ाने के लिए स्टीमेट तैयार कर शासन को भेजा जायेगा।

**अरूणा सिरसाम**
**प्रभारी एसडीओं**
**पीडब्ल्यूडी विभाग लालबर्रा।**

# नेवरगांव वा. उ.मा.वि. में किया गया पौधारोपण



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत नेवरगांव वा. स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्काउट गाइड के तत्वाधान में गुरू पुर्णिमा के अवसर पर गुरूवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्कूल प्राचार्य श्रीमती उषा देशमुख, गाइडर श्रीमती लक्ष्मी विष्णु पटले सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विभिन्न प्रजाति के फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण कर उसकी सुरक्षा करने का संकल्प लिया। इस तरह से नेवरगांव वा. शास. उच्च. माध्य. विद्यालय में स्काउट गाइड के द्वारा वृक्षारोपण, गुरू पुर्णिमा के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पौधों का रोपण किया गया है। जिस प्रकार सरकार के द्वारा वृक्षारोपण को प्रोत्साहन देने हेतु एक पेड़ मां के नाम जैसी योजनाएं चलाई जा रही हैं। वैसे ही स्काउट गाइड ने गुरूओं के सम्मान में एक पेड़ गुरुओं के नाम हेतु संस्था में बेल, जामुन आदि का वृक्षारोपण किया एवं उसकी देखरेख करने की शपथ ली है। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य श्रीमती ऊषा देशमुख, गाइडर श्रीमती लक्ष्मी विष्णु पटले, श्रीमती नीता बोपचे, स्काउटर आरिफ खान, बी.एल पटले, सी. आर. नखाते, यंकेश मिश्रा, बी. के. मेहरा , रमेश धुर्वे, प्रशांत मेश्राम, लुपेंद्र कुमार देशमुख, श्रीमती गीतेश्वरी टेंभरे, श्रीमती रीना लिल्हारे, श्रीमती वंदना पालीवाल, श्रीमती खेलासन भगत, श्रीमती वीणा मर्सकोले, जयदीप जोशी, मनेष शेंडे, कु. दिव्या जोशी, श्रीमती रोशनी ठाकरे, नितिन देशमुख सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# जाम में विधायक अनुभा मुंजारे का जनदर्शन कार्यक्रम आज



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग 10 किमी. दूर ग्राम पंचायत जाम के पंचायत भवन में 12 जुलाई को दोपहर 3 बजे से क्षेत्रीय विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे के निर्देशानुसार जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस दौरान श्रीमती मुंजारे क्षेत्र की जनता से मिलकर उनकी समस्याओं का निराकरण करेगी। विधायक कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार बालाघाट विधानसभा की जनता के विभिन्न समस्याओं को सुनने और उनका निराकरण करने के लिए क्षेत्रीय विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे के द्वारा 12 जुलाई को दोपहर 3 बजे से जाम के साप्ताहिक बाजार के दिन पंचायत भवन जाम में जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें क्षेत्र के सभी लोग अपनी विभिन्न समस्याएं लेकर विधायक महोदया के समक्ष उपस्थित हो सकते हैं और उन्हें अपनी समस्या से अवगत करवाकर उसका समाधान ले सकते हैं। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने की है।

# महाविद्यालय में गुरूपुर्णिमा महोत्सव का हुआ आयोजन






लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के अन्तर्गत शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में गुरूवार को गुरूपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्रकुमार खण्डायत की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी का कमला नेहरू सांदीपनि विद्यालय भोपाल में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण महाविद्यालय में किया गया। वहीं इस गुरू पुर्णिमा के अवसर पर महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता एवं गीत, कविता वाचन का भी आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्रकुमार खण्डायत ने छात्र-छात्राओं को गुरू शिष्य परंपरा की वर्तमान परिपेक्ष्य में प्रासंगिकता, गुरू की महत्ता एवं गुरू के आदर्शों में चलने की प्रेरणा दी। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बी. के. उज्जवला दीदी ने अपने व्याख्यान में सभी के जीवन में पॉच प्रकार के गुरूवों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी को गुरूजनों का सम्मान करना चाहिए। नायारणप्रसाद सौलंकी ने विद्यार्थियों को गुरू शिष्य के पारस्परिक संबंध की जानकारी प्रदान की। बालमूकूंद शर्मा ने अपने व्याख्यान में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर गुरू शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डाला। सुंदरलाल भवाली ने अपने उद्बोधन में अंधकार से प्रकाश की ओर प्रस्थान करने वाले को गुरू बतलाया है। कार्यक्रम का मंच संचालन संदीप चौरसिया एवं आभार प्रदर्शन नरेश सौलखे के द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. संगीता मेश्राम, डॉ. प्रदीप कुमार भिमटे, डॉ. निर्मल कीर्ति गेडाम, डॉ. ऋषिकेष पटेल, श्रीमती संध्या भलावे, मनीष शिवहरे, डॉ. आशीष बागड़े, डॉ. क्रांति जैन, डॉ. कामाक्षा बिसेन, डॉ. माधुरी पुसे, डॉ. आशा कारे, पीतम मुरते, यादोराव राजुरकर, व्यंकट नगपुरे, श्रीमती सरिता एड़े, लकेश गेड़ाम, रामदयाल मथारे, श्रीमती वंदना कुर्वे, मिनेश पंचेश्वर, प्रशिक हुमनेकर, निशांत तलवरे एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बजरंग मंदिर में अखण्ड रामायण पाठ का हुआ शुभारंभ





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय में स्थित बजरंग मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सावन मास के पावन अवसर पर 11 जुलाई को अखण्ड रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया, जो संपूर्ण सावन मास की समाप्ति तक जारी रहेगा। इस अवसर पर प्रात: 10 बजे बजरंग मंदिर के पुंजारी के द्वारा मुख्य जजमान अभय द्विवेदी व श्रीमती शिव द्विवेदी की मौजूदगी में विधि-विधान से पूजा अर्चना करवाकर अखण्ड रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया। आपकों बता दे कि सावन मास के प्रारंभ होते ही नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में स्थित शिव मंदिरों में भोलेनाथ की पूजा अर्चना की गई और हर-हर महादेव के गीतों से क्षेत्र गुंजमान्य होने लगा है। नगर मुख्यालय में स्थित बजरंग मंदिर में विगत 45 वर्षों से संपूर्ण सावन मास में अखंड रामायण पाठ का वाचन धर्मप्रेमियों द्वारा किया जा रहा है। जिसमें दिन में महिलाओं व रात्रि में पुरूष व युवा वर्ग के द्वारा शामिल होकर अखण्ड रामायण पाठ का वाचन किया जा रहा है। चर्चा में बजरंग मंदिर समिति सदस्य पवन नामदेव ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सावन मास के अवसर पर अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन किया गया है, जिसका वाचन संपूर्ण सावन मास की समाप्ति तक जारी रहेगा। साथ ही यह भी बताया कि हमारे बुर्जुगों के द्वारा जो इस अखण्ड रामायण पाठ की नींव रखी गई थी। उसी के चलते आज इस अखण्ड रामायण पाठ की स्थापना की गई है और इस अखण्ड रामायण पाठ में दिन में महिलाओं व रात्रि के समय पुरूष व युवा वर्ग के द्वारा संगीतमय अखण्ड रामायण पाठ पढ़ा जा रहा एवं रक्षाबंधन पर्व के दुसरे दिन हवन-पूजन व महाप्रसादी वितरण के साथ अखण्ड रामायण पाठ का समापन किया जायेगा। श्री नामदेव ने बताया कि सावन के महीने में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना करने का विशेष महत्व रहता है और विशेष पूजा करने से भगवान भोलेनाथ प्रसन्न होते है एवं उनकी मनोकामनाएं भी पूरी होती है। इसलिए सावन माह में श्रध्दालुओं के द्वारा भोलेनाथ की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। इस धार्मिक कार्यक्रम अखण्ड रामायण पाठ में श्रध्दालुओं से उपस्थित होने की अपील बजरंग मंदिर समिति ल ालबर्रा संरक्षक ज्ञानचंद शर्मा, पवन नामदेव सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगणों ने की है।

# गुरु पूर्णिमा उत्सव- शासकीय महाविद्यालय हट्टा में मनाया गया श्रद्धा और प्रेरणा का पर्व

हट्टा(पद्मेश न्यूज)। शासकीय महाविद्यालय हट्टा, बालाघाट में गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन पूरे श्रद्धा भाव और पारंपरिक गरिमा के साथ किया गया। भारतीय संस्कृति की गुरु-शिष्य परंपरा को समर्पित इस आयोजन में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण और विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्राचार्य श्री मुकेश कुमार बिसेन के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर, पुष्प एवं श्रीफल अर्पित कर किया गया। महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री मीताराम लिल्हारे ने अपने प्रभावशाली उद्बोधन में गुरु की भूमिका को जीवन के हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को गुरुजनों के प्रति सम्मान और श्रद्धा भाव रखने की प्रेरणा दी। श्री बसंत दशरिये ने एक प्रेरक कहानी के माध्यम से गुरु की महत्ता को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे छात्रों ने गहरी प्रेरणा ली। कार्यक्रम में डॉ. सचिन तिवारी, डॉ. विनोद कुमार शेंडे, डॉ. वर्षा ऐड़े, श्री अक्षय कुमार मंडराहा एवं श्री विशाल दमाहे की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर भोपाल से प्रसारित गुरु पूर्णिमा पर आधारित लाइव कार्यक्रम को भी मॉनीटर के माध्यम से दिखाया गया, जिसे सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने श्रद्धा भाव से देखा।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों की उत्साहजनक भागीदारी रही। उन्होंने अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए भावनात्मक विचार साझा किए । गुरु पूर्णिमा का यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध था, बल्कि विद्यार्थियों के जीवन में नैतिक मूल्यों और आदर्शों को स्थापित करने वाला प्रेरणादायक क्षण भी बन गया।

# बिजली कटौती से क्षेत्रीयजन परेशान - फिरोज



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। आम आदमी पार्टी के बालाघाट विधानसभा के सहप्रभारी फिरोज नियाजी ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि वर्तमान समय में बरसात का मौसम चल रहा है और हल्की सी बारिश होने एवं किसी भी समय बिजली कटौती कर दी जाती है जिसके कारण क्षेत्रीयजनों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही यह भी बताया कि विद्युत विभाग के द्वारा बिजली कटौती करने का कोई समय निश्चित नही है और बार-बार बिजली कटौती होने से छात्र-छात्राओं, दुकानदार, राईस मिलर्स, कृषक सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। श्री नियाजी ने बताया कि रात्रि के समय बिजली कटौती होने से अंधेरा रहने पर ग्रामीणजनों को जहरीले कीड़े, मकोडे के काटने का डर बना रहता है इसलिए विद्युत विभाग से मांग है कि विद्युत पोल व ट्रांसफार्मरों में तकनीकी खराबी है तो उसे दुरूस्त कर नियमित रूप से क्षेत्रीयजनों को बिजली प्रदाय करें।

वारासिवनी पद्मेश



# भूमिपूजन के बाद भी नहीं हुआ नाली निर्माण कार्य

## पानी निकासी नही होने से वार्डवासी परेशान नाली निर्माण की कर रहे मांग







वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के वार्ड नंबर २ सम्राट नगर के वार्डवासियों के द्वारा नगर पालिका में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम का ज्ञापन देखकर नाली निर्माण कर पानी निकासी करने की मांग की गई है। ज्ञापन में उल्लेखित है कि हम वार्ड नंबर २ सम्राट नगर के रहने वाले हैं हमारे घर के पीछे निस्तार का पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। जिस कारण से हमारा व पड़ोसियों का पानी रोड़ किनारे जमा हो रहा है। जहां पर नगर पालिका ने कोई व्यवस्था नहीं की है, पूर्व में नगर पालिका चुनाव में घोषणा पत्र के माध्यम से सोलंकी से आंबेडकर भवन तक नाली निर्माण की घोषणा की गई थी एवं नाली का भूमि पूजन भी किया गया था। किंतु आज तक नाली निर्माण नहीं की गई है जिससे मकान के निस्तार का पानी वहीं पर जमा रहता है एवं बीमारियों सांप बिच्छू कीड़े मकोड़े का डर लगा हुआ है। पानी जमा रहने से मकान और दुकान की दीवारों को भी नुकसान हो रहा है। हमारी मांग है कि नाली निर्माण कर पानी की निकासी की जायें ताकि होने वाली समस्या से सभी को निजात मिले। इस अवसर पर शिवशक्ति सोलंकी,रामसिंह रहाँगडाले ,रविन्द्र माने, नितिन गोलछा ,संतोष सोनकुसरे ,अजय नामदेव ,सुरेन्द्र नगपुरे सहित अन्य लोग मौजूद रहे। विदित हो की पानी निकासी नही होने और इसके लिए किसी प्रकार की नाली निर्माण नही किए जाने की यह समस्या वार्ड नंबर २ सम्राट नगर में पूर्व विधायक के डी देशमुख के मकान के पास से निकलने वाले मार्ग की है। जहां पर बड़ी संख्या में वार्ड वासी सहित स्कूली बच्चे आना जाना करते है। ऐसे में मार्ग किनारे मकान में से निस्तार का पानी सड़क किनारे जमा होता है जो एक स्थान पर गंदगी फैला रहा है। जिससे मच्छर मक्खी का प्रकोप बना हुआ है तो वहीं यह पानी सड़कों पर भी बहता रहता है। जिससे आवागमन कर रहे लोगों के कपडे पर गंदा पानी के छींटे उड़कर खराब कर रहे हैं। तो वहीं निवासरत लोगों को पानी निकासी की समस्या चुनौती बनी हुई है, जहां पर नगर पालिका के द्वारा नाली निर्माण स्वीकृत किया गया था और उसका भूमि पूजन भी धूमधाम से कराया गया था। परंतु उसके बाद यह नाली निर्माण ठंडेबस्ते में पड़ा हुआ है जिसके लिए वार्ड वासियों के द्वारा अनेकों बार शिकायत ज्ञापन एवं आवेदन दिया जा चुका है। किंतु वर्तमान तक कोई निर्माण की पहल नहीं की गई है जिससे वार्ड वासियों की समस्या यथावत बनी हुई है।

### इनका कहना हैं

दूरभाष पर चर्चा में बताया कि उक्त नाली के विषय में शिकायत हमें प्राप्त हुई है इसके संबंध में उपयंत्री से चर्चा भी की गई है। सोमवार को हमारे द्वारा मौका स्थल का निरीक्षण किया जाएगा इसके बाद आगे कार्यवाही की जायेगी।

**सूर्यप्रकाश उके**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**वारासिवनी**

# कांग्रेसियों ने दीनदयाल चौक से कॉलेज चौक तक किया वृक्षारोपण

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के कांग्रेसियों ने नगर के दीनदयाल चौक से लेकर कॉलेज चौक तक वृक्षारोपण किया । इस दौरान नीम, आम,तिकोमा के लगभग दो सौ से अधिक पौधे लगाए। वहीं वृक्षारोपण के दौरान जिन स्थानों में वृक्षारोपण किया जा रहा था उस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों ने भी वृक्षारोपण में भाग लिया। विधायक विवेक पटेल ने कहा की बिगड़ते पर्यावरण से धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है। जिससे मानव जीवन जीव,जंतु पेड़ पौधे पर बुरा असर पड़ रहा है ,हम सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। ताकि पर्यावरण की सुरक्षा के सुनिश्चित हो सके शुद्ध वायु व शुद्ध जल आने वाली पीढियां का अधिकार है । यह तभी संभव है जब हम पर्यावरण को संरक्षण करेंगे और अधिक से अधिक पौधारोपण करेंगें। अधिक से अधिक पौधे लगाकर शहर को हरा भरा कर प्रदूषण को कम करके पर्यावरण को बचाया जा सकता है। हम सभी को पर्यावरण के संरक्षण में आगे आना चाहिए जितने अधिक पेड़ होंगे पर्यावरण उतना ही स्वच्छ होगा। वनों की संख्या लगातार कम हो रही है जिस धरती के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इस दौरान विधायक विवेक पटेल, जनपद सदस्य संदीप राणा, रामकिशोर बिसेन,आरिफअली,गुड्डु सोनी, अनिल पिपरेवार,अशोक लिल्हारे, विवेक जुझार,संदेश बिसेन,नरेंद्र राहंगडाले,राजा अली,अनीश बेग, अमन पटेल,राजकुमार चौधरी,गगन बिसेन,गुड्डु दमाहे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# गुरू पूर्णिमा पर गुरू एवं प्रतिभावान विद्यार्थीयों का हुआ सम्मान

## गुरू का स्थान ईश्वर से ऊपर है सच्चा मार्गदर्शक गुरू ही होता है-तिवारीलाल लिल्हारे

खैरलांजी/वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर सेवानिवृत्त गुरूओं का सम्मान तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंभा से कक्षा १० वीं, कक्षा १२ वीं में ७५ प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले ३५ प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इस दौरान रमेश जैतवार,सरपंच श्रीमती राजेश्वरी लिल्हारे ,शेर सिंह परते प्राचार्य , जनपद सदस्य श्रीमती नूतन बुधराम बिसेन,पूर्व जनपद सदस्य तिवारीलाल लिल्हारे ,पूर्व जनपद सदस्य देवीलाल पटले की मौजूदगी में सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त गुरुजियों का सम्मान तथा ७५ प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शिल्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेवा निवृत्त हो चुके शिक्षक जिसमें सदाराम बिसेन, जीवनलाल कटरे, धरमदास नंदनवार, रमनलाल बघारे, अलीमुल्ला खान,कमल मसखरे का सम्मान किया गया। पूर्व जनपद सदस्य तिवारीलाल लिल्हारे ने कहा कि हमारी संस्कृति अनुसार हमे अपने गुरुओं का सम्मान हमारे संस्कारों में शामिल है। गुरू का स्थान ईश्वर से ऊपर है सच्चा मार्गदर्शक गुरू ही होता है। हमारे गांव के स्कूल से प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मान होना बच्चों को प्रोत्साहित करने जैसा है। इससे अन्य बच्चें भी अधिक अंक अर्जित करने के बारे में सोचते है जिससे कि भविष्य में उनको भी ऐसे ही सम्मानित किया जा सके। श्री लिल्हारे ने कहा कि शिक्षा से ही हमारी पीढी तथा हमारा देश प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा। आज के प्रतिभावान बच्चे कल के भविष्य के नागरिक होंगे। हम आने वाले समय में भी प्रतिभावान बच्चों को ऐसे ही प्रोत्साहित करते रहेंगे। इस अवसर पर कुम्हारीलाल ठाकरे, महेश गोखले, महेश नंदनवार, झामसिंह कटरे, राजेश जैतवार, तेजराम बघेले,प्रदीप ठाकरे,नंदकिशोर जैतवार,देवराव चित्रीव, सुरेन्द्र जैतवार, पूरनलाल पालेवार, कुंवरलाल डोहरे,संतोष पेंढारकर, भगत वर्मा, रमेश नगपुरे, दुलीचन्द नंदनवार, नंदकिशोर हेड़ाऊ, राजकुमार बघेले , कन्हैयालाल लिल्हारे, हेमचन्द देवगढ़े, प्रमोद झलपे, प्रकाश चित्रीव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# भाजपाइयों ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

## मामला धर्मगुरु आचार्य रामभद्राचार्य ,धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री एवं प्रधानमंत्री पर अमर्यादित टिप्पणी का

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। भारतीय जनता पार्टी वारासिवनी ,रामपायली और बुदबुदा मंडल के पदाधिकारी सदस्यों के तत्वाधान में पुलिस थाना वारासिवनी में थाना प्रभारी के नाम का ज्ञापन देकर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं हिन्दू धर्म गुरु धीरेन्द्र शास्त्री एवं आचार्य रामभद्राचार्य के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करने वालों पर दंडात्मक कार्यवाही करने की मांग की गई है। ज्ञापन में उल्लेखित है कि हम शिकायतकर्ता वारासिवनी के रहने वाले हैं यह कि वारासिवनी के प्रश्नचिन्ह नामक व्हाट्सअप ग्रुप में विगत दिवस इस ग्रुप के सदस्य यीश्वरी दामनकर एवं सुनिल मस्करे उर्फ किलर बॉय के द्वारा लगातार हिन्दु समाज के धर्म गुरूओं एवं भारत देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की जा रहीं थी। जिसका हम वाट्सअप में ही विरोद्ध करते थे किन्तू हद होने के पश्चात हम दोनों व्यक्तियों की एवं ग्रुप एडमीन राहुल अरोरा तथा श्रीकांत अग्रवाल के वाट्सअप ग्रुप पर प्रतिबन्ध लगाऐ जाने की शिकायत एवं कार्यवाही करने की मांग करते हैं। यीश्वरी दामनकर ने अपने मोबाईल नंबर से ग्राम दिनी निवासी के द्वारा २ जुलाई २०२५ को अपने फेसबुक अकाउंट से नरेन्द्र मोदी के खिलाफअमर्यादित टिप्पणी की गई एवं दिनांक ६ जुलाई २०२५ को रात ९ बजकर ५५ मिनट पर प्रश्नचिन्ह ग्रुप में राष्ट्रसंत आचार्य रामभद्राचार्य एवं बाबा बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र शास्त्री के विरूद्ध अमर्यादित टिप्पणी की गई। जिससे नगर के हिन्दू समाज में आक्रोश फैला हुआ हैं वहीं हम सभी हिन्दू सामाज के बंधु इस कृत्य का पुरजोर विरोध करते हैं। वहीं ग्राम भानपुर निवासी सुनिल मस्करे ने अपने मोबाईल नंबर के द्वारा ६ जूलाई २०२५ की रात्री ९ बजकर ३४ मिनट पर प्रधानमंत्री के विरूद्ध अमर्यादित टिप्पणी की गई। जिसके कारण हम भाजपा कार्यकर्तागण आक्रोशित हैं एवं हमारी मांग है उक्त दोनों व्यक्तियों के मोबाईल जब्त कर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएँ। इस अवसर पर विनोद मिश्रा, संदीप मिश्रा, मिलिंद नगपुरे,वेदप्रकाश पटेल,मयंक मिश्रा, मिथुन बुरड़े, मुकुल गौर, सुभाष पारधी, धरमेश जोशी, मोनू लिमजे, धन्नु सोनेकर, सुनील पिपरेवार, मनोज दांदरे, हर्षित रेडी, के के पांडे, जगदीश नेमा , शुभम मोनटू जैन, सहित भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्तागण मौजूद रहे।



# सरस्वती विद्यालय में गुरु पूर्णिमा का हुआ आयोजन

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व हर्षोल्लाह के साथ आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य अतिथि राजेंद्र मिश्रा एवं दयानंद धुवारे ,दीपक टेंभरे ,अनीता श्रीवास्तव, लता पटले की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष पूजा अर्चना कर सरस्वती वंदना की गई। तत्पश्चात समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को तिलक लगाकर श्रीफल देकर सम्मान किया गया। जिसके बाद प्राचार्य राजेंद्र मिश्रा के द्वारा गुरु के महत्व को बताते हुए गुरु के शाब्दिक अर्थ को समझाया गया। जहाँ शिक्षिका नीतू टेंभरे ,राजकुमारी लिल्हारे ने गीत प्रस्तुत की। इस अवसर पर स्नेहा बुर्डे ,लता पटले, मोनिका पटले सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र छात्राएं मौजूद रहा।






# रामपायली के व्यायाम शाला में मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व

रामपायली/वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी स्थानीय जय बजरंग व्यायाम शाला में गुरु पूर्णिमा पर्व के अवसर पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम भक्त हनुमान महाराज का विधि विधान से पूजन पाठ किया गया। इस अवसर पर व्यायाम शाला के संचालक नरेंद्र सिंह चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिनका गुरु पर्व के अवसर पर शाल श्रीफल गमछा देकर सत्कार किया गया। इस पूजन आरती पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस गुरु पर्व के अवसर



# धर्मांतरण का धंधा- विदेशी फंडिंग और सामाजिक विघटन का षड्यंत्र

उत्तर प्रदेश में एटीएस ने एक बड़े धर्मांतरण रैकेट का खुलासा किया है, जिसमें विदेशी फंडिंग के जरिए करीब 100 करोड़ रुपये 40 खातों में भेजे गए। मुख्य आरोपी 'छांगरू बाबा' उर्फ जमशेदुद्दीन के नेतृत्व में यह गिरोह ऊंची जाति की लड़कियों के लिए 15-16 लाख रुपये की दर से धर्मांतरण कराता था। यह मामला केवल आस्था नहीं, बल्कि एक सुनियोजित सामाजिक षड्यंत्र है जो जाति, धर्म और लिंग के आधार पर राष्ट्र की एकता को तोड़ने का प्रयास करता है। इसे धार्मिक स्वतंत्रता नहीं, संगठित अपराध के रूप में देखा जाना चाहिए। धर्म किसी भी समाज की आत्मा होता है, लेकिन जब धर्म का प्रयोग धंधे में बदल जाए तो सवाल सिर्फ आस्था का नहीं, राष्ट्र की सुरक्षा, सामाजिक समरसता और नैतिक मूल्यों का हो जाता है। उत्तर प्रदेश में एटीएस द्वारा उजागर किए गए एक बड़े धर्मांतरण रैकेट ने यही भयावह सच्चाई हमारे सामने रखी है। कथित रूप से छांगरू बाबा उर्फ जमशेदुद्दीन के नेतृत्व में यह गिरोह न केवल भोले-भाले लोगों का धर्मांतरण कर रहा था, बल्कि इसके पीछे एक व्यवस्थित नेटवर्क, विदेशी फंडिंग और जातिगत लक्ष्य निर्धारण भी शामिल था। जिस प्रकार से इस रैकेट की कार्यप्रणाली सामने आई है, वह धर्मांतरण को एक सुनियोजित व्यवसाय के रूप में प्रकट करती है। यह कोई व्यक्तिगत आस्था का निर्णय नहीं, बल्कि विदेशी पैसों से संचालित एक मिशन था। जिसमें धर्म, जाति, स्त्री और समाज को एक वस्तु की तरह देखा गया। एफआईआर और जांच रिपोर्ट के अनुसार, धर्मांतरण के लिए बाकायदा रेट कार्ड था। ऊंची जाति की लड़कियों के लिए धर्मांतरण की दर 15-16 लाख रुपये तक थी, जबकि अन्य लड़कियों के लिए 8-10 लाख रुपये। सोचिए, जब धर्म को भी जाति और लिंग के आधार पर मूल्यांकित किया जाने लगे, तो वह किस स्तर तक गिरावट का प्रतीक बनता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस रैकेट के पास 40 बैंक खाते थे जिनमें विदेशों से 100 करोड़ रुपये से अधिक की रकम भेजी गई। यह रकम किसके इशारे पर भेजी गई, किन उद्देश्यों के लिए, और किन देशों से यह सवाल सिर्फ जांच एजेंसियों के नहीं, पूरे देश के हैं। क्या यह केवल धर्मांतरण के लिए था या इसके पीछे कोई और बड़ा वैश्विक, राजनीतिक या वैचारिक षड्यंत्र भी छिपा है? इस रैकेट की कार्यशैली में सोशल मीडिया का जबरदस्त उपयोग किया गया। वीडियो, मोटिवेशनल भाषण, 'इस्लाम कबूल करने से मिली राहत' जैसे फर्जी वीडियो वायरल कर कमजोर तबकों को बरगलाया गया। पहले मानसिक रूप से प्रभावित किया गया, फिर आर्थिक लालच दिया गया और अंत में जबरन धर्मांतरण। यह साइकोलॉजिकल वॉरफेयर जैसा है जहां पहले मस्तिष्क जीता जाता है, फिर शरीर। और सबसे दुखद यह कि इसे धर्म का नाम दिया गया। इस प्रकरण में बलरामपुर जिले के एक पूरे परिवार के धर्मांतरण की पुष्टि हुई है। वहां महिलाओं और बच्चों को टारगेट कर उन्हें धर्म बदलने के लिए मजबूर किया गया। यह कोई एक अपवाद नहीं, बल्कि उसी पैटर्न का हिस्सा है। जिसमें ग्रामीण, अशिक्षित और आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों को निशाना बनाया जाता है। यह सामाजिक असमानता का शोषण है। जब राज्य, समाज और प्रशासन इन परिवारों की रक्षा नहीं कर पाते, तो ऐसे गिरोह अपना मकड़जाल फैलाते हैं। इस रैकेट का सबसे खतरनाक पहलू था। जातिगत दर निर्धारण। ऊंची जाति की लड़कियों के धर्मांतरण के लिए अधिक पैसा दिया जाता था। इसका मतलब है कि धर्मांतरण सिर्फ धर्म का नहीं, जाति-सामाजिक संरचना को तोड़ने का औजार भी बन चुका है। यह न केवल हिंदू समाज को कमजोर करने की चाल है, बल्कि राष्ट्र को आंतरिक रूप से विखंडित करने की भी रणनीति है। इस मामले पर तथाकथित सेक्युलर बुद्धिजीवी वर्ग चुप है।

# भारतीय संस्कारों की सरिता, महान परंपरा

वैश्विक स्तरपर आज भारतीय संस्कारों की सरिता, महान परंपरा, भारतीय सभ्यता, वैचारिक अधिष्ठान रूपी आवाज़ अब केवल भारत की सीमाओं तक ही सीमित नहीं है, यह विश्व भर में फैल रहे हैं और पूरे विश्व को जोड़ रहे हैं इसका एहसास हमें अब होने लगा है, क्योंकि जब हमने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और टीवी चैनलों पर भारत के पीएम के अनेक विदेश दौरों में देखा कि किस तरह वहां पीढ़ियों से बसें भारतीय मूल के लोगों के दिल में उनके पुरखों द्वारा भारत से लाए लोकतांत्रिक मूल्यों, कर्तव्यों से संस्कारों की सरिता का प्रत्यक्ष प्रमाण दिखा जब वे भारतीय पीएम के प्रति इतनी उत्सुकता और अपनी पुरखों की मिट्टी से कोई उनके देश आता है तो उनके दिल के कोने से करोड़ों खुशियों के फव्वारे होते हैं यह हम देखते आ रहे हैं।

साथियों बात अगर हम भारतीय मूल के व्यक्ति की परिभाषा की करें तो यह ऐसा व्यक्ति जिसका कोई पूर्वज भारतीय नागरिक था और जो वर्तमान में अन्य देश की नागरिकता या राष्ट्रीयता धारण करता है/करती है। इन लोगों के पास उसी देश का पासपोर्ट होता है। चूंकि इन लोगों के पास विदेशी पासपोर्ट होता है।

साथियों बात अगर हम भारतीय मूल के व्यक्तियों की गाथा की करें तो कल्पना चावला कमला हैरिस के काम और नाम तो हम जानते ही हैं इसके अलावा,अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष की मुख्य अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ और नासा के वैज्ञानिक कमलेश लुल्ला अमेरिकी स्वतंत्रता दिवस से पहले एक प्रतिष्ठित अमेरिकी फाउंडेशन की तरफ से सम्मानित किए गए उन 34 अप्रवासियों में से हैं, जिन्होंने अपने योगदान और कार्यों के माध्यम से अमेरिकी समाज और लोकतंत्र को समृद्ध और मजबूत किया है। गोपीनाथ और लुल्ला न्यूयॉर्क के कार्नेगी कॉरपोरेशन की तरफ से नामित '2021 ग्रेट इमिग्रेंट्स (महान प्रवासी) की लिस्ट में शामिल हैं।ये एक गैर सरकारी संगठन है।विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भारतीय समुदाय का दबदबा कायम रखते हुए भारतीय मूल के छह किशोरों ने अमेरिका का प्रतिष्ठित डेविडसन फेलो स्कॉलरशिप हासिल कर ली है। सिंगापुर में भारतीय मूल के सीनियर सेल्स एग्जीक्यूटिव शक्तिबालन बालथंडौथम को अपने लीवर का एक हिस्सा एक साल की बच्ची को दान करने के लिए द स्ट्रेट्स टाइम्स सिंगापुरियन ऑफ द ईयर 2021 का पुरस्कार मिला है, जिससे वह पहले कभी नहीं मिले थे। अमेरिका में मिडिल स्कूल के छात्रों के लिए आयोजित होने वाली एक प्रमुख विज्ञान और इंजीनियरिंग प्रतियोगिता में भारतीय मूल के बच्चों ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता के पांच विजेताओं में भारतीय मूल के चार बच्चे शामिल हैं, जिसमें 14 वर्षीय भारतीय मूल के लड़के ने प्रतियोगिता में शीर्ष पुरस्कार प्राप्त किया है।

साथियों बात अगर हम भारतीय संस्कृति की करें तो भारतीय संस्कृति व सभ्यता विश्व की सर्वाधिक प्राचीन एवं समृद्ध संस्कृति व सभ्यता है। इसे विश्व की सभी संस्कृतियों की जननी माना जाता है। जीने की कला हो, विज्ञान हो या राजनीति का क्षेत्र भारतीय संस्कृति का सदैव विशेष स्थान रहा है।अन्य



देशों की संस्कृतियाँ तो समय की धारा के साथ-साथ नष्ट होती रही हैं किंतु भारत की संस्कृति व सभ्यता आदिकाल से ही अपने परंपरागत अस्तित्व के साथ अजर-अमर बनी हुई है। पूरे विश्व में भारत अपनी संस्कृति और परंपरा के लिये प्रसिद्ध देश है। ये विभिन्न संस्कृति और परंपरा की भूमि है। भारत विश्व की सबसे पुरानी सभ्यता का देश है।

भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण तत्व अच्छे शिष्टाचार, तहज़ीब, सभ्य संवाद, धार्मिक संस्कार, मान्यताएँ और मूल्य आदि हैं। अब जबकि हरेक की जीवन शैली आधुनिक हो रही है, भारतीय लोग आज भी अपनी परंपरा और मूल्यों को बनाए हुए हैं। विभिन्न संस्कृति और परंपरा के लोगों के बीच की घनिष्ठता ने एक अनोखा देश, भारत बनाया है। अपनी खुद की संस्कृति और परंपरा का अनुसरण करने के द्वारा भारत में लोग शांतिपूर्ण तरीके से रहते हैं।

साथियों बात अगर हम भारतीय संस्कृति के प्रमुख विशेषताओं की करें तो (1)आध्यात्मिकता एवं भौतिकता का समन्वय, (2)- सम्मानता- सम्भाव का होना,(3)- अनेकता में एकता की शक्ति , (4)- भारत माता का हित एवं उन्नति-तरक्की की सोच (5)- ग्रहणशीलता- उत्सवों की प्रांगणता (6)- शास्त्रों की महानता, व उपयोगिता, (7)- विविधता-प्राचीनता (8)-भावनाएँ-विश्वास-परम्पराएं, (9)- गतिशीलता-निरंतरता,(10)- लचीलापन एवं सहिष्णुता,(11)- वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना,(12)- जीवों का संरक्षण, सभी प्राणियों के हितैषी, (13)- लोकहित और विश्व-कल्याण, (14)- पर्यावरण संरक्षण,(15)- नारियों का सम्मान व उत्थान।

साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वाराएक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्होंने कहा, एक भारतीय दुनिया में कहीं भी रहे, कितनी ही पीड़ियों तक रहे, उसकी भारतीयता, उसकी भारत के प्रति निष्ठा, लेश मात्र भी कम नहीं होती। वो भारतीय जिस देश में रहता है पूरी लगन और ईमानदारी से उस देश की भी सेवा करता है। जो लोकतांत्रिक मूल्य, जो कर्तव्यों का ऐहसास उसके पुरखे भारत से ले गए होते हैं, वो उसके दिल के कोने में हमेशा जीवंत रहते हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि भारत एक राष्ट्र होने के साथ ही एकमहान परंपरा है, एक वैचारिक अधिष्ठान है, एक संस्?कार की सरिता है।भारत वो शीर्ष चिंतन है- जो वसुधैव कुटुंबकम की बात करता है। भारत दूसरे के नुकसान की कीमत पर अपने उत्थान के सपने नहीं देखता। भारत अपने साथ सम्पूर्ण मानवता के, पूरी दुनिया के कल्याण की कामना करता है। इसीलिए, कनाडा या किसी भी और देश में जब भारतीय संस्कृति के लिए समर्पित कोई सनातन मंदिर खड़ा होता है, तो वो उस देश के मूल्यों को भी समृद्ध करता है। इसलिए, आप कनाडा में भारत की आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हैं, तो उसमें लोकतन्त्र की साझी विरासत का भी सेलिब्रेशन होता है। और इसलिए, मैं मानता हूँ, भारत की आजादी के अमृत महोत्सव का ये सेलिब्रेशन कनाडा के लोगों को भी भारत को और नजदीक से देखने समझने का अवसर देगा।

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारतीय संस्कारों की सरिता, महान परंपरा विदेशों में बसे भारतीयों के दिल में उनके पुरखों द्वारा भारत से लाए लोकतांत्रिक मूल्यों, कर्तव्यों संस्कारों की सरिता हमेशा जीवंत पर रहती है तथा वैश्विक स्तरपर भारत की प्रतिष्ठा शीर्ष स्तरपर पहुंचाने में भारतीयों, भारतीय मूल के सभी लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

**-संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यम सीए (एटीसी)**
**-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

# प्रेरक व्यक्तित्व - रंग चिकित्सा से लेकर मंत्र चिकित्सा तक ब्रह्मांडीय ऊर्जा के बल पर करती है वर्षा ठाकुर!

वर्षा ठाकुर का नाम आज समग्र चिकित्सा और ब्रह्मांडीय ऊर्जा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रतिभा के रूप में उभर कर सामने आया है। उनका जीवन और कार्य न केवल एक प्रेरणा है, बल्कि यह दर्शाता है कि समग्र स्वास्थ्य को प्राप्त करने के लिए कला, विज्ञान और प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों का सम्मिलन किस प्रकार सकारात्मक परिणाम दे सकता है।25 वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ, वर्षा ठाकुर ने अपने जीवन को समग्र चिकित्सा के एक मिशन में बदल लिया है। उन्होंने वास्तु, रंग चिकित्सा, ध्वनि चिकित्सा और ब्रह्मांडीय ऊर्जा के माध्यम से लोगों को मानसिक, शारीरिक और आत्मिक संतुलन में मदद की है। वास्तु शास्त्र के माध्यम से वह स्थानों में ऊर्जा का प्रवाह सही दिशा में मोड़ने का प्रयास करती हैं, ताकि व्यक्ति मानसिक शांति और शारीरिक स्वास्थ्य का अनुभव कर सके। रंग चिकित्सा के जरिए वह विभिन्न रंगों के प्रभाव को समझाती हैं, जो मानसिक शांति को बढ़ाने और शरीर में ऊर्जा का संचार करने का काम करते हैं। ध्वनि चिकित्सा भी उनके उपचार का एक अहम हिस्सा है। वह मानती हैं कि ध्वनियाँ और तरंगें हमारे शरीर की ऊर्जा को संतुलित कर सकती हैं, जिससे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है। इसके अलावा, वर्षा ठाकुर ब्रह्मांडीय किरणों पर भी गहरी जानकारी रखती हैं, जिन पर आजकल नासा जैसे संगठन शोध कर रहे हैं। उनका मानना है कि इन किरणों का सही उपयोग जीवन को और अधिक सकारात्मक बना सकता है और हमारी चेतना को जाग्रत कर सकता है।उनकी जीवन यात्रा न केवल समग्र चिकित्सा के क्षेत्र में, बल्कि कला और पत्रकारिता के क्षेत्र में भी अद्वितीय है। वर्षा ठाकुर ने नृत्य और रंगमंच के क्षेत्र में भारत के साथ-साथ जर्मनी और इंग्लैंड जैसे देशों में भी अपने कौशल का प्रदर्शन किया है। उनकी कला के प्रति समर्पण ने उन्हें अपनी चिकित्सा पद्धतियों में रचनात्मकता का पुट दिया है, जिससे वह लोगों से एक गहरे स्तर पर जुड़ सकी हैं। इसके अतिरिक्त, पत्रकारिता में उनके अनुभव ने संवाद और कहानी कहने की कला में उन्हें माहिर बना दिया है, जो उनके हीलिंग कार्य को और भी प्रभावी बनाता है।वर्षा ठाकुर का मानना है कि हर व्यक्ति के पास अपनी आंतरिक ऊर्जा को पहचानने और उसे सही दिशा में उपयोग करने की क्षमता है। उन्होंने समग्र हीलिंग के क्षेत्र में अपने अनुभवों से यह सिद्ध किया है कि कला, विज्ञान और प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों का संयोजन जीवन को बेहतर बनाने में सहायक हो सकता है।उनकी यात्रा न केवल व्यक्तिगत विकास का उदाहरण है, बल्कि यह यह भी दर्शाती है कि समर्पण और अनुभव के साथ हम किसी भी क्षेत्र में नई दिशा और समाधान ला सकते हैं।वर्षा ठाकुर का समर्पण और उनका कार्य यह सिद्ध करता है कि अगर हम अपने जीवन को समग्र दृष्टिकोण से देखें, तो हम शारीरिक, मानसिक और आत्मिक संतुलन को प्राप्त कर सकते हैं।आज,वर्षा ठाकुर के कार्य और विचार लोगों को एक नई दिशा देने के साथ-साथ उन्हें अपने भीतर की शक्ति और शांति को पहचानने की प्रेरणा भी दे रहे हैं। उनका योगदान न केवल चिकित्सा के क्षेत्र में है, बल्कि वह अपने जीवन के माध्यम से यह भी साबित करती हैं कि सकारात्मक ऊर्जा और संतुलन से हम सभी अपनी जि़न्दिगी को बेहतर बना सकते हैं।वर्षा ठाकुर का जीवन न केवल कला, बल्कि चिकित्सा और समाज सेवा के क्षेत्र में भी एक प्रेरणास्त्रोत है। एक समर्पित हीलर के रूप में उनकी यात्रा ने न केवल जीवन की कठिनाइयों को पार किया, बल्कि लाखों लोगों को मानसिक, शारीरिक और आत्मिक शांति की दिशा में मार्गदर्शन भी दिया। समग्र चिकित्सा के साथ-साथ, वर्षा ठाकुर ने प्राणिक हीलिंग, मंत्र चिकित्सा, प्रार्थना चिकित्सा और अन्य पद्धतियों के माध्यम से कई गंभीर समस्याओं का सफल उपचार किया है।उनकी प्राणिक हीलिंग पद्धति, जो शरीर की ऊर्जा और शक्ति को संतुलित करने के लिए ऊर्जा के प्रवाह पर ध्यान केंद्रित करती है, ने बहुत से लोगों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार किया है। खासतौर पर मानसिक तनाव और डिप्रेशन जैसी समस्याओं से जूझ रहे लोगों के लिए यह उपचार बेहद कारगर साबित हुआ है। वर्षा ठाकुर का मानना है कि जब मन और शरीर दोनों संतुलित होते हैं, तो आत्मा भी शांति रहती है। उन्होंने ऐसे कई मामलों में सफलता प्राप्त की है, जहां लोग लंबे समय से अवसाद और मानसिक दबाव का सामना कर रहे थे, और उनके उपचार से उनकी जिंदगी में सकारात्मक बदलाव आया।अनिद्रा जैसी समस्याओं के इलाज में भी वर्षा ठाकुर ने अपनी चिकित्सा पद्धतियों का प्रयोग किया है। रात-रात भर सोने में कठिनाई का सामना करने वाले लोगों को उन्होंने प्राणिक हीलिंग और मंत्र चिकित्सा के माध्यम से बेहतर नींद की प्राप्ति में मदद की है। इन तकनीकों के जरिए वह व्यक्ति के मानसिक तनाव को कम करती हैं और उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से आरामदायक नींद लेने में सहायक बनाती हैं।इसके अलावा, आर्थराइटिस जैसे पुराने जोड़ों के दर्द से परेशान मरीजों को भी वर्षा ठाकुर ने उपचार प्रदान किया है। उनका मानना है कि प्राचीन उपचार विधियों और समग्र चिकित्सा के संयोजन से शरीर की ऊर्जा को संतुलित किया जा सकता है, जिससे दर्द में कमी आती है और व्यक्ति सामान्य जीवन जीने में सक्षम होता है। उन्होंने कई आर्थराइटिस पीडि़तों को बिना दवाओं के, ऊर्जा उपचार से लाभ दिलाया है।वर्षा ठाकुर का अनुभव केमोथेरेपी के साइड इफेक्ट्स के उपचार में भी अविस्मरणीय रहा है। कैंसर के मरीजों के लिए कीमोथेरेपी से होने वाले साइड इफेक्ट्स जैसे कमजोरी, थकान और मानसिक अस्थिरता को कम करने के लिए उन्होंने अपनी प्राणिक हीलिंग और अन्य चिकित्सा विधियों का उपयोग किया। इसके माध्यम से वह मरीजों को शारीरिक और मानसिक राहत प्रदान करती हैं और उनके जीवन की गुणवत्ता को सुधारने में मदद करती हैं।उनकी मंत्र चिकित्सा और प्रार्थना चिकित्सा ने भी कई लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाए हैं। वह मानती हैं कि अगर किसी भी व्यक्ति का आत्मविश्वास मजबूत हो और वह मानसिक शांति प्राप्त कर सके, तो उसका शरीर भी स्वस्थ रहता है। उन्होंने कई बार लोगों को अपने स्वयं के भीतर की शक्ति और आत्मविश्वास से जुड़ने के लिए प्रेरित किया, जिससे उन्होंने खुद को बेहतर महसूस किया और स्वास्थ्य में सुधार देखा।उनकी सफलता की कहानियाँ अब न केवल चिकित्सा के क्षेत्र में, बल्कि जीवन की कठिनाइयों से जूझने वाले हर व्यक्ति के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुकी हैं। वह न केवल एक हीलर, बल्कि एक सशक्त महिला और समाज सेविका के रूप में भी अपनी पहचान बना चुकी हैं, जो कभी भी अपनी मानवता और सेवा भाव को नहीं भूलतीं। उनके कार्यों ने यह सिद्ध किया है कि अगर दिल से सेवा की जाए और सही दिशा में काम किया जाए, तो जीवन में सफलता और शांति प्राप्त की जा सकती है।

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

# बिहार चुनावों में महिलाओं पर दांव के निहितार्थ

बिहार में इस साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव आयोग ने अभी तक मतदान की तारीखों की घोषणा नहीं की है, लेकिन राज्य में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। विभिन्न राजनीतिक दल लुभावनी घोषणाएं कर रहे हैं, नये-नये मुद्दों को उछाला जा रहा है। गोपाल खेमका हत्याकांड हो या तंत्र मंत्र के चलते एक ही परिवार के पांच लोगों को जला देने की त्रासद घटना- नीतीश कुमार पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मतदाता सूचियों के विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान पर संदेह के सवालों के साथ मुखर विपक्षी दल इसके खिलाफ राजनीतिक लड़ाई के साथ ही कानून विकल्पों पर भी गंभीरता से विचार कर रहे हैं। इस बीच, एनडीए की सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने एनडीए से दूरी बनाते हुए बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का संकेत देकर सियासी परिदृश्य को दिलचस्प बना दिया है। इन्हीं परिदृश्यों के बीच बिहार सरकार ने सरकारी नौकरियों में स्थानीय महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने के फैसला लेकर चुनावी सरगर्मियों को एक नया मो? दे दिया है। बिहार सरकार का यह निर्णय केवल एक चुनावी रणनीति भर नहीं, बल्कि एक गहरे सामाजिक परिवर्तन का संकेतक भी है। तय है कि इस बार के बिहार चुनाव के काफी दिलचस्प एवं हंगामेदार होंगे।

सरकारी नौकरियों में स्थानीय महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण के गहरे निहितार्थ हैं। एनडीए की नीतिश सरकार ने स्थानीय महिलाओं को प्राथमिकता देने एवं उनके लिए सरकारी रोजगार उपलब्ध कराने के इस ब्रह्मास्त्र को दाग कर चुनावी समीकरण अपने पक्ष में कर लिये हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसे महिला सशक्तिकरण का राजनीतिक समाधान बताया, क्योंकि राज्य की महिलाएँ कई चुनावों में निर्णायक भूमिका निभा रही हैं। पिछली लोकसभा चुनाव में महिलाओं की मतदान दर पुरुषों से कहीं अधिक रही, 59.45 प्रतिशत महिलाओं ने हिस्सा लिया जबकि पुरुष केवल 53 प्रतिशत मतदान करने पहुंचे। यह आंकड़ा दिखाता है कि चुनावी जीत में महिला मतदाता कितनी निर्णायक हो सकते हैं, साफ है, सत्ता की चाबी वहां महिलाओं ने अपने हाथों में ले ली है और वे धार्मिक व जातिगत आग्रहों से अधिक लैंगिक हितों से प्रेरित हैं। बिहार उन शुरुआती राज्यों में एक है, जिसने पंचायत और स्थानीय निकायों में आधी आबादी के लिए पचास फीसदी सीटें आरक्षित की हैं। इस कदम ने यहां की स्त्रियों में जबर्दस्त राजनीतिक जागरूकता पैदा की है। चुनावों की दशा एवं दिशा बदलने में महत्वपूर्ण एवं निर्णायक किरदार निभाने के कारण ही हरेक राजनीतिक दल महिला वर्ग को आकर्षित करने में जुट गया है। राजद-कांग्रेस-वाम दलों का महागठबंधन 'माई-बहिन मान योजना' के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 रुपये देने का वायदा कर चुका है, तो राजद नेता तेजस्वी यादव बेरोजगारी और डोमिसाइल के मुद्दे को जोर-शोर से उठा रहे हैं। ऐसे में, नीतीश सरकार के इस नीतिगत कारण बनेगा। यही कारण है कि नीतीश कुमार सरकार महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए एक के बाद एक योजनाएं ला रही है। साइकिल योजना, पोशाक योजना, कन्या उत्थान योजना, वृद्धावस्था पेंशन में वृद्धि, पिंक टॉयलेट, महिला पुलिस भर्ती में आरक्षण जैसे कई कदम इस सिलसिले में पहले ही उठाए जा चुके हैं। यह मान्यता कि बेटियां अब सिर्फ अपने घरों की शोभा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की



भागीदार हैं, नीति निर्माण में स्पष्ट झलकने लगा है। यह न केवल बिहार की महिलाओं को उनके अधिकार का अनुभव कराएगा, बल्कि बेरोजगारी से जूझते प्रदेश में स्थानीय प्रतिभा के पलायन को भी रोकेगा। इस फैसले से खास तौर पर निम्न और मध्यमवर्गीय महिलाओं को फायदा होगा, जिनके लिए दूसरे शहरों में जाकर नौकरी करना एक बड़ा पारिवारिक और सामाजिक संकट बन जाता है। घर के पास नौकरी मिलने से न केवल सुरक्षा की भावना बढ़ेगी, बल्कि समाज में महिलाओं की स्थायी उपस्थिति और भूमिका भी मजबूत होगी।

हालांकि इस फैसले को लेकर विपक्षी दलों की मिश्रित प्रतिक्रिया सामने आई है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने इसे नीतीश कुमार की चुनावी चाल बताया है और आरोप लगाया है कि सरकार महिलाओं की वास्तविक समस्याओं को दूर नहीं कर पा रही, बल्कि सिर्फ भावनात्मक मुद्दों को उछालकर वोट बटोरने की कोशिश कर रही है। तेजस्वी यादव का कहना है कि महिला आरक्षण सही है, लेकिन रोजगार के अवसर कब हैं?

सरकारी नियुक्तियों की प्रक्रिया वर्षों से लटकी रहती है, परीक्षा की तारीखें टलती हैं, नियुक्ति पत्र देर से आते हैं, ऐसे में आरक्षण का लाभ कब और किसे मिलेगा? उनकी बातों में सच्चाई भी है, क्योंकि प्रक्रियाओं की पारदर्शिता और समयबद्धता भी उतनी ही आवश्यक है जितनी आरक्षण की नीति। यह महिला आरक्षण अब केवल बिहार के स्थायी निवासियों अर्थात डोमिसाइल महिलाओं के लिए ही होगा। यानी जो महिलाएं राज्य की स्थायी निवासी नहीं हैं, उन्हें इस आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा-उन्हें सामान्य श्रेणी में आवेदन करना होगा। इसलिये इसे केवल घरेलू हितों को साधने वाला प्रत्यक्ष प्रचार माना जा रहा है, जिसमें गैर-स्थायी निवासियों को अवसरों से वंचित किया जा रहा है। विपक्ष इस कदम को डोमिसाइल नीति के अनुरूप बताते हुए सवाल उठा रहा है कि क्या इससे सामाजिक न्याय और समान अवसर की भावना नहीं बिगड़ जाएगी?

बिहार में बेरोजगारी चुनावी चर्चा का मुख्य मुद्दा है। युवा खासकर उच्चशिक्षित वर्ग नौकरी की तलाश में है। 35 प्रतिशत आरक्षण के साथ-साथ सरकार ने वेकेंसी क्रिएशन, युवा आयोग गठन, कृषि व स?क इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च जैसे उपाय किए है। 2025 के बिहार चुनाव बहुआयामी लड़ाई से परिपूर्ण है, जातिगत समीकरण, युवा और ग्रामीण विकास, मतदाता सूची संशोधन जैसे मुद्दों ने चुनावी माहौल को गहराई दी है। सरकार ने पिछले बजट में 'महिला हाट', 'पिंक बस', 'पिंक टॉयलेट', स्कूल जाने वाली लड़कियों के लिए साइकिल योजनाएं, दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए संबल वित्तीय सहायता जैसी महिलाओं को लुभाने वाली योजनाओं के प्रावधान किये हैं। नीतीश सरकार ने चुनावों को देखते हुए सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत मिलने वाली राशि में भारी बढ़ोतरी की घोषणा की है। अब वृद्ध, दिव्यांग और विधवा महिलाओं को प्रतिमाह 400 रुपए की बजाय 1100 रुपए पेंशन मिलेगी। इस घोषणा के बाद पूरे बिहार में पेंशन के 1 करोड़ 9 लाख 69 हजार लाभार्थियों में हर्ष का माहौल दिखाई दे रहा है।

यह कहना उचित होगा कि बिहार की राजनीति इस बार स्थानीयता, जातिगत समीकरण और सामाजिक कल्याण के मिश्रित आरोपणों के बीच गंभीर मुठभे? के दौर से गुजर रही है। चुनाव नतीजे यह तय करेंगे कि क्या यह रणनीतियाँ सचमुच सतत परिवर्तन की ठोस बुनियाद रखेंगी, या चुनावी भाषण के बाद हवा में खो जाएँगी। नवीनतम ओपिनियन पोल बताते हैं कि एनडीए फिर सत्ता में लौट सकता है, खासकर महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के बीच मजबूत समर्थन के चलते। वहीं, महागठबंधन (आरजेडी, कांग्रेस, अन्य) जातीय समीकरण (ईबीसी-ओबीसी) का आधार लेकर मुकाबले में है।

दांव को समझा जा सकता है। जातिगत और स्थानीय समीकरण भुनाने के लिए निश्चित ही यह एक संगठित चाल है, जहां जाति और आवासीयता दोनों को आधार बनाया गया।

यह सर्वविदित तथ्य है कि भारत में शैक्षिक क्षेत्र में लैंगिक खाई लगातार सिमट रही है। बिहार की बेटियां देश के अनेक महानगरों में अपनी योग्यता और मेहनत के दम पर पहचान बना चुकी हैं। सूचना क्रांति, बढ़ती अपेक्षाओं और सामंती बंधनों के ढीले पढ़ने जाने के कारण अब ग्रामीण बिहार की बेटियां भी ऊंचे सपने संजो रही हैं। हाल ही में बिहार में शिक्षकों की नियुक्ति के दौरान यह देखा गया कि देश के विभिन्न प्रदेशों की योग्य लड़कियां इंटरव्यू देने आईं, जिनमें से अनेक ने सफलता प्राप्त की और अब बिहार के सरकारी स्कूलों में अध्यापन कर रही हैं। निस्संदेह, यह एक सैद्धांतिक रूप से प्रगतिशील और समावेशी समाज का प्रतीक है, जहाँ महिलाएं सीमाओं से परे जाकर अपनी पहचान बना रही हैं। लेकिन व्यावहारिक धरातल पर देखें, तो महिला सुरक्षा, सामाजिक असमानता, आवास व पारिवारिक बाधाएं, और प्रवास की मजबूरियाँ अब भी मौजूद हैं। ऐसे में यदि सरकारें योग्य महिलाओं को उनके घर के आस-पास ही रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएं, तो यह न केवल महिला सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक कदम होगा, बल्कि सामाजिक संरचना में स्थिरता और पारिवारिक सहूलियत का भी

**-ललित गर्ग**

# इंदौर बाजार भाव

**इंदौर।** कमजोर स्टॉक के चलते शुक्रवार को किराना जिंसों में हरि इलायची बाजार तेजी के रहे। शक्कर में टिकाव रहा। खाद्य तेलों में मजबूती रही। तिलहनों में टोली में सुधार रहा। दलहनों में बाजार बने रहे। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार किराना जिंस बाजार में हरि इलायची में तेजी देखने को मिली, जिसकी मुख्य वजह कमजोर स्टॉक बताई जा रही है। वहीं, शक्कर के भावों में टिकाव रहा। खाद्य तेलों के बाजार में मजबूती दर्ज की गई और व्यापार अच्छा रहा। तिलहनों में सरसों और सोयाबीन के भाव स्थिर बने रहे, जबकि टोली में सुधार देखा गया। दलहनों के बाजार में भी मजबूती बरकरार रही, विशेषकर चना बाजार मजबूत देखा गया। व्यापारियों के अनुसार, हरि इलायची में पूछपरख जारी है और सीमित स्टॉक के कारण कीमतों में उछाल आया है। भाव इस प्रकार रहे-

**किराना**- शक्कर 4080-4125, खोपरा गोला 340-380, खोपरा बूरा 4400-6600 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 275-283, मीडियम 287-292, बेस्ट 300-310, ऊंझा हल्का 268-285, बेस्ट 295-310, हल्दी निजामाबाद 150-200, सांगली 250-255, साबूदाना हल्का 4500-4600, मीडियम 4650-4850, बेस्ट 5100-5500, ग्लास 6100, वरलक्ष्मी 5350, मोरधन 7200-8200, सौंफ मोटी 110-250, एस्ट्रा बेस्ट 300-400, सौंफ बारिक 280-400, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 770-800, गरबल 740-750, मटरदाना 825-850, खसखस अनक्लीन 950-1200, क्लीन 1300-1350, दालचीनी 250-265, जायफल 725-750, बेस्ट 780-790, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 340-425, बेस्ट 475-500, जावत्री 1675-1750, बेस्ट 1850-1890, केसर 175-185, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 765-775, बेस्ट 800-810, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 100-135, सिंदूर 6600, देशी कपूर 720-770, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 2700-2800, मीडियम 2900-3050, बोल्ड 3100-3400, एक्ट्रा बोल्ड 3500-3700, पानबार 2450, बड़ी इलायची 1550-1850, बेस्ट 1950-2050, तरबूज मगज 480-500, काजू (240) 900-950, काजू (210) 950-1000, काजू (320) 870-900, काजू एस. डब्ल्यू 800-810, जे.एच. 830-860, टुकड़ी 750-800, बादाम मगज 870-925, सिंगापुरी 795-815, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 1100-1625, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1300-1450, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 3400-3500, (160) 4300-4400, (200) 4800-5000, (250) 5000-5100

**तेल**- सींगदाना 1410-1430, मुम्बई 1415, राजकोट तेलिया 2205, सोया साल्वेंट 1100-1110, सोया रिफाइंड 1170-1200, कपास्या 1260, धूलिया 1265, कड़ी 1265,

**रात की धारणा**- गुजरात लुज 1360-1370, मुम्बई पाम 1180, मुम्बई सोया 1205,

**खली**- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2300, देवास-उज्जैन 2300, खंडवा-बुरहानपुर 2275, अकोला 3175 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन**- सरसो 6400-6600, रायडा 5800-6000, सोयाबीन 4200-4250, टोली (महुआ बीज) 4400-4600, करंज 4400-4500, अलसी 6800-7000, अरंडी 4500-4700, तिल्ली पुरानी 6500-7000, तिल्ली नई 7200-7500,

**दलहन**- चना कांटेवाला बेस्ट 6000-6050, एवरेज 5800-5900, विशाल 5450-5550, काबूली डॉलर 8500-9000, काबुली रशा?यन 5600-5800, बिटकी 5300-5400, मसूर बेस्ट 6000-6100, एवरेज 5800-5900, मूंग देशी 7300-7400, पाला 7200-7300, चमकी 7400-7500, नायलोन 7500-7600, तुअर निमाड़ी बेस्ट 6600-6700, एवरेज 6500-6600, हल्की 6400-6500, तुअर महाराष्ट्र 6600-6700, महाराष्ट्र लाल 6600-6900, उड़द बेस्ट 7400-7500, एवरेज 7200-7300, शंकर 7000-7100, हल्की 6900-7000,

**दाल**- चना दाल एवरेज 7300-7500, बोल्ड 7700-8100, तुअर दाल सवा नं. 7300-7400, तुअर दाल फूल 9000-9100, तुअर दाल बोल्ड 9900-10100, मसूर दाल एवरेज 7750-7850, बेस्ट 7950-8100, मूंग दाल 9500-9600, बोल्ड 9800-10000, मूंग मोगर 9300-9400, बोल्ड 9700-9800, उड़द दाल 8500-8600, बोल्ड 8700-8900, मोगर 9800-10000, बोल्ड 10100-10200,

**अनाज**- गेहूं मिल क्वालिटी 2625-2650, लोकवन 2800-2850, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2650-2675, पूर्णा 2750-2800, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2275-2300,

**चावल**- चावल हंसा सफेद 3000-3200, सेला 3600-3800, परमल 3500-3800, दुबराज 4500-5500, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8900, बासमती दुबार 9500-10000, मीनी दुबार 8000-8500, मोगरा 4500-6000, तिबार 10500-11500, बासमती (921) 12000-13000, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4800-5300,

**मावा**- इन्दौर 320, उज्जैन 260, रतलाम 270 रू. प्रति किलो।

# इंदौर सर्राफा बाज़ार

**इन्दौर।** शुक्रवार को स्थानीय सराफा बाजार में ग्राहकी वाली बात नहीं रही। विदेशी बाजारों में आयी तेजी से दोनों ही कीमती धातुओं में बाजार सुर्खी पर रहे। भाव इस प्रकार रहे -

चाँदी (9999) 109000, चाँदी (99) 108900, टंच 108200, सिक्का 1200, सोना 10 ग्राम 98000,

# रुपया गिरावट के साथ बंद

मुंबई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को भारतीय रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ ही 85.77 पर बंद हुआ। सुबह रुपया 19 पैसे टूटकर 85.89 पर आ गया। अमेरिका के अगले महीने से कनाडा पर 35 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा के बाद निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 85.76 पर खुला।

# आज का राशिफल



**मेष**- आज का दिन थोड़ा धैर्य व साहस बनाए रखने के लिए रहेगा। आप अपने कामों को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं। आपके मन में किसी काम को लेकर संशय चल रहा है, तो उस काम में बिल्कुल आगे न बढ़े, इसलिए आपको वाहनों का प्रयोग भी थोड़ा सा ध्यान रखकर करना होगा। किसी पुरानी बीमारी के उभरने की संभावना है। जीवनसाथी को किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है, जिससे आपका मन काफी खुश रहेगा।

**वृषभ**- आज का दिन आपके लिए इनकम में बढ़ोतरी लेकर आने वाला है। लेकिन आपको अपने बिजनेस में आंख व कान खुले रखकर कामों को करना होगा। पारिवारिक रिश्तों को आप अहमियत दें, नहीं तो दूरी आने की संभावना है। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मेल मिलाप करने आ सकता है। आपको किसी नए काम में थोड़ा सोच समझकर हाथ बढ़ाना होगा।

**मिथुन**- आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप परिवार में सदस्यों की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे। रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती आएगी। छोटे बच्चों के लिए आप कुछ खाने पीने की चीज लेकर आ सकते हैं, लेकिन आपको अपने वैवाहिक जीवन में तालमेल बनाकर चलना होगा। जीवनसाथी से आपकी किसी बात को लेकर खटपट होने की संभावना है। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है।

**कर्क**- आज का दिन आपके लिए किसी लंबे समय से रुके हुए काम को पूरा करने के लिए रहेगा। संतान की संगति पर विशेष ध्यान दें। आपको मित्र के लिए भी कुछ रुपयों का इंतजाम करना पड़ सकता है। किसी बात को लेकर यदि मन परेशान चल रहा था, तो आपकी वह समस्या भी काफी हद तक दूर होती दिख रही है। अपने घर किसी पूजा-पाठ आदि का आयोजन कर सकते हैं। आपका कोई लेनदेन से संबंधित मामला यदि कानून में विवादित था, तो वह दूर होगा।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। नौकरी में कार्यरत लोगों को किसी नए पद की प्राप्ति होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आप किसी के बहकावे में आकर कोई काम ना करें। धन को लेकर आप योजना बनाकर आप आगे बढ़ें। आपको एक से अधिक स्रोतों से इनकम हो सकती है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों की अपने साथी से बॉन्डिंग अच्छी रहेगी। आप अपने रिश्तो को लेकर आगे की बातचीत कर सकते हैं।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप किसी काम में सोच समझकर हाथ बढ़ाएं। आपको किसी के साथ पार्टनरशिप में काम करने का मौका मिले, तो आप उसमें किसी एक्सपर्ट की राय लेकर ही आगे बढ़े। आप अपने घर व बाहर के कामों को समय से निपटाने की कोशिश करेंगे, लेकिन आपको काम को लेकर भाग दौड़ बनी रहेगी। आपको काम के साथ-साथ आराम के लिए भी समय निकालना होगा।

**तुला**- आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपको अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाना होगा। सेहत में चल रही समस्याएं आपको परेशान कर सकती हैं। नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए दिन बेहतर रहने वाला है। वरिष्ठ सदस्यों की सेवा के लिए आपको कुछ समय निकालना होगा। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को कोई बेहतर अवसर हाथ लगेगा। आप अपनी अच्छी सोच का कार्यक्षेत्र में लाभ उठाएंगे।

**वृश्चिक**- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। व्यवसाय में आपको कोई बेहतर अवसर हाथ लगेगा, जिसे आपको पकड़ने की आवश्यकता है और आप परिवार के सदस्यों से किसी बात को लेकर बहसबाजी में न पड़े। यदि कानून से संबंधित कोई फैसला आपको समस्या दे रहा है, तो उसमें आपको थोड़ा धैर्य बनाए रखने की आवश्यकता है। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी और आप मौज मस्ती के मूड में रहेंगे, लेकिन काम को लेकर आपको थोड़ी टेंशन हो सकती है।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए आध्यात्मिक कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आप अपने कामों को लेकर थोड़ी लापरवाही कर सकते हैं, जो आपके लिए बाद में समस्या बन सकती हैं। कार्यक्षेत्र में विरोधी आपके खिलाफ कोई षड्यंत्र रचने की कोशिश करेंगे। आप संतान को संस्कारों व परंपराओं का पाठ पढ़ाएंगे। आपको अपने जीवनसाथी से भी रिश्ते में मजबूती लाने की कोशिश करनी होगी, इसलिए आप उनकी भावनाओं का सम्मान करें।

**मकर**- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। सामाजिक कामों में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। कारोबार में आप किसी यात्रा पर जा सकते हैं। आपको अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। आप किसी बड़े निवेश को थोड़ा सोच समझकर करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। पैतृक संपत्ति को लेकर कोई विवाद छिड़ सकता है।

**कुंभ**- आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। भाईचारे की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आप अपने व्यवहार व वाणी से लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब रहेंगे। सामाजिक क्षेत्रों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं, जो आपके लिए अच्छे रहेगी। आपको बड़े बुजुर्गों का पूरा साथ मिलेगा। आप परिवार में लोगों के हित को लेकर फैसला लेंगे।

**मीन**- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है, जो लोग विदेश जाने की योजना बना रहे थे, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको अपने बजट पर पूरा ध्यान देना होगा। आप अपनी जिम्मेदारियां को पूरी तरह निभाने की कोशिश करेंगे। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा।

## शब्दजाल - 7957

शब्दजाल में दस गायक एवं गायिकाओं के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे व तिरछे हैं.

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गं | रा | जें | द्र | कु | मा | मो. | वा | ज | के. | यी |
| द | कि | ल | प्रे | व | जी | र | द | ह | ए | रा |
| वि | स | शो | म | त | ह | फी | म | ल | ल. | म |
| मि | स | स | र | दि | ल | ज | ध | क | स | दु |
| म | आ | चि | ग | कु | ज | त | तू | प | ह | प |
| हें | ल | न | र | दि | मा | उ | म | व | ग | मु |
| द्र | व | दे | फ्यू | जी | प | र | ज | ह | ल | के |
| क | एं | व | ई | द | ब | र्ड | डू | ए | मू | श |
| पू | ड | ब | फू | आ | शा | भो | स | ले | शी | द |
| र | गॉ | र्म | प | ल | ता | मं | गे | श | क | र |
| वि | ज | न | म | न्ना | डे | डि | त | ब | प | म |

मो.रफी, किशोर कुमार, मुकेश, महेंद्र कपूर, मन्ना डे, तलत महमूद, सचिनदेव बर्मन, लता मंगेशकर, आशा भोसले, के.एल.सहगल

### शब्दजाल - 7956 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | क | ल | ड्रै | म | बि | हा | र | सी | ल | ज |
| र | ज | ल | दे | त्रा | हि | ड्ढ | इं | म | ट | वा |
| त | स | स्था | ल | र्म | मा | रा | रा | हा | ख | द |
| म | ज | ज | न | पु | च | रा | प | रा | ली | ब |
| म | ध्य | दो | ग | ल्ला | ल | क | तू | ष्ट्र | झ | उ |
| स | क | प्र | प | ह | प्र | र्णा | ना | ता | घ | त्त |
| गु | अ | स | दे | या | दे | ट | श | ज | ला | र |
| पे | ज | दा | ई | श | श | क | फ | रा | श | प्र |
| स | बा | रा | न | ब्रा | जी | ई | री | ल | प | दे |
| त्ता | पा | ला | त | शो | पं | जा | ब | ल | स्त्री | श |
| ह | रा | जी | व | गां | धी | उ | ड़ी | सा | म | त |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली - 6901

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 | | 4 | 5 | | 6 |
| 7 | | | | 8 | | | | | |
| | | 9 | 10 | | | 11 | | 12 | |
| | 13 | | | | 14 | | 15 | | |
| 16 | | 17 | | 18 | | | 19 | | |
| | | 20 | | | 21 | 22 | | | 23 |
| | 24 | | | 25 | | | | 26 | |
| 27 | | 28 | 29 | | 30 | | 31 | | |
| 32 | | | | | 33 | | | | |
| | | 34 | | | | | 35 | | |

**ऊपर से नीचे:-**

१.'तुम रूठ के मत जाना' गीतवाली भारत भूषण, मधुबाला की फिल्म-३
२. रवीना, राईमा, संजीव सूरी की 'बहार ही बहार' गीत वाली फिल्म-३
३. 'चोरी चोरी जब नजरें' गीतवाली फिल्म-३
५. अनिल, गोविंद की 'दीवाना मस्ताना' की नायिका कौन थी?-२
६. 'रस्ते में वो खड़ा' गीतवाली सनी, रजनीकांत, श्रीदेवी की फिल्म-४
१०. राकेश रोशन, सिम्मी की 'जब भी ये दिल' गीत वाली फिल्म-२
११. 'अब चाहे सर फूटे' गीत वाली फिल्म-२
१३. संजयदत्त, टीना मुनीम की 'क्या यही प्यार है' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'सावन के झूले पड़े' गीतवाली फिल्म-३
१५. 'फूल तुम्हें भेजा है' गीत वाली 'सरस्वतीचंद्र' की नायिका-३
१६. 'बार बार दिन ये आये' गीत वाली जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-२
१७. राजेश खन्ना, हेमा की 'कहानियाँ सुनाती है' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'पर्दे में कोई बैठा है' गीतवाली फिल्म-२
२३. चंकी, मिथुन, सोमी अली की 'क्या आँखें हैं' गीत वाली फिल्म-३,२
२५. 'भैया मेरे पापा को' गीत वाली फिल्म-२
२७. शबाना आजमी, श्वेता प्रसाद अभिनीत बाल फिल्म-३
२९. 'दिल नहीं देना' गीत वाली फिल्म-३
३०. फिल्म 'सपने' की नायिका कौन थी-३
३१. 'चोरी चोरी तेरे संग' गीत वाली मिथुन, आयशा की फिल्म-३

**बायें से दायें:-**

२. अक्षय खन्ना, सोनाली की 'ओ गोरी आजा' गीत वाली फिल्म-३
४. 'कहाँ से आई रानी' गीत वाली अजय, काजोल की फिल्म-२,२
७. आमिर, रानी मुखर्जी की 'आँखों से तूने' गीत वाली फिल्म-३
८. राजेश वाली 'हम दोनों' में हेमा के साथ दूसरी नायिका कौन थी?-२
९. अमिताभ, ऋषि, हेमा की 'चल चल मेरे भाई' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'हिना' की पाक नायिका?-२
१४. धर्मेन्द्र, हेमा की 'प्यार के इस खेल में' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'दिल में तुझे बिठाके' गीत वाली शशिकपूर, शबाना की फिल्म-३
१८. जैकी, अनिल, पूनम की 'हर करम अपना' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'फिलहाल' में नायिका 'रेखा' की भूमिका किसने की है?-२
२०. सनीलदत्त, रीनाराय, आशा की 'जलता है जिया' गीतवाली फिल्म-२
२१. 'आ तेरी तसवीर' गीत वाली देवनंद, मधुबाला की फिल्म-३
२४. अनिल कपूर, पद्मिनी की 'वो सात दिन' के निर्देशक कौन थे?-२
२६. संजयदत्त, सलमान, रवीना की 'सुनो गौर से' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'दिल दीवाने का' गीत वाली नसीर, धर्मेन्द्र, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
३२. सनी, शिल्पा शेट्टी की 'आशिकी बनके' गीत वाली फिल्म-२
३३. 'दिल में जो बातें हैं' गीत वाली देवआनंद, हेमा की फिल्म-३
३४. नसीर, आदित्य, पूनम ढिल्लों, मंदाकिनी अभिनीत एक फिल्म-४
३५. आमिर, ग्रेसीसिंह की 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली - 6900

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रि | प्यू | जी | | बे | मि | सा | ल | | क |
| शि | | न | म्र | ता | | या | | फ | र्ज |
| ता | क | त | | बी | ना | | सु | र | |
| | र्त | | श्र | | स्ति | | | दी | पा |
| दि | व्य | श | क्ति | | क | न्या | दा | न | |
| ल | | ग | | रे | | | ग | | ई |
| से | ह | ग | | श | र्मी | ली | | घा | त |
| | थि | | स | नी | | ला | ग | | का |
| द | या | वा | न | | पॉ | | जा | लि | म |
| स | र | | म | न | च | ली | | सा | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# दैनिक पंचांग

**12 जुलाई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 05.45 बजे से |
| चंद्र | मकर में | सिंह | 08.02 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 10.13 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 12.24 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृश्चिक | 14.39 ब.से |
| शुक्र | वृष में | धनु | 16.55 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 19.00 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 20.47 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 22.19 बजे से |
| राहुकाल | | मेष | 23.50 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | वृष | 01.30 बजे से |
| बजे तक | | मिथुन | 03.28 बजे से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 193 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** श्रावण (दक्षिण भारत में आषाढ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वितीया 01.47 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा 06.36 बजे को समाप्त। **योग** विष्कुम्भ 19.32 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 14.01 बजे तदनन्तर गर 01.47 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 16.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 21° 58' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872403 **जूलियन दिन** 2460868.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** मोहर्रम **तारीख** 16

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः नागरिक का कर्तव्य

लीबिया के लिबलिस शहर के एक प्रमुख अस्पताल में अलगअलग वार्डो में मरीजों को मुख्य डाक्टर के आने का इंतजार था। नर्स, कंपाउंडर आदि बेंचों पर शांति से बैठे थे लेकिन लंबे कद का एक आदमी लंबा चोगा पहने, चहलकदमी करता हुआ प्रत्येक स्थान और वस्तु का गहराई से निरीक्षण कर रहा था, तभी अपनी ओर आते बड़े डाक्टर को देख कर वह व्यक्ति ठिठका। डाक्टर ने पूछा, ''ऐ मिस्टर, कौन हो तुम? यहां क्या कर रहे हो?'' वह व्यक्ति बोला, ''डाक्टर, मेरे पिता बहुत बीमार है।'' इस पर डाक्टर बोला, ''बीमार हैं तो उन्हें यहां भरती कराओ।'' ''वह बहुत कमजोर हैं। उन्हें यहां लाना संभव नहीं है। आप चलिए डाक्टर,'' उस व्यक्ति ने आदरपूर्वक कहा। लेकिन डाक्टर ने उसे झिड़क दिया, ''क्या बेहूदगी है? मैं तुम्हारे घर कैसे जा सकता हूं?'' ''भले ही रोगी मर जाए, फिर भी आप नहीं जा सकते?'' वह व्यक्ति बोला। डाक्टर ने उसे डांटते हुए कहा, ''ज्यादा बोलने की जरूरत नहीं है। तुम्हें मालूम नहीं कि तुम किस से बात कर रहे हो। चीफ सिविल सर्जन से इस तरह बात की जाती है?'' यह सुन कर वह व्यक्ति तिलमिला गया। इस का उस ने सख्ती से उत्तर दिया, ''मैं ने अभी तक तो बहुत शराफत बरती है, लेकिन मुझे तुम से बात करने का ढंग सीखने की जरूरत नहीं है डाक्टर। तुम भी नहीं जानते कि तुम किस से बात कर रहे हो।'' अब डाक्टर का पारा चढ़ गया। उसने अस्पताल के वार्ड अटेंडेंट को पुकार कर कहा, ''इस पागल को पागलखाने भिजवा दो।'' जैसे ही अटेंडेंट आगे बढ़ा, उस लंबे व्यक्ति ने अपना चोगा उतार फेंका। डाक्टर ने देखा, सामने कोई साधारण व्यक्ति नहीं बल्कि सैनिक वरदी में एक रोबदार कर्नल खड़ा था। अब तो डाक्टर भी खुद सकपका गया। अपने देश के राष्ट्रपति कर्नल गद्दाफी को सामने देख कर उस के होश उड़ गए। कर्नल गद्दाफी ने आदेश दिया, डाक्टर, अब तुम्हारे लिए लीबिया में कोई जगह नहीं है। मैं एक अस्पताल का नहीं, पूरे देश का अनुशासित सेनापति और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी हूं। जो लोग अपना कर्तव्य निभाना नही जानते, उन्हें इस देश में रहने का कोई हक नहीं।'' राष्ट्रपति के आदेश पर तत्काल अमल हुआ और सबक मिला कि राष्ट्र सेवा प्रत्येक नागरिक का सर्वोच्च कर्तव्य है।

## सूडोकु नवताल- 7210

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 1 | | 5 | | 2 |
| | 9 | | | 8 | | | | 3 |
| 1 | | | 6 | 9 | | 7 | | |
| | 3 | 8 | 2 | | 1 | | | |
| 2 | 7 | 5 | | | | 6 | 3 | 1 |
| | | | 5 | | 7 | 2 | 8 | |
| | | 9 | | 7 | 4 | | | 6 |
| 8 | | | | 2 | | | 5 | |
| 4 | | 2 | | 5 | | 9 | 1 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7209 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## शब्द पहेली - 8425

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | | 3 | | 4 | 5 |
| | | 6 | | | 7 | 8 | | |
| 9 | 10 | | | 11 | | 12 | 13 | |
| | | | 14 | | 15 | | | |
| 16 | | | | | 17 | | | |
| | | | 18 | 19 | | | | |
| 20 | | 21 | | | | 22 | | 23 |
| | | 24 | 25 | | 26 | | | |
| 27 | | | | | | | 28 | |

**बाएँ से दाएँ**

1. निशा, रात (उर्दू-2)
4. ताला (अंग्रेजी-2)
6. दुलारा, लाडला-2
7. बढ़ावा, समर्थन-2
9. निवास, घर, नीड़-3
12. कमी-3
14. पनाह, आश्रय-3
16. अंगूठे से तीसरी अंगुली, सावित्री-4
17. सज्जनता, सभ्यता-4
18. गिरवी रखी वस्तु-3
20. एक राशि-3
22. दबाव (अंग्रेजी-3)
24. कुल, मुनाफा-2
26. उम्मीद, आशा-2
27. मादा का विलोम-2
28. आगमन-2

**ऊपर से नीचे**

1. मदिरा, मय-3
2. ऐश्वर्या व अक्षय खन्ना की फिल्म-2
3. सम्मान, प्रसिद्धि-2
5. डोली उठाने वाले-3
6. वेस्टइंडीज की क्रिकेट टीम के कप्तान-2
8. अधिकार-2
10. सेनापति, कप्तान-2,3
11. पति की मां-2
13. आत्मबलिदानी -5
14. कद काठी-3
15. रसद, किराणा-3
19. प्रत्येक-2
20. मैला, अस्वच्छ-3
21. मिट्टी, धूल-2
22. छापाखाना-2
23. जिव्हा, जीभ-3
25. सम्मान-2
26. फलों का राजा-2

### शब्द पहेली -8424 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ल | गा | म | | प | ता | का | |
| द | क्ष | | ही | | ह | | ल | ता |
| रो | | | न | का | र | ना | | क |
| गा | य | ब | | न | | ला | न | त |
| | | ल | ब | | रा | य | | |
| आ | स | रा | | ना | | क | या | स |
| ई | | म | हा | व | र | | | ह |
| ना | क | | जि | | सी | | रा | ज |
| | ल | की | र | | ला | ग | त | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

मुम्बई। भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 689.81 अंकों की गिरावट के साथ ही 82,500.47 अंकों पर बंद हुआ। इसी तरह 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी भी 205.40 अंकों की गिरावाट के साथ 25,149.85 अंकों पर बंद हुआ। आज दोनों प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी की ज्यादातर कंपनियों के शेयर टूटा। आज कारोबार के दौरान टीसीएस के शेयरों में भारी गिरावट रही। शुक्रवार को सेंसेक्स की 30 में से केवल 6 कंपनियों के शेयर ही तेजी के साथ बंद हुए और बाकी की 23 कंपनियों के शेयर टूटे। वहीं अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में आज कोई बदलाव नहीं हुआ। निफ्टी 50 की 50 में से केवल 11 कंपनियों के शेयर ही बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए और बाकी की सभी 39 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर सबसे ज्यादा 4.65 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए जबकि टीसीएस के शेयर आज सबसे ज्यादा 3.46 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए। आज सेंसेक्स की जिन कंपनियों के शेयर आज हरे निशान में बंद हुए, उनमें एक्सिस बैंक 0.79 फीसदी, सनफार्मा 0.56 फीसदी , एनटीपीसी 0.37 फीसदी , एसबीआई 0.06 फीसदी और आईटीसी 0.04 फीसदी रहे। वहीं महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 2.75 फीसदी , भारती एयरटेल 2.20 फीसदी , टाटा मोटर्स 2.00 फीसदी , टाइटन 1.73 फीसदी , एचसीएल टेक 1.58




फीसदी , रिलायंस इंडस्ट्रीज 1.47 फीसदी , बजाज फाइनेंस 1.46 फीसदी ,नीचे आकर बंद हुए। इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट में खुले। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएच) के अप्रैल-जून 2025 तिमाही के नतीजे कमजोर रहने के चलते आईटी शेयर दबाव में दिखे। सेंसेक्स 370 अंक की गिरावट लेकर 82,820 पर खुला। हालांकि, हिंदुस्तान लिवर के शेयर में उछाल से इंडेक्स ने थोड़ी वापसी की। लेकिन सुबह शुरुआत के बाद यह 199.24 अंक की गिरावट लेकर 82,991 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी-50 भी गिरावट लेकर 25,255 पर खुला। सुबह शुरुआत के बाद यह 39.40 अंक की गिरावट के साथ 25,315 पर कारोबार कर रहा था। टीसीएस के अप्रैल-जून तिमाही 2025 नतीजे कमजोर रहने की वजह से आईटी स्टॉक्स में गिरावट देखी गयी। वहीं एशिया-पैसिफिक के बाजारों में आज मिला-जुला रुख देखने को मिला। एशियाई बाजारों की बात करें तो निक्केई में 0.21 फीसदी जी देखी गई, जबकि टोपिक्स इंडेक्स 0.71 फीसदी चढ़ा।

# अमेरिका की नीतियों से तंग आकर देशों ने डॉलर के विकल्प अपनाए- जीटीआरआई

नई दिल्ली। अमेरिका की आर्थिक और भू-राजनीतिक नीतियों ने कई देशों को डॉलर की जगह अन्य मुद्राओं में व्यापार करने को मजबूर कर दिया है।ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) के मुताबिक अमेरिका द्वारा रूस,ईरान और वेनेजुएला पर लगाए गए प्रतिबंधों के चलते डॉलर आधारित भुगतान बाधित हुआ है, जिससे भारत, चीन और अन्य देशों ने स्थानीय मुद्राओं में व्यापार शुरू किया। जीटीआरआई के सह-संस्थापक ने कहा कि यह बदलाव कोई विद्रोह नहीं, बल्कि विवशता का परिणाम है। उदाहरणस्वरूप, रूस-चीन का 90 फीसदी से अधिक व्यापार अब रूबल और युआन में हो रहा है। भारत भी रूस से तेल खरीदने के लिए रुपये और यूएई की मुद्रा दिरहम का उपयोग कर रहा है। यहां तक कि सऊदी अरब भी अब तेल व्यापार में डॉलर के बजाय अन्य मुद्राओं को स्वीकार करने को तैयार है, जिससे 1970 के दशक के पेट्रो-डॉलर समझौते पर असर पड़ रहा है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डॉलर छोड़ने वाले ब्रिक्स देशों पर 10 फीसदी शुल्क लगाने और रूसी तेल खरीदने वालों पर 500 फीसदी जुर्माना लगाने का प्रस्ताव रखा है। इससे वैश्विक व्यापारिक समझौते और कठिन हो सकते हैं।

# मेडिक्लेम मरीजों से बेवजह वसूली करने वाले निजी अस्पतालों पर कसेगी लगाम

नई दिल्ली। स्वास्थ्य बीमा लेकर अगर कोई मरीज अस्पताल किसी बीमारी का ईलाज कराने पहुँचा तो बीमा राशि कैसे हड़पी जाए, कैसे ईलाज के नाम पर गैर मुनासिब बिल थमाये जाएं, इसकी ढेरों शिकायत केंद्र सरकार को मिल रही है। केंद्र ने भी इसको गंभीरता से लिया है। मरीज को उचित खर्च पर उचित ईलाज मिले, इसका मैकेनिज्म केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और वित्त मंत्रलाय तैयार कर रहा है। शुरुआती तौर पर मौजूदा राष्ट्रीय स्वास्थ्य दावा विनिमय पोर्टल (एनएचसीएक्स), जो वर्तमान में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) द्वारा संचालित है, उसको वित्त मंत्रालय और भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) के तत्वावधान में लाने की योजना बनाई है। इस कदम का उद्देश्य निजी अस्पतालों द्वारा मरीजों से अत्यधिक शुल्क वसूली को रोकना और स्वास्थ्य बीमा दावों की प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाना है। विशेषज्ञों का मानना है कि केंद्र सरकार की सीधी निगरानी में व्यवस्था रहेगी तो खुली लूट पर अंकुश लगाया जा सकेगा। हाल के वर्षों में, स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र में कई अनियमितताएं सामने आई हैं। इरडा की एक हालिया जांच में पाया गया कि कई निजी अस्पताल उन मरीजों से अधिक शुल्क वसूल रहे हैं, जिनके पास उच्च कवरेज वाली बीमा पॉलिसी है। इससे न केवल मरीजों को आर्थिक नुकसान हो रहा है, बल्कि बीमा कंपनियां भी प्रीमियम की दरें बढ़ा रही हैं। भारत में स्वास्थ्य सेवा की लागत में हर साल 13 फीसदी की वृद्धि हो रही है, जो वैश्विक औसत 10 फीसदी से कहीं अधिक है। इससे आम आदमी के लिए स्वास्थ्य बीमा किफायती नहीं रह गया है। वित्त मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, स्वास्थ्य बीमा दावों में पारदर्शिता की कमी और अस्पतालों द्वारा अनुचित शुल्क वसूली की शिकायतें लगातार बढ़ रही है। बता दें कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य दावा विनिमय पोर्टल एक डिजिटल मंच है, जो स्वास्थ्य बीमा दावों की प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाने के लिए बनाया गया है।

# मानस यात्रा व विधिवत पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ 30 दिवसीय संगीतमय अखण्ड रामचरित मानस पाठ







**लांजी ( पद्मेश न्यूज )। श्रावण मास के लगते ही 11 जुलाई को धर्म नगरी लांजी भक्ति के रंग में रग गया। श्रावण मास के पहले दिन एकल अभियान संच लांजी अंचल बालाघाट महाकौशल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित 30 दिवसीय संगीतमय अखण्ड रामचरित मानस पाठ का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विधि विधान से पूजन अर्चन के उपरांत मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, श्रीरंग देवरस संघ विभाग प्रमुख, डॉ जयप्रकाश सुनेरी, संच के अध्यक्ष झनकार किरनापुरे, गौरव दुबे एकल समिति जिलाध्यक्ष, राजुल चौरड़िया हरिकथा के जिलाअध्यक्ष उपस्थित रहे। मंचासिन अतिथियों का नेहल गौतम के द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इससे पहले गायत्री शक्ति पीठ से मानस यात्रा निकाली गई। जिसमें शिव भक्त डीजे की धुन पर जमकर थिरकते नजर आए। आपको बता दें कि धर्म नगरी लांजी का माहौल श्रावण मास के पावन अवसर भक्ति मय होता है। जहां दुर दराज और पडोंसी राज्यों से भक्त गण कोटेश्वर महादेव के दर्शन के लिये पंहुचते है। इस श्रावण मास पर कोटेश्वर धाम में भक्तों का तांता लगने वाला है, क्योंकि इस बार 30 दिवसीय संगीतमय अखण्ड रामचरित मानस पाठ का आयोजन हो रहा है। जहां 30 दिनों तक भक्ति की गंगा बहेगी। मंच का संचालन विशाल राउत खोंगल द्वारा किया गया।**

## मंत्री पटेल ने कोटेश्वर मंदिर नें टेका माथा

नगर में 30 दिवसीय संगीतमय अखण्ड रामचरित मानस पाठ के शुभारंभ अवसर पर मध्यप्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल शामिल हुए। आगमन के पश्चात सर्वप्रथम पटेल ने दादा कोटेश्वर नाथ मंदिर में माथा टेककर जिलेवासियों के मंगल की कामना की। उसके बाद वे मंचीय कार्यक्रम में शामिल हुए जहां वे लोगों से आत्मीयता से मिलते नजर आए।

## मानस यात्रा में झूमे भक्त

सुबह करीब 10-30 बजे नगर के गायत्री मंदिर से मानस यात्रा की शुरुआत हुई। जो कि बस स्टैंड से होते हुए सालेटेकरी मार्ग से कोटेश्वर नाथ मंदिर पहुंची। जहां पर रामचरित मानस लिए भक्तों का स्वागत किया गया। यात्रा में वानर सेना की झांकी भी देखने को मिली। इसके साथ ही लोग बैंड की धून पर थिरकते हुए नजर आए। यात्रा के दौरान जमकर तेज बारिश हुई फिर भी भक्त जय श्री राम के नारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे।

## दूरस्थ ग्रामों के लोगों को शिक्षित करना है उद्देश्य

मंच को संबोधित करते हुए एकल अभियान संच लांजी के अध्यक्ष झनकार किरनापुरे ने रामचरित मानस पाठ के आयोजन के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि सभी क्षेत्रों में शिक्षा का प्रचार-प्रसार जैसे की कंप्यूटर की शिक्षा, सिलाई कढ़ाई की शिक्षा दिलाने के साथ-साथ सेवा का काम करना है। एसपी बालाघाट द्वारा मोबाइल वेन की व्यवस्था की गई है। जिसके माध्यम से दूरस्थ ग्रामों में जाकर कंप्यूटर की शिक्षा दी जाएगी। ये उनके लिए लाभदायक होगा जो किसी कारणवश स्कूल नहीं जा पाते हैं। उन लोगों को हमें कंप्यूटर के माध्यम से जोड़ना है। आगे हम लांजी में सिलाई कढ़ाई केंद्र और कंप्यूटर इंस्टीट्यूट की शुरुआत करेंगे। जिसका पूरा संचालन एकल के माध्यम से होगा। जो लोग शिक्षा प्राप्त करने में असमर्थ हैं ऐसे लोगों को आगे लाना है यह हमारा प्रयास है।

**झनकार किरनापुरे**
**अध्यक्ष एकल अभियान संच**

## मैं एकल अभियान को संस्कार का स्त्रोत मानता हूं

एकल अभियान संच लांजी द्वारा एक अनूठा और बहुत जरूरी प्रयास जो अभियान के तौर पर आज शुरूआत हुई। एकल अभियान संच के सभी सदस्यों को बधाई जो आपने शुरुआत की है वो सबसे बड़ी जरुरत है। जो शुरूआत आज एकल अभियान ने किया है उसकी जरुरत तब भी दिखती ती जब मैं 25 साल पहले यहां से सांसद हुआ करता था। एक विद्यालय अभियन को मैं सिर्फ अभियान नहीं मानता बल्कि संस्कार का श्रोत मानता हूं। जो पीढ़ियों को संस्कार देने का काम कर रहा है। रामचरितमानस का यह अखंड पाठ जो सावन महीने भर चलेगा। भगवान राम की यात्रा इसी उद्गम के स्त्रोत की धारा है। इसने तमाम उन लोगों को जो वनवासी कहे जाते हैं, उनके साथ मिलकर दुनिया में अपना समर्थ बताने वाले लोगों को परास्त करने का रास्ता दिया। लांजी के कोटेश्वर धाम में श्रावण मास में होने जा रहे 30 दिवसीय अखंड श्री रामचरित मानस पाठ के आयोजन के लिए सभी सहयोगियों को बधाई।

**प्रह्लाद सिंह पटेल**
**मंत्री**

## 108 बिल्व पत्र के पौधों का रोपण

श्रावण मास के पहले दिन 11 जुलाई को 30 दिवसीय श्री रामचरित मानस पाठ का शुभारंभ किया गया। तो वहीं भगवान भोलेनाथ एवं श्रीराम जी की स्तुति पश्चात श्री रामचरित मानस पाठ के प्रारंभ होने के बाद अतिथियों ने बेल वन में 108 बिल्व पत्र पौधारोपण किया गया।

## बोल बम सेवा समिति ने किया स्वल्पाहार का वितरण

मानस यात्रा का शुभारंभ गायत्री मंदिर से हुआ। इस दौरान बोल बम सेवा समिति ने स्वल्पाहार का वितरण किया। मानस यात्रा में शामिल सभी भक्तों के अलावा नगर के लोगों ने स्वल्पाहार पाकर अपने आपको धन्य माना।

## ये रहे उपस्थित

विधायक राजकुमार कर्राहे, राजा लिल्हारे जिला पंचायत उपाध्यक्ष, लता एलकर, विभा अवस्थी, योगेश रामटेक्कर, संतोष मोरघड़े, अभय सेठिया, अभय कोचर, संयोग कोचर, दिलीप चौरसिया, चंदुलाल साहू, अध्यक्ष वेयर हाउस कॉरपोरेशन निगम छत्तीसगढ़ राज्य, गणेश परते, रमेश रंगलानी, नैनसुख जी, वैभव कश्यप, रवि श्रीवास्तव, यज्ञेश चावड़ा, श्वेता सेठिया, दीपिका टांक, हेमा वाधवानी, एकल संच किरनापुर, एकल संच भानेगांव के अलावा अन्य लोग उपस्थित रहे।

# नगर परिषद में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को किया हितलाभ का वितरण

लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर परिषद कार्यालय लांजी के सभाकक्ष में 11 जुलाई 2025 को दोप. 03.00 बजे से शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी माननीय मुख्यमंत्री जी का इंदौर से लाईव कार्यक्रम का प्रसारण देखा गया। उक्त आयोजन में अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले एवं वार्डपार्षद वार्ड क्रमांक 11 सौरभ(मोनू) पशीने एवं समस्त हितग्राहीगण उपस्थित रहे। आयोजन स्वरूप में शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 65 हजार से अधिक हितग्राहियों को हितलाभ विवरण आवासों की कुल अनुदान राशि रू. 1,626 करोड़ पीएमएवाई (यू) 1.0 अंतर्गत निर्मित 45 हजार से अधिक हितग्राहियों के आवासों का गृह प्रवेश पीएमएवाई (यू) 2.0 अंतर्गत 19,541 नवीन आवासों के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र का विवरण किया गया। इसके तहत नगरीय निकाय लांजी में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1.0 अंतर्गत 17 सितम्बर 2024 के उपरान्त हितग्राहियों के पूर्ण आवासों पर सुबह से विधिवत 40 गृह-प्रवेश कराया गया तथा आवासों को आकर्षक रूप से सजाया गया तथा पूर्ण आवासों के हितग्राहियों को सांकेतिक चाबी प्रदान की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत नवीन 100 आवासों के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र का वितरण हेतु आमंत्रित कर कार्यालय नगर परिषद के सभा कक्ष में लाईव कार्यक्रम स्थल से प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री जी का ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर इंदौर से लाइव कार्यक्रम का प्रसारण कार्यालय नगर परिषद लांजी में प्रसारित किया गया। उक्त लाईव कार्यक्रम मयूर वाहने मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं अमित नगपुरे उपयंत्री के मार्गदर्शन में आयोजन कर कार्यालय नगर परिषद लांजी से पीएमएवाई प्रभारी नितिन बरगैया, रेखा नगपुरे, दुर्गेश भोंगाडे एमआईएस एक्सपर्ट तथा अन्य अधिकारी- कर्मचारियों की उपस्थिति रही।



# गायत्री शक्तिपीठ लांजी में यज्ञ हवन कर मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व

लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर के गायत्री शक्तिपीठ में गुरु पूर्णिमा पर्व पर 10 जुलाई को प्रात: 6 से 7 बजे तक जप ध्यान एवं प्रात: 10 बजे से एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ व विभिन्न संस्कार सम्पन्न कराये गये, तत्पश्चात सभी उपस्थिजनों को महाप्रसादी भंडारे का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन गायत्री शक्तिपीठ के परिजन यशवंत बनोठे, डॉ छबीलाल मरठे, धर्मेंद्र सिंह बैस द्वारा किया गया। इस दौरान गुरु दीक्षा संस्कार, विद्यारंभ संस्कार सम्पन्न कराया गया। बालाघाट से पधारे पुष्पेंश्वर पिछोड़े जिला समन्वयक गायत्री शक्तिपीठ बालाघाट के द्वारा गायत्री परिवार जनों को अपनी दिनचर्या एवं गुरुदेव के सदमार्ग पर चलने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में घनश्याम खोंगल सेवा निवृत्त शिक्षक लांजी की ओर से महाप्रसादी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ लांजी के ट्रस्टी के एल मेहरबान, लिलेश्वर बबलू खानोरकर, जी डी बेदरे, रामदयाल बड़घैया, शिवराम खरे, यादोराव सोनटके, अनंतराम सोनवाने, रामप्रसाद सोनवाने, ताराचंद भंडारकर, घनश्याम खोंगल, राजहंस टेम्भरे, लोकराम भोंडेकर, ईशुलाल जामरे, दुलीचंद राऊत, सालिक रामटेककर, हेनालाल नगपुरे, सुखचरण नेवारे, हिरादास लिल्हारे, दुलीराम आसटकर, रोशनलाल दह्लेमाल, परिव्राजक विनोद तिड़के, सुमन आसटकर, मालती जैतवार, दुर्गा रामटेककर, कान्ता तिड़के, लीलादेवी मोरघड़े, ममता तिड़के, सुशीला रामटेककर, विनिता सोमनकर, दुर्गाबाई तिड़के, पारबती मतारे, गीता रामटेककर के अलावा अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।



# पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री पटेल ने दिव्यांग जनों को वितरित किए ट्राई साइकिल एवं सहायक उपकरण

## ट्राई साइकिल एवं उपकरण दिव्यांग जनों के कष्ट कम करने का माध्यम है - मंत्री श्री पटेल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। मध्य प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने 11 जुलाई को सांदीपनी विद्यालय बालाघाट के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में 240 दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल एवं सहायक उपकरणों का वितरण किया। इस अवसर पर कलेक्टर मृणाल मीणा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा लिल्हारे, जनपद अध्यक्ष फूलचंद सहारे, उपाध्यक्ष शंकर लाल बिसेन, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रुक्मणी माहुले, श्रीमती स्मिता टेकाम, डुलेन्द्र ठाकरे, विधायक प्रतिनिधि सुखदेव मुनि कुतराहे, अभय सेठिया, आनंद कोछड़, अन्य जनप्रतिनिधि एवं आधिकारी उपस्थित थे। मंत्री श्री पटेल ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिव्यांगजनों को एक सम्मानजनक नाम दिया है। दिव्यांगजनों को शासन की सभी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए और उन्हें कहीं पर भी आवेदन करने की आवश्यकता नहीं पड़ना चाहिए। मंत्री श्री पटेल ने दिव्यांग जनों की पहचान कर उनके पंजीयन और उन्हें शासन की योजनाओं से जोड़ने में अच्छा कार्य करने के लिए बालाघाट जिला प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि इस शिविर में दिव्यांग जनों को प्रदाय किए गए उपकरण एवं सामग्री उनके जीवन के कष्टों को कम करने का माध्यम मात्र है। यह उपकरण और सामग्री दिव्यांग जनों को स्वावलंबी बनाने में मदद करेगी। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जब वे सांसद थे तो उनके प्रयासों से 80 प्रतिशत दिव्यांगता वाले दिव्यांग जनों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना में



विवाह की अनिवार्यता खत्म कर दी गई है। उन्होंने कहा कि ईश्वर यदि किसी व्यक्ति को देने में कुछ कमी कर देता है तो उसे किसी अन्य क्षेत्र में ज्यादा दे देता। दिव्यांग जनों के साथ भी ऐसा ही है, ईश्वर ने उन्हें आत्मविश्वास दिया है। कलेक्टर मृणाल मीणा ने इस अवसर पर बताया कि बालाघाट जिले में दिव्यांग जनों का सर्वे कर उन्हें शासन की योजनाओं से जोड़ने का काम किया जा रहा है। अब तक 6615 दिव्यांग जनों को शासकीय योजनाओं से जोड़ा गया है। दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण एवं सामग्री प्रदान करने के लिए यह 10 वां शिविर लगाया गया है। असंगठित क्षेत्र के लोगों को अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से जोड़ने का काम किया जा रहा है। इस वित्तीय वर्ष में अटल पेंशन योजना में 2000 के लक्ष्य के विरुद्ध 12 हजार लोगों को जोड़कर बालाघाट जिला सम्पूर्ण देश में प्रथम स्थान पर है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ ने इस अवसर पर बताया कि दिसंबर 2024से अब तक जिले में 06 हजार दिव्यांग जनों को 05 करोड़ 88 लाख रुपए के 14 हजार सहायक उपकरण एवं सामग्री नि:शुल्क प्रदाय की गई है। आज के शिविर में 240 दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल एवं सहायक उपकरण प्रदान किए जा रहे हैं।

# हरित महाअभियान के तहत किया वृक्षारोपण

लांजी (पद्मेश न्यूज)। मध्यप्रदेश शासन द्वारा नगरीय क्षेत्र को हरित समृद्ध बनाने के निर्देश के बाद नगर परिषद लांजी के संयुक्त तत्वाधान और जन भागीदारी से 11 जुलाई को वृक्षारोपण का कार्य शुरू किया। जिसमें जामुन, नीम, बड़ के अन्य प्रजाति के 15 रोपे गए। इस दौरान समय-समय पर समूह एवं समिति के द्वारा वृक्षारोपण करने की बात कही गई। जिसमें आजीविका लघु उद्योग संचालिका मंजू भालाधरे ने बताया कि नगरीय क्षेत्र को हरित समृद्ध बनाने तथा शहरी पर्यावरण मे सुधार के लिए प्रदेशव्यापी पौधरोपण अमृत - हरित महाअभियान के तहत नगर परिषद लांजी में 7000 पौधरोपण का लक्ष्य रखा है। जिसमें आपके आर्थिक सहयोग करने की अपील की गई। अत: जन समुदाय से निवेदन किया कि शासन के निर्देशानुसार परिषद को 7000 पौधेरोपण एवं उनको आर्थिक सहायता प्रदान करने को कहा गया। जिससे सअमृत हरित महाअभियान को सफल बनाया जा सकें। इस कार्यक्रम में समूह की सदस्य पूर्णिमा तिवारी, अनीता मिश्रा, निर्मला चोरवाड़े, शोभा पांडे, सुशीला तिवारी, लता चोरवाड़े, सरस्वती मिश्रा, सरिता चोरवाड़े, ऊषा कालबेले, सुनीता दुरूगकर, रजनी मिश्रा, अनीता मस्के, सूर्यरेखा गोदेले एवं किले में पदस्थ रितेश वाघ एवं जन अभियान परिषद द्वारा संचालित नगर विकास प्रस्फुटन समिति वार्ड नंबर-4 से विनोद मुरकुटे अध्यक्ष, तिवारी और गणेश मोरघड़े मौजूद रहे।



# अनुविभागीय अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण

किरनापुर(पद्मेश न्यूज)। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) किरनापुर द्वारा 10 जुलाई 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, किरनापुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न विभागों जैसे ओपीडी, लेबर रूम, स्टोर, दवा वितरण कक्ष, वार्ड आदि का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के समय अस्पताल में कार्यरत चिकित्सकों, स्टाफ नर्सों एवं अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति, मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं अभिलेख संधारण की स्थिति की समीक्षा की गई। एसडीएम महोदय द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखें, स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें एवं आमजन को समर्पित भाव से समय पर सेवाएं प्रदान करें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कुछ मरीजों से भी संवाद कर उनकी संतुष्टि की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के अंत में उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, किरनापुर की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए आवश्यक सुधारात्मक पहल हेतु निर्देश दिए।



# मप्र ग्रोथ कॉन्क्लेव में मिले 30 हजार करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव - मुख्यमंत्री

## 15 हजार से अधिक रोजगार के नये अवसर होंगे सृजित : प्रदेश के सभी शहरों में आयोजित करेंगे ग्रोथ कॉन्क्लेव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि रियल एस्टेट आज देश का सबसे अधिक प्रोगेसिव सेक्टर है और यह सेक्टर देश के नवनिर्माण में बड़ा सहयोग दे रहा है। रियल एस्टेट के विकास में ही देश का विकास अंतर्निहित है। हम इस सेक्टर को प्रोत्साहन देने के लिए प्रदेश के सभी बड़े शहरों में इसी तरह की ग्रोथ कॉन्क्लेव करके और सबको घर मुहैया कराकर नागरिकों के जीवन में खुशहाली लायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रियल एस्टेट सेक्टर देश की जीडीपी में अब 8.5 प्रतिशत तक योगदान दे रहा है, जो कभी मात्र 3 प्रतिशत हुआ करता था। उन्होंने गुजरात की 'गिफ्ट सिटी' का उदाहरण देते हुए कहा कि ऐसी ही 10 स्मार्ट सिटीज़ मध्यप्रदेश में विकसित की जाएंगी। उन्होंने घोषणा की है कि प्रदेश में 10 लाख नए आवास तैयार किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अलग-अलग सेक्टरों के लिए विशेष ग्रोथ कॉन्क्लेव आयोजित किए जाएंगे, जिससे प्रदेश के औद्योगिक विकास को नई गति और नई दिशा मिलेगी।



प्रदेश के समग्र शहरी विकास और रियल एस्टेट सेक्टर को नई दिशा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को इंदौर स्थित ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में 'मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025' को संबोधित कर रहे थे। इस आयोजन में उद्योग, होटल, रियल एस्टेट, एजुकेशन, रिन्यूअल एनर्जी, आईटी आदि क्षेत्रों में लगभग 30 हजार करो? रुपये से अधिक के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इससे प्रदेश में 15 हजार से अधिक रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे और शहरी एवं औद्योगिक विकास को नई ऊचाईयां प्राप्त होंगी। कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के विकास के लिये 12 हजार 360 करो? रुपये की सौगातें भी दी। उन्होंने मुख्य रूप से जल प्रदाय, सीवरेज, स्वच्छता और अधोसंरचना निर्माण के लिये 5 हजार 454 करो? रुपये से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत 65 हजार से अधिक हितग्राहियों को 2 हजार 799 करो? रुपये से अधिक का अनुदान भी वितरित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सौर ऊर्जा, ग्रीन फील्ड हाईवे, टाउनशिप और स्मार्ट सिटी परियोजना को बढ़ावा दिया जायेगा।

कॉन्क्लेव में प्राप्त निवेश प्रस्ताव

कॉन्क्लेव में सर्वाधिक 12 हजार 473 करो? रुपये का निवेश औद्योगिक क्षेत्र में प्राप्त हुआ है। इसी तरह होटल क्षेत्र में 3 हजार 344 करो? रूपये, रियल एस्टेट क्षेत्र में 1812.14 करो? रुपये, एजुकेशन क्षेत्र में 72.45 करो? रूपये, रिन्यूअल एनर्जी क्षेत्र में 500 करो? रूपये तथा आईटी क्षेत्र में 100 करोड़ रूपये के निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। इंदौर और भोपाल विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत 12 निवेशकों से 2 हजार 784 करो? रुपये से अधिक के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। नगरीय निकायों को अधोसंरचना विकास के लिये एक हजार 320 करो? रुपये से अधिक का अनुदान दिया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नेक्स्ट होराइजन ÷ बिल्डिंग सिटीज ऑफ टुमारो कॉन्क्लेव से मध्यप्रदेश के शहरों को नई उ?ान मिलेगी। उन्होंने कहा कि सुलभ, स्विफ्ट और सुरक्षित परिवहन, किसी भी आधुनिक शहर की रीढ़ होते हैं। भविष्य की ट्रांसपोर्टेशन जरूरतों को ध्यान में रखते हुए भोपाल और इंदौर मेट्रो परियोजनाओं को तेजी से पूरा किया जा रहा है। जबलपुर और ग्वालियर जैसे शहरों में मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब विकसित किए जा रहे हैं। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन और सागर शहरों में प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत 582 इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शहरों के सर्वांगीण विकास के लिये दी सौगातें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कॉन्क्लेव में प्रदेश के शहरों के सर्वांगीण विकास के लिये 12 हजार 500 करो? रुपये की सौगातें प्रदान की। मुख्य रूप से इंदौर शहर के लिए अमृत 2.0 अंतर्गत जलप्रदाय एवं सीवरेज योजना हेतु 2,382.03 करोड़ रुपये की सौगात दी गई। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत उपयोगित जलप्रदाय प्रबंधन और अधोसंरचना विकास हेतु 257 परियोजनाओं के लिए 3,562.27 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 अंतर्गत 45,503 हितग्राहियों का गृह प्रवेश करवाया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 अंतर्गत 19,541 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। कुल 65,044 हितग्राहियों को 2,799.26 करोड़ रूपये की राशि अंतरण की गई।

# एमपी फिर गजब है...इस बार 13 किलो ड्राई फ्रूट खा गए आला अधिकारी ?

### काजू 5 किलो, बादाम 5 किलो, किश मिश 3 किलो

शहडोल। मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में 4 लीटर पेंट के लिए 165 मजदूरों का बिल निकालने के मामले के बाद एक और चौंकाने वाला बिल सामने आया है। मई माह में जब गांव-गांव जल संरक्षण के लिए ग्रामीणों को जागरूक करने का अभियान चल रहा था, तब भदवाही गांव में कुछ और ही खेल चल रहा था। जो बिल सामने आया हैं उसने इस खेल को उजागर कर दिया है। मात्र एक घंटे के कार्यक्रम में जिले के आला अधिकारियों ने 13 किलो ड्राई फ्रूट खा लिया। दरअसल, मध्य प्रदेश सरकार ने बारिश के पानी को बचाने और लोगों को जागरूक करने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया था। जब गांव के कुएं, तालाब और नाले सूखे हैं, तब सरकारी चौपाल की छांव में अफसरों की मेज पर काजू-बादाम, दूध-घी और नमकीन की बरसात हो रही है।

शहडोल जिले के ग्राम पंचायत भदवाही में बीते महीने जल चौपाल का आयोजन किया गया था, जिसमें जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर कनिष्ठ कर्मचारी और ग्रामीण मौजूद थे। लेकिन चौपाल के नाम पर पंचायत रजिस्टर में दर्ज खरीदारी किसी शादी-ब्याह की दावत से कम नहीं है। दर्ज बिल करीब 19,000 रुपये का बनाया गया।

इस खातिरदारी में काजू 5 किलो, बादाम 5 किलो, किश मिश 3 किलो, नमकीन 30 किलो, बिस्कुट पैकेट 20, दूध 6 किलो, शक्कर 5 किलो लगी। वहीं, अफसरों को 2 किलो घी पिलाया गया। उस पर 19,010 रुपये खर्च हुए और इसके अलावा 5 हजार 260 रुपये का एक और बिल निकाला गया, जिसमें घी विशेष रूप से शामिल है। अब सवाल उठता है कि जल संरक्षण के नाम पर अफसरों की थाली में काजू-बादाम कैसे आ गए?

इस पूरे मामले में जिला पंचायत प्रभारी का कहना है कि जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन हुआ था, जिसमें हम लोग और ग्रामीण शामिल थे। चाय-नाश्ते और खाने की व्यवस्था की गई थी, लेकिन काजू, बादाम, किशमिश जैसे बिलों का मामला संज्ञान में आया है। इसकी जांच होगी।

# खजुराहो में फोरलेन हाइवे पर भरा पानी...चित्रकूट में मंदाकिनी नदी में डूबा युवक

भोपाल। मप्र में मानसूनी बारिश का दौर जारी है। शुक्रवार को कटनी, उमरिया, सीधी और छतरपुर समेत कई जिलों में पानी गिरा। लगातार बारिश से नदी नाले उफान पर आ गए हैं। सतना के चित्रकूट में एक युवक मंदाकिनी नदी में बह गया। उसकी तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। खजुराहो में लगातार तेज बारिश के चलते झांसी-खजुराहो फोरलेन हाइवे पर करीब 3 फीट तक पानी भर गया है। उमरिया जिले में भी झमाझम बारिश हो रही है।

मौसम विभाग ने 20 जिलों में अति भारी बारिश और 12 जिलों में भारी बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। इससे पहले बीते 24 घंटे के दौरान रीवा में सबसे ज्यादा 3.7 इंच पानी गिर गया। ग्वालियर में भी भारी बारिश दर्ज की गई। यहां ढाई इंच पानी गिरा। छतरपुर के खजुराहो में 1.9 इंच, जबलपुर में 1.6 इंच, मंडला में 1.4 इंच, टीकमगढ़ में 1.2 इंच और सतना में 1 इंच बारिश हुई। दतिया, उमरिया, दमोह, बालाघाट, रतलाम, सागर, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, गुना, मऊगंज, सीहोर समेत कई जिलों में भी बारिश का दौर जारी रहा।

### मंडला में अब तक 7 की मौत

मंडला में अब तक बाढ़ के कारण 7 लोगों की मौत हो चुकी है। 2 लापता हैं। 300 मकान समेत कई सड?ें और पुलियां क्षतिग्रस्त हो गई हैं। 312 लोगों को रेस्क्यू कर 7 राहत कैंप में रखा गया है। शिवपुरी और ग्वालियर की सीमा पर बना हरसी बांध लबालब भर गया। इससे पानी का ओवरफ्लो होना शुरू हो गया है। इससे दोनों जिलों के करीब 20 गांव में पानी भरने का खतरा बढ़ गया है। मैहर में तेज बारिश से मकान की दीवार गिर गई। एक महिला घायल हो गई। उसे सिविल अस्पताल अमरपाटन में भर्ती कराया गया है। सतना में कार पर पेड़ आ गिरा। कार सवार सभी 5 लोग बाल-बाल बच गए लेकिन गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। करीब आधा घंटे तक ट्रैफिक भी अस्त-व्यस्त रहा। सीधी में 10 घंटे से हो रही बारिश की वजह से मकानों-दुकानों में पानी भर गया है। कहीं-कहीं बिजली भी गुल है। गुना में लल्लू बैरागी (6) और कबीर मीना (8) नदी में नहाने गए थे। इसी दौरान वे गहरे पानी में चले गए और डूब गए। रात करीब साढ़े 9 बजे मछली पकडने वाले जाल की मदद से शव नदी से बाहर निकाले गए।

### आकाशीय बिजली गिरने से बच्चे की मौत

शहडोल जिले के ब्यौहारी क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से 13 साल के लडके की मौत हो गई। टांघर गांव का रहने वाला मनीष सिंह गोड़ खेत में काम कर रहा था। तभी हादसे का शिकार हो गया।

### कटनी में सुबह से बारिश, सड़कें जलमग्न

कटनी में शुक्रवार सुबह से हो रही बारिश के चलते शहर की सड?ों पर पानी भर गया है। जिससे आवागमन प्रभावित हुआ है। लखेरा से एसीसी फैक्ट्री तक जाने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह जलमग्न हो गया है।

# मप्र की मतदाता सूची में भी फर्जीवाड़ा ?

## 1700 पतों पर 50 से 100 वोटर रजिस्टर्ड

भोपाल । बिहार की मतदाता सूची का सघन परीक्षण हो रहा है। इसी बीच मध्य प्रदेश के मतदाता सूची को लेकर भी एक बड़ी खबर सामने आई है। राज्य निर्वाचन आयोग के सूत्रों के अनुसार मतदाता सूची की जांच में 1696 ऐसे पते मिले हैं। जहां एक ही घर में 50 से 100 मतदाता पंजीकृत हैं।

यह गड़बड़ी तब उजागर हुई है, जब उपचुनाव की तैयारी वाले राज्यों मैं निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची का डाटा अपडेट करने के निर्देश दिए। मध्य प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक डेवलपमेंट कॉरपोरेशन द्वारा सॉफ्टवेयर के माध्यम से जब मतदाता सूचियों का परीक्षण किया गया। तब यह खुलासा हुआ है।

मध्य प्रदेश निर्वाचन आयोग ने अब इन गड़बड़ियों की जांच कराने का निर्णय लिया है। संदिग्ध नामो का सत्यापन करने के लिए घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन के पश्चात जो मतदाता वहां नहीं मिलेंगे।उनके नाम हटाए जाएंगे।

### 7।5 लाख पते पर 20 से ज्यादा मतदाता दर्ज

चुनाव आयोग को जो जानकारी मिली है। उसके अनुसार 7।95 लाख पतों पर 11 से लेकर 20 मतदाता दर्ज हैं। 67741 पतों पर 21 से 30 मतदाता दर्ज हैं। 9533 पदों पर 31 से 40 मतदाताओं के नाम दर्ज हैं। 41 से 50 मतदाताओं के नाम 2354 पदों पर दर्ज हैं। एक ही पते पर 50 से अधिक मतदाता 1696 पतों पर नाम दर्ज हैं।

ग्वालियर इंदौर भोपाल जबलपुर उज्जैन सतना खंडवा और बुरहानपुर नगरीय निकाय में सबसे ज्यादा संदिग्ध मतदाता पाए गए हैं। भोपाल में 81 पते ऐसे मिले हैं।जहां 50 से अधिक वोटर दर्ज हैं। पंचायत और ब्लॉक स्तर पर जिन जिलों पर गड़बड़ी पाई गई है।उन में भिंड अंबाह पोरसा जोरा सबलगढ़ कैलारस गोहद पहाड़गढ़ सीहोर मंदसौर शिवपुरी दतिया डबरा अशोक नगर सागर के मकरोनिया इलाके में तय संख्या से ज्यादा मतदाता एक ही पते पर दर्ज हैं।

# एफआईआर के बाद 14 दिन से गायब है लोधी परिवार, अपहरण हुआ या हत्या

भोपाल। अशोकनगर की घटना को लेकर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने शुक्रवार में आयोजित प्रेसवार्ता में बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने परिवार के गुम होने पर सवाल उठाए हैं। कहा 14 दिन हो गए हैं परिवार गांव से गायब है। हमारे नेता दिग्विजय सिंह भी गांव गए थे। कुटुंब के लोगों ने उनसे कहा कि जब से एफआईआर कराई है उसके बाद से वह दोनों भाई और उनके परिवार गायब है। ऐसे में मेरी सरकार से मांग है कि उन्हें सबके सामने लाया जाए। क्या उनका अपहरण हुआ है या फिर हत्या कर दी गई है, इस बात को स्पष्ट सरकार करें।



शहडोल में जल प्रबंधन कार्यक्रम में ड्राई फ्रूट्स घोटाले को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा मध्यप्रदेश में एक भी मंत्रालय ऐसा नहीं है जहां 50ल से कम कमीशन लिया जाता हो। कुछ दिन में 1 लीटर पेंट से 233 लोगों ने पुताई की थी, अब 14 लोग जिस तरीके से ड्राई फरूट खा गए। मुझे लगता है कि पेट तो इनका इंसानों जैसा था, लेकिन खा भैसों जैसा गए और पचा भी गए। पटवारी ने कहा कि फर्जी वोटर लिस्ट पर बोले कि चुनाव को कैसे खरीदना, बेचना सब करते हैं। एक एक वोटर लिस्ट का मध्यप्रदेश में सत्यापन होना चाहिए।

# स्कूल चलें अभियान का दूसरा चरण 16 से

### - चाइल्ड ट्रैकिंग एप से डोर टू डोर होगा सर्वे

भोपाल। प्रदेश में पहले दौर में स्कूल चले हम अभियान सफल नहीं रहा है, इसलिए अब राज्य शासन ने 16 जुलाई से 31 जुलाई तक दोबारा स्कूल चले अभियान शुरू करने का फैसला किया है। दोबारा यह अभियान इसलिए शुरू किया जा रहा है क्योंकि स्कूल शिक्षा विभाग के रिकार्ड में यह बात आई है कि पिछले साल के मुकाबले इस साल सरकारी स्कूलों में बच्चों के एडमिशन कम हुए हैं। इसलिए अब चाइल्ड ट्रेकिंग एप के माध्यम से डोर टू डोर अभियान चलाकर 6 से 18 साल तक के बच्चों की तलाश की जाएगी। हालांकि विभाग के अफसर अभी इसके रिकार्ड जारी करने से यह कहकर बच रहे हैं कि तीस सितम्बर को इसकी स्थिति सामने आएगी। राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने सभी कलेक्टरों को लिखे पत्र में कहा है कि कक्षा 1 से 12 तक एडमिशन 25 मार्च 2025 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए थे। अब शिक्षा पोर्टल 3.0 की समीक्षा से पता चला है कि अभी भी विद्यालयों में सत्र 2025-26 के टारगेट के अनुसार बच्चों का एडमिशन नहीं हो सका है। यू डाईस में दर्ज रजिस्ट्रेशन की स्थिति से स्पष्ट है कि पिछले कई सालों से सरकारी स्कूलों में बच्चों के एडमिशन में कमी हो रही है। इसलिए सकल नामांकन अनुपात एवं नेट नामांकन अनुपात भी प्रभावित हो रहा है। इसलिए यह आवश्यक है कि स्कूल चले हम अभियान 2025-26 का दूसरा चरण शुरू किया जाए।

# मप्र में मिला फॉस्फोराइट खनिज का अकूत भंडार

## - छतरपुर में 57 लाख मीट्रिक टन रॉक फॉस्फेट का पता चला

भोपाल। छतरपुर जिले के बक्सवाहा के जंगलों में एशिया का सबसे अच्छा हीरा पाया गया। इसके बाद यहां हीरा निकालने के लिए सरकार ने पूरी तैयारियां कर ली हैं। इसी जंगल में अब फॉस्फेट की चट्टानें मिली हैं। इन चट्टानों में बहुतायात में फॉस्फोराइट खनिज है। फिलहाल 57 लाख मीट्रिक टन रॉक फॉस्फेट के भंडार का पता चला है। हीरा के बाद इस खनिज के मिलने के बाद छतरपुर जिला मप्र में नंबर 1 पर पहुंच जाएगा।

बता दें कि उर्वरक बनाने के लिए फॉस्फोराइट महत्वपूर्ण कच्चा माल माना जाता। खासकर, डीएपी खाद बनाने के लिए इसका उपयोग होता है। इस खोज से न केवल छतरपुर जिले का विकास होगा, बल्कि आने वाले दिनों में किसानों को खाद की उपलब्धता और उसकी कीमत में भी राहत मिलने की संभावना है। रॉक फॉस्फेट के भंडार की खोज के बाद सरकार ने खनन की अनुमति दे दी है। जल्द ही इस पर काम शुरू होने की उम्मीद है। गौरतलब है कि छतरपुर जिले में खनिज सम्पदा का भंडार है। बक्सवाहा इलाके में हीरा खदानें शुरू होने जा रही हैं। अब रॉक फॉस्फेट का अकूत भंडार मिलने से छतरपुर ही नहीं बल्कि मप्र में रोजगार के नए अवसर बनेंगे। मप्र सरकार का खजाना छतरपुर की खनिज संपदा भर देगी। छतरपुर जिला मुख्यालय से 100 किलोमीटर दूर बड़ामलहरा अनुविभाग के बकस्वाहा तहसील इलाके के सूरजपुरा में फॉस्फोराइट पत्थर की खोज हुई है।

### सरकार ने दी खनन की मंजूरी

भू-वैज्ञानिकों ने सर्वेक्षण में जिले के सूरजपुरा व इससे लगे पल्दा, सगौरिया, गरदौनियां में 1070 हेक्टेयर में फॉस्फोराइट का विशाल भंडार पाया है। अब इस भंडार पर हाल ही में केंद्र सरकार ने खनन की मंजूरी दे दी है। इससे यहां उद्योग स्थापित होने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। केंद्र सरकार के खनन मंत्रालय ने इस क्षेत्र में खनन कार्य के लिए लीज स्वीकृत कर दी है। यह लीज सनफ्लैग आयरन एंड स्टील कंपनी को दी गई है। इस कंपनी को आगामी 3 साल तक खनन करने की अनुमति दी गई है।

### क्या होता है फॉस्फोराइट

महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के भूगर्भ विभाग में पदस्थ एचओडी डॉ. पीके जैन ने बताया कि फॉस्फोराइट एक मिनरल होता है, जिसका स्रोत रॉक फॉस्फेट चट्टान होती है। इसी रॉक फॉस्फेट चट्टान में फॉस्फोराइट मिनरल डिपॉजिट होते हैं। छतरपुर जिले के बक्सवाहा के आसपास के गांव में इस खनिज तत्व के खोज की पुष्टि हुई है। बकस्वाहा तहसील के सूरजपुरा और आसपास के गांवों में फॉस्फोराइट खनिज तत्व डिपोजिट हैं। यह एक सेडिमेंट्री रॉक (अवसादी चट्टान) हैं और फॉस्फोराइट इसका प्रमुख स्रोत माना जाता है।

### फास्फोराइट का कैसे होता है

### उपयोग

छतरपुर जिले में मिले फास्फोराइट फॉस्फोरस का प्रमुख स्रोत होता है। इसका उपयोग कृषि क्षेत्र में उर्वरक डीएपी खाद के रूप में किया जाता है। वहीं पशु आहार, डिटर्जेंट, रसायनों, सिरेमिक, डाई, प्लास्टिक और अन्य औद्योगिक उत्पादों में भी इसका प्रयोग किया जाता है। कृषि प्रधान देश में इसकी मांग लगातार बनी रहती है। इसका खनन और दोहन आर्थिक दृष्टिकोण से अत्यंत फायदेमंद होता है।

# मप्र पदोन्नति फार्मूला विवाद : 15 जुलाई को होगी हाईकोर्ट में सुनवाई

भोपाल। प्रदेश सरकार द्वारा 9 साल से बंद पदोन्नति प्रक्रिया को शुरू करने के लिए पदोन्नति नियम 2025 लागू किया है। जिसके तहत पदोन्नति की प्रक्रिया भी शुरू हो गई। इस बीच हाईकोर्ट ने पदोन्नति नियम पर 15 जुलाई तक रोक लगाते हुए सरकार से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट का आदेश आते ही पदोन्नति प्रक्रिया की फाइलें बंद कर अधिकारी पदोन्नति नियम के पक्ष में जवाब पेश करने में जुट गई है। शासन स्तर पर बैठकें शुरू हो गई हैं। जल्द ही विधि विशेषज्ञों के साथ चर्चा होगी। वहीं हाईकोर्ट के आदेश के बाद मप्र सरकार ने कर्मचारियों की पदोन्नति के पुराने नियम (वर्ष 2002) और नए नियम (वर्ष 2025) की जानकारी कोर्ट में प्रस्तुत करने की तैयारियां तेज कर दी हैं। सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों से पदोन्नति के नए और पुराने नियमों की विस्तार से जानकारी लेने के बाद महाधिवक्ता कार्यालय (एजी ऑफिस) दोनों नियमों में अंतर के संबंध में तुलनात्मक चार्ट तैयार कर रहा है। दोनों नियमों में अंतर संबंधी तुलनात्मक चार्ट को 15 जुलाई को होने वाली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट में पेश किया जाएगा।

गौरतलब है कि पदोन्नति मामले में 8 अप्रैल, 2025 को सीएम डॉ. मोहन यादव ने पहली बार कर्मचारियों की पदोन्नति पर नौ साल से लगी रोक हटाने की घोषणा की। 17 जून को मोहन कैबिनेट ने मप्र लोकसेवा पदोन्नति नियम-2025 को मंजूरी दी। 19 जून को सरकार ने नए पदोन्नति नियमों के संबंध में गजट नोटिफिकेशन जारी किया। 26 जून को मुख्य सचिव ने एसीएस, पीएस, सचिव, आयुक्त और विभागाध्यक्षों के साथ बैठक कर 31 जुलाई से पहले डीपीसी की बैठकें करने के निर्देश दिए। 29 जून को सपाक्स की ओर से नए पदोन्नति नियमों के विरोध में हाईकोर्ट में पहली याचिका दायर की गई। उधर, मंत्रालय में पदोन्नति नियम 2025 को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों की अनौपचारिक बैठक के बाद अब सरकार विधि विशेषज्ञों से चर्चा कर रही है। अगली सुनवाई से पहले सरकार न्यायालय में पदोन्नति नियम के पक्ष में विधिक जवाब पेश करेगी। इसके लिए सर्वोच्च न्यायालय के वकीलों से भी चर्चा की जा रही है। बताया गया कि मुख्य सचिव जल्द ही पदोन्नति नियम के संबंध में चुनिंदा अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इससे पहले इसका अध्ययन किया जा रहा है कि पदोन्नति नियम 2025 के खिलाफ लगाई गई याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान न्यायालय ने क्या-क्या आपत्ति की और सरकार की ओर से क्या जवाब दिया गया। सरकार के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जरूरत पडने पर सर्वोच्च न्यायालय के वकीलों को पदोन्नति नियम 2025 का पक्ष के लिए खड़ा किया जा सकता है।

### पदोन्नति प्रक्रिया बंद

पदोन्नति नियम 2025 लागू होने के बाद सरकार ने 31 जुलाई तक सभी विभागों में पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू करने का लक्ष्य रखा है। मुख्य सचिव अनुराग जैन से पिछले महीने के आखिरी में सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, विभागाध्यक्ष समेत सभी कलेक्टर एवं संभागायुक्तों की बैठक ली। जिसमें उन्होंने पदोन्नति की प्रक्रिया 31 जुलाई तक पूरी करने के निर्देश दिए थे। इसके तत्काल बाद ही विभागों में पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। मंत्रालय स्तर पर भी पदोन्नति को लेकर विभागीय पदोन्नति बैठकें शुरू हो गईं। हालांकि उच्च न्यायालय द्वारा रोक लगाने के एक दिन बाद ही सभी सरकारी कार्यालयों में पदोन्नति की फाइलें बंद कर दी गई हैं। सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वर्ष 2002 और वर्ष 2025 के पदोन्नति के नियमों में 15 से ज्यादा प्रकार के अंतर हैं।

# एईओ की नियुक्ति के लिए बनेंगे नए नियम

भोपाल। मप्र में शिक्षा विभाग एईओ यानी एरिया एज्युकेशन ऑफिसर प्रणाली के जरिए नया प्रयोग करने जा रहा है। इसे लागू भी कर दिया गया है जबकि अभी अधिकारी ही नहीं मिले हैं। दरअसल, शिक्षा व्यवस्था के प्रशासनिक ढांचे में कसावट लाने एरिया एज्युकेशन ऑफीसर की नियुक्तियां दस्तावेजों में उलझ रही है। मौजूदा सत्र के जुलाई माह से इन अधिकारियों को नियुक्त किया जाना था। यह माह धीरे-धीरे विदाई की ओर जा रहा है। अभी राज्य के एक भी जिले में इनकी पदस्थापना नहीं हो पाई है। अब विभाग का कहना है कि इसके लिए नियम में संशोधन करना है।

जानकारी के अनुसार, प्रदेश में पिछले एक दशक से यह नियुक्तियां टल रही हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने वर्ष 2013 में राज्य शिक्षा सेवा लागू की थी। राजपत्र अधिसूचना में अन्य अधिकारियों के अलावा एईओ के 3 हजार 212 पद सृजित किये गये थे। इसके बाद साल 2014 में एईओ पद के लिए डिपार्टमेंट ने बाकायदा परीक्षा ली थी। इस परीक्षा में अध्यापक श्रेणी से माध्यमिक शिक्षक एवं पूर्व कैडर से यूडीटी और हेडमास्टर शामिल हुए थे। परीक्षा में मेरिट के आधार पर चयन हुआ। इसके बाद मामला कोर्ट में चला गया था। न्यायालय भी डिसीजन दे चुका है। फिर इसी साल जुलाई से नियुक्ति करने की तैयारी की गई थी। इसके लिए बाकायदा हर जिले में एरिया मैपिंग भी हुई, लेकिन जब नियुक्ति की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी तो चयनितों ने फिर विभाग का दरवाजा खटखटाया था। अब विभाग ने नियम संशोधन की बात कही है।

### नियमों में करना पड़ रहा संशोधन

जानकारी है कि विभाग अब पुरानी परीक्षा को रद्द करते हुए नवीन सीमिति एग्जाम कराने जा रहा है। विभाग में कुछ अधिकारियों का कहना है कि नियम में संशोधन कर उच्च माध्यमिक शिक्षक और लेक्चरार को शामिल करने की तैयारियां हो रही है, क्योंकि एरिया एज्युकेशन का जो दायरा रहेगा, उसमे एईओ को अनेक प्रशासनिक अधिकार रहेंगे। नतीजतन नियमों को सुधारना पड़ रहा है। राज्य शिक्षा सेवा में जिन एईओ को रखा जाना था, उसमें अन्य बदलाव थे।

# जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय महिला क्रिकेट टीम

लंदन। भारतीय महिला क्रिकेट टीम शनिवार को यहां बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ जारी पांचवें और अंतिम मैच को भी जीतने के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम ने पहले ही ये सीरीज जीत ली है। ऐसे में उसका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। भारतीय टीम इस सीरीज में 3-1 से आगे हैं। इस मैच को जीतने के साथ ही उसकी बढ़त 4-1 हो जाएगी। भारतीय टीम ने पिछले सप्ताह एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया था जिससे वह इस मैच में भी जीत की प्रबल दावेदार है। उत्सुक होगी। भारतीय गेंदबाजों विशेषकर स्पिनरों अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं इंग्लैंड के बल्लेबाज भारतीय स्पिनरों के सामने संघर्ष करते दिखे हैं। इस सीरी में अब तक स्पिनरों ने 22 विकेट लिए हैं। राधा यादव और श्री चरणी ने इस सीरीज में जबरस्त प्रदर्शन किया है। वहीं दूसरी ओर केवल एक मैच जीती मेजबान इंग्लैंड की महिला टीम के लिए स्पिनर दीप्ति शर्मा के नेतृत्व में भारत के स्पिन आक्रमण का सामना करना आसान नहीं रहेगा। बल्लेबाजी में भारत की स्मृति मंधाना ने अब तक सबसे अधिक रन बनाये हैं। उन्होंने शेफाली वर्मा के साथ मिलकर भारत को आक्रामक शुरुआत दिलाई है। जेमिमा रोड्रिग्स मध्यक्रम में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं हालांकि कप्तान कहरमनप्रीत कौर अभी तक अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं दिखीं हैं। ।

वहीं इंग्लैंड के लिए कप्तान नैट साइवर-ब्रंट के बिन परेशानी बढ़ गयी है। ब्रंट फिट नहीं होने के कारण बाहर हो गयी हैं। इससे उसका संतुलन गड़बड़ा गया है। उसके बल्लेबाजों में सोफिया डंकले ही केवल रन बना रही हैं। सलामी बल्लेबाज़ डंकले और डैनी वायट-हॉज अच्छी शुरुआत नहीं दे पायी हैं। उसका मध्यक्रम भी लड़खड़ा गया है। गेंदबाजी विभाग में तेज गेंदबाज लॉरेन बेल ने छह विकेट लेकर अच्छा प्रदर्शन किया है पर उसने अन्य गेंदबाज फिसल हैं।



**भारत**- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, एन श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।

**इंग्लैंड**- टैमी ब्यूमोंट (कप्तान), एम अर्लट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, एमी जोन्स (विकेट कीपर), पैगी स्कोल्फील्ड, लिंसे स्मिथ, डैनी व्याट-हॉज, इसी वोंग, माइया बाउचियर।

# एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट इस साल के अंत में होगा

सैंटियागो। एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट इस साल के अंत में होगा। इसमें भारतीय टीम का पहला मुकाबला एक दिसंबर को नामीबिया से होगा। इसी दिन मेजबान टीम चिली का भी पहला मुकाबला नीदरलैंड से होगा। नीदरलैंड अभी जूनियर महिला विश्व चैंपियन है और दुनिया की नंबर एक टीम है। इस टूर्नामेंट की शुरुआत जर्मनी और आयरलैंड के बीच मैच से होगी।

यह टूर्नामेंट 1 से 13 दिसंबर, 2025 तक सैंटियागो शहर में खेला जाएगा और इसमें 24 टीमें शामिल होंगी। भारतीय टीम को इसमें ग्रुप सी में रखा गया है। भारतीय टीम के साथ इस ग्रुप में जर्मनी, आयरलैंड और नामीबिया की टीमें हैं। टूर्नामेंट में भारतीय टीम 3 दिसंबर को जर्मनी और 5 दिसंबर को आयरलैंड से खेलेगी। महिला जूनियर हॉकी



वर्ल्ड कप पिछली बार साल 2023 में सैंटियागो में हुआ और तब 16 टीमों ने भाग लिया था। इस बार टीमों की संख्या बढ़कर 24 हो गयी है। ऐसे में प्रशंसकों को अधिक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

**टीमें और उनके पूल इस प्रकार हैं**

ग्रुप ए में नीदरलैंड, जापान, चिली, मलेशिया

ग्रुप बी में अर्जेंटीना, बेल्जियम, ज़म्बिाब्वे, वेल्स

ग्रुप सी में भारत, जर्मनी, आयरलैंड, आयरलैंड

ग्रुप डी में इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, चीन और ऑस्ट्रिया

ग्रुप ई में ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, कनाडा और स्कॉटलैंड

ग्रुप एफ में संयुक्त राज्य अमेरिका, कोरिया, न्यूजीलैंड और उरुग्वे शामिल हैं।

क्रॉसओवर और नॉकआउट राउंड के मैच 7 दिसंबर से खेले जाएंगे, जबकि फाइनल 14 दिसंबर को खेला जाएगा।

# नीतिश ने कहा कमिंस और मोर्कल से सुझावों से मेरी गेंदबाजी बेहतर हुई

लंदन। भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी ने इंग्लैंड के खिलाफ यहां लॉर्ड्स में हुए तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में गेंदबाजी कर सभी का प्रभावित किया है। पहले ही दिन नितीश ने दो विकेट लिए। नितीश को मिली इस सफलता का कारण सही जगह पर गेंद फेंकना रहा है। इस क्रिकेटर ने अपनी अच्छी गेंदबाजी का श्रेय कोच मोर्ने मोर्कल और ऑस्ट्रेलियाई कप्तान कप्तान पैट कमिंस को दिया है। रेड्डी ने पहले दिन जैक क्रॉली और बेन डकेट के विकेट लिए थे।



रेड्डी ने कहा कि उन्होंने इंग्लैंड दौरे से पहले आईपीएल मैचों के दौरान कमिंस से सलाह मांगी थी और उनकी सलाह से भी उन्हें काफी लाभ हुआ। कमिंस आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी कर रहे थे। इस दौरान कमिंस ने उन्हें बताया कि इंग्लैंड में मौसम भी काफी बड़ भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि दौरे की शुरुआत से ही निरंतरता के साथ गेंदबाज़ी करना उनका मुख्य लक्ष्य रहा है। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले सत्र में भारत को सफलताएं दिलाईं।

रेड्डी ने कहा, ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद मुझे लगा कि मुझे अपनी गेंदबाजी और अपनी निरंतरता में सुधार करना होगा। मैंने इसी पर ध्यान दिया। मैंने कमिंस से कुछ टिप्स मांगे हैं और वह मुझे बता रहे हैं कि चीजें कैसे होतीं, मैं कैसे आगे बढ़ सकता हूं। कमिंस के साथ यह मेरे लिए एक शानदार अनुभव रहा है। रेड्डी ने कहा, मैंने कमिंस से ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में गेंदबाजी में अंतर के बारे में पूछा। यह मेरा पहला दौरा है। उन्होंने कहा, यह कोई अलग बदलाव नहीं होगा। आप बस मौसम की स्थिति देखें और उसी के अनुसार गेंदबाजी करें। बस जितना हो सके सीखने की कोशिश करें।

रेड्डी ने आगे कहा कि गेंदबाजी कोच मोर्कल के साथ काम करना उनके विकास के लिए बेहद फायदेमंद रहा है और उन्हें उनसे सीखने में मजा आता है। उन्होंने कहा, इस दौरे पर भी मोर्ने मोर्कल के साथ काम करना मेरे लिए बहुत अच्छा रहा है। वह कुछ हफ्तों से मेरे साथ काम कर रहे हैं और हम मेरी गेंदबाजी में अच्छी प्रगति और निरंतरता देख रहे हैं।

# राधा यादव की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी भारत ए टीम

मुम्बई। साधू यादव की कप्तानी में भारत ए महिला टीम क्रिकेट टीम अगले माह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल और तेज गेंदबाज टिटास साधु को भी को इस टीम में शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर भारत ए टीम सात से 24 अगस्त के बीच तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही एकदिवीसय और चार दिवसीय मैच खेलेगी। श्रेयंका पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में हुए महिला टी20 विश्व कप के बाद से ही फिट नहीं होने के कारण टीम से बाहर हैं। उन्हें सितंबर में महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग (डब्ल्यूसीपीएल) में खेलने के लिए गत चैंपियन बारबाडोस रॉयल्स ने पहले ही शामिल कर लिया है। टिटास फिट नहीं होने के कारण श्रीलंका में त्रिकोणीय सीरीज के अलावा इंग्लैंड में सीमित ओवरों की सीरीज के लिए भी शामिल नहीं की गयीं थी।

श्रेयंका बीसीसीआई 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से अनुमति मिलने के बाद ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में खेल पायेंगी। वहीं टिटास को खेलने की मंजूरी मिल गयी है। स्पिनर राधा इस सीरीज में टी20 के अलावा एकदिवसीय और चार दिवसीय मुकाबले के लिए टीम की कप्तान बनायी गयी हैं। इसके अलावा सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को भी सभी टीमों में शामिल किया गया है।



टी20 टीम इस प्राकर है-

राधा यादव (कप्तान), मीनू मणि (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, डी वृंदा, सजना सजीवन, उमा छेत्री (विकेटकीपर), राघवी बिष्ट, श्रेयंका पाटिल, प्रेमा रावत, नंदिनी कश्यप (विकेटकीपर), तनुजा कंवर, जोशिता वीजे, शबनम शकील, साइमा ठाकोर, टिटास साधु।

वनडे और चार दिवसीय टीम -

राधा यादव (कप्तान), मीनू मणि (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, तेजल हसबनिस, राघवी बिष्ट, तनुश्री सरकार, उमा छेत्री (विकेटकीपर), प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर, नंदिनी कश्यप (विकेटकीपर), धारा गुज्जर, जोशिता वीजे, शबनम शकील, साइमा ठाकोर, टिटास साधु।

दौर के टी20 मैच

भारत ए और ऑस्ट्रेलिया कार्यक्रम =

पहला टी20 मैच- 7 अगस्त (मैके)

दूसरा टी20 मैच- 9 अगस्त (मैके)

तीसरा टी20 मैच- 10 अगस्त (मैके)

एकदिवसीय कार्यक्रम

पहला एकदिवसीय मैच = 13 अगस्त (ब्रिसबेन)

दूसरा एकदिवसीय मैच- 15 अगस्त (ब्रिसबेन)

तीसरा एकदिवसीय मैच = 17 अगस्त (ब्रिसबेन)

चार दिवसीय मैच = 21-24 अगस्त (एलन बॉर्डर फील्ड)

# भारतीय टीम के शानदार प्रदर्शन से इंग्लैंड पर दबाव बढ़ा - धवन

नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन ने इंग्लैंड दौरे में भारतीय टीम के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा है कि जिस प्रकार से उसने अब तक खेला है उससे अब मेजबान टीम इंग्लैंड पर ही दबाव आ गया है। धवन ने कहा कि पहले टेस्ट में जहां टीम की ओर से पांच शतक लगे। वहीं दूसरे टेस्ट में बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजी में भी भारतीय टीम ने कमाल करते हुए इंग्लैंड की बल्लेबाजी को ध्वस्त कर दिया। धवन ने इस सीरीज में शानदार प्रदर्शन के लिए युवा टीम की सराहना की है। धवन ने कहा, जिस तरह से लड़कों ने इस सीरीज में जबरदस्त वापसी की, उसने असली चरित्र और लचीलापन दिखाया और मुझे भरोसा है कि टीम आगे और बेहतर प्रदर्शन करेगी। धवन ने शुभमन गिल की कप्तानी और बल्लेबाजी को भी सराहा। उन्होंने कहा, शुभमन गिल ने अब तक के अपने प्रदर्शन से आगे बढ़कर नेतृत्व किया है। वहीं जिस प्रकार मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना भी उसने जीत हासिल की उससे पता चलता है कि टीम में कितनी गहरायी है। बुमराह की कमी आकाशदीप ने महसूस नहीं होने दी। मोहम्मद सिराज ने भी बुमरा के नहीं होने पर काफी अच्छे से गेंदबाजी की कमान संभाली। पहले टेस्ट में टीम हालांकि जीत नहीं पायी पर उससे काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। पहले टेस्ट में शभमन, यशस्वी , और केएल राहुल ने शतक लगाये। उन्होंने कहा कि अनुभवी बल्लेबाजों केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ने अपने-अपने शतकों के साथ पहले टेस्ट में टीम को अच्छी शुरुआत दी थी। पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा, केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ने भी धाराप्रवाह शतक लगाकर एक मजबूत बल्लेबाजी प्रदर्शन की नींव रखी। इंग्लैंड की धरती पर किसी भी टीम के लिए पांच शतक लगाना आसान नहीं होता।

# लारा ने मुल्डर से बात कर कहा,उन्हें मेरा रिकार्ड तोड़ना चाहिये था

बुलावायो। वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज ब्रायन लारा ने दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम के कप्तान वियान मुल्डर से मुलाकात कर कहा है कि उन्हें मेरा 400 रनों का रिकार्ड तोड़ना था। इससे पहले वियान ने जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच में जब वह 367 रन बनाकर खेल रहे थे तभी पारी घोषित कर दी थी। जब उनसे पूछा गया कि पारी क्यों घोषित की गयी थी। तब इस क्रिकेटर ने कहा था कि वह महान बल्लेबाज ब्रायन लारा का 400 रनों का रिकार्ड नहीं तोड़ना चाहते थे। उनका मानना था कि ये रिकॉर्ड इस महान क्रिकेटर के नाम पर ही रहना चाहिये। वहीं अब लारा ने मुल्डर से बात की है और कहा कि उन्हें उनका रिकॉर्ड तोड़ना चाहिए था। मुल्डर और लारा की यह बातचीत बुलावायो टेस्ट में मेजबान जिम्बाब्वे के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की जीत के बाद हुई। इस मैच में मुल्डर ने टेस्ट इतिहास की पांचवीं सबसे बड़ी पारी का रिकॉर्ड बनाया।

मुल्डर ने कहा, 'मैंने लारा से थोड़ी बहुत बात की। उन्होंने मुझसे कहा कि मैं अपनी खुद की विरासत गढ़ रहा हूं और मुझे उसके लिए जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड्स टूटने के लिए ही होते हैं और उन्होंने मुझे शुभकामनाएं दी कि भविष्य में मैं कभी भी उस स्थिति में रहूं तो मैं उससे भी ज्यादा रन बनाऊं, जितने उन्होंने बनाए थे।' इससे पहले वियान के पारी घोषित करने के फैसले की वेस्टइंडीज के ही आक्रामक बल्लेबाज क्रिस गेल ने आलोचना की थी। उन्होंने कहा कि ऐसे मौके कभी-कभार आते हैं और अगर मुल्डर की तरह उन्हें कभी ऐसा मौका मिला होता तो वह लारा का रिकॉर्ड तोड़ने की कोशिश जरूर करते। लारा से बातचीत के बाद भी मुल्डर घोषित करने के अपने फैसले को सही मानते हैं।

# ऋषभ की देखभाल कर रही डॉक्टरों की टीम-बीसीसीसीआई

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीसीआई) ने कहा है कि इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में जारी तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में चोटिल हुए विकेटकीपर विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत अभी ठीक हैं और डॉक्टरों की एक टीम उनकी देखरेख कर रही है। ऋषभ को विकेटकीपिंग करते हुए पहले ही दिन अंगुली में चोट लग गयी। जिसके कारण उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। ऐसे में उनकी जगह ध्रुव जुरेल को विकेटकीपिंग के लिए उतारा गया। बीसीसीआई के अनुसार ऋषभ जब मैदान पर इलाज से राहत नहीं मिली तो उन्हें हटाकर जुरेल को विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी दी गई, हालांकि जुरेल अंतिम ग्यारह में शामिल नहीं हैं। ऋषभ को ये चोट तब लगी जब जसप्रीत बुमराह के 34वें ओवर में एक गेंद को रोकने के प्रयास में उन्होंने छलांग मार मारी पर गेंद से उनकी अंगुली में चोट लग गयी।

इसके कारण खेल भी कुछ देर के लिए रुका और उन्हें फिजियो ने मैदान पर ही प्राथमिक इलाज दिया। इसके बाद खेल फिर शुरू हुआ पर ऋषभ दर्द द्यह्य परेशान दिखे और बुमराह का ओवर खत्म होने के बाद उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने इस सीरीज के दोनो ही मैचों में काफी रन बनाये हैं। ऐसे में अगर वह आगे नहीं खेल पाते हैं तो ये टीम के लिए करारा झटका होगा। उनकी जगह पर शामिल जुरेल इस मैच में केवल विकेटकीपिंग कर सकते है पर बल्लेबाजी नहीं क्योंकि ऋषभ को को सिर या आंख में चोट नहीं लगी है। इसलिए कन्कशन सब्सटीट्यूट का इस्तेमाल इसलिए नहीं किया जा सकता। ऐसे में टीम उम्मीद कर रही है कि उपकप्तान पंत फिट होकर बल्लेबाजी कर सकें।

# करुण को नहीं सुदर्शन को तीसरे नंबर पर उतारें - मांजरेकर

मुम्बई। पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा है कि आठ साल बाद टीम में शामिल किये गये करुण नायर को नंबर तीन पर नहीं उतारा जाना चाहिये। करुण इस सीरीज में अब तक असफल रहे हैं। वह दोनो ही मैचों में रन नहीं बना पाये हैं। मांजरेकर ने कहा कि अभी इस बल्लेबाज को अवसर मिलने चाहिये क्योंकि एक-दो मैचों के आधार पर फैसला नहीं हो सकता। मांजरेकर ने इसके साथ ही केवल एक मैच के बाद बाहर कर दिये गये साई सुदर्शन का समर्थन करते हुए कहा कि वह प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी है जिसे अभी अपने को साबित करने पर्याप्त अवसर मिलने चाहिये। साथ ही कहा कि सुदर्शन को नंबर तीन पर उतारना चाहिये। वहीं करुण को पांचे क्रम पर अवसर देना चाहिये।

मांजरेकर ने कहा, पिछले मैच में चयन जिस प्रकार हुए उनसे में सहमत नहीं हूं। एक जीत उन फैसलों को कैसी सही ठहरा सकत है। सिर्फ एक मैच के बाद साई सुदर्शन को टीम से बाहर कर देना समझ से परे है क्योंकि वह एक युवा खिलाड़ी हैं और हम भविष्य के लिए उन पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने दूसरी पारी में काफी अच्छा प्रदर्शन किया। मैं उनके साथ रहना चाहता हूं, लेकिन यह टीम प्रबंधन थोड़ा अलग है और वे माहौल के अनुसार बदलाव करने में पीछे नहीं हटता है। मांजरेकर ने सुदर्शन को तीसरे नंबर पर उतारने की जरुरत बतायी। साथ ही कहा कि करुण इस जगह के लिए उपयोगी नहीं है। उन्होंने कहा, मैं सुदर्शन को तीसरे नंबर पर देखना चाहूंगा। मेरी नजर में करुण तीसरे नंबर के खिलाड़ी नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा, अगर सभी बड़े शतक लगा रहे हैं, तो उन्हें एक टेस्ट के बाद बाहर करना अनुचित है। मुझे लगता है कि सुदर्शन भी और अवसर दिये जाने के अधिकारी हैं। मांजरेकर ने करुण के चयन और टीम में वापसी के भावनात्मक पक्ष का हवाला देते हुए उनका समर्थन करते हुए कहा कि उन्हें अभी अवसर मिलने चाहिये। करुण ने साल 2027-18 में इंग्लैंड के खिलाफ ही तिहरा शतक लगाया था। उसके बाद भी वह टीम में अपनी जगह नहीं बचा पाये थे।

# जिम्बाब्वे ने त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए रजा को बनाया कप्तान

## तेज गेंदबाज नगारवा व ब्लेसिंग शामिल

हरारे। जिम्बाब्वे ने ऑलराउंडर सिकंदर रजा को दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के साथ होने वाली आगामी टी20 त्रिकोणीय सीरीज के लिए टीम का कप्तान बनाया है। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने इस त्रिकोणीय सीरीज के लिए 16 सदस्तीय टीम घोषित की है। ये सीरीज 14 से 26 जुलाई तक हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेली जाएगी। जिसमें प्रत्येक टीम राउंड-रॉबिन चरण में मुकाबला करेगी जिसके बाद शीर्ष दो टीमों के बीच फाइनल मुकाबला होगा। इस सीरीज के लिए जिम्बाब्वे की टीम में अनुभवी के साथ ही उभरते खिलाड़ियों को रखा गया है। टीम में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज रिचर्ड नगारवा के अलावा तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजराबानी को भी रखा गया है। इसके अलावा युवा ऑलराउंडर ब्रायन बेनेट को भी शामिल किया गया है। टीम में रयान बर्ल, टोनी मुनयोंगा और ताशिंगा मुसेकिवा भी शामिल हैं, जिन्होंने फरवरी में आयरलैंड के खिलाफ जिम्बाब्वे के पिछले टी20आई मैच में शानदार प्रदर्शन किया था। टीम में तीन नए खिलाड़ी भी शामिल हैं जो टी20 प्रारूप में अभी तक नहीं खेले हैं जिनमें विकेटकीपर-बल्लेबाज तफादज़्वा त्सिगा, बाएं हाथ के तेज गेंदबाज न्यूमैन न्यामहुरी और लेग स्पिनर विंसेंट मसेकेसा आदि हैं।

जिम्बाब्वे इस त्रिकोणीय सीरीज में 18 जुलाई को न्यूजीलैंड से खेलने से पहले 14 जुलाई को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। इसके बाद 20 जुलाई को उसका मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। वहीं 24 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच से वह अपने राउंड-रॉबिन मुकाबलों का समापन करेगा। तालिका में शीर्ष दो टीमों का फाइनल 26 जुलाई को होगा।

# कमाई में भी पीछे नहीं हैं गावस्कर, करोड़ों में है नेटवर्थ

मुम्बई। लिटिल मास्टर के रुप में लोकप्रिय रहे भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर 76 वर्ष की उम्र में भी क्रिकेट से मोटी कमाई कर रहे हैं। खेल से संन्यास के बाद गावस्कर कमेंट्री से जुड़ गये थे। अपने अंदाज के कारण गावस्कर ने कमेंटेटर के तौर पर अलग पहचान बनायी है। संन्यास के कई साल बीत जाने के बाद भी गावस्कर के पास करोड़ों के विज्ञापन हैं। उनके पास महंगी लक्जरी गाड़ियां हैं। उनके पास देश में ही नहीं विदेश में भी संपत्ति है। उनकी नेटवर्थ में लगातार बढ़ रही है। उन्हें बीसीसीआई से भी हर महीने पेंशन की राशि मिलती है। इसके अलावा वह आईपीएल 2025 के बाद से ही एक सत्र में सबसे अधिक रकम पाने वाले कमेंटेटर भी बन गये हैं। गावस्कर की नेटवर्थ लगभग 250 करोड़ है। उन्होंने ये संपत्ति कमेंट्री, विज्ञापनों और पेंशन से अर्जित की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक गावस्कर आईसीसी और



आईपीएल कमेंट्री से करीब 30 से 36 करोड़ कमाते हैं। आईपीएल के पिछले सत्र के बाद से वह एक कमेंट्री में एक सत्र से लगभग 4.17 करोड़ कमा रहे हैं। वहीं बीसीसीआई से जुड़े मैच अनुबंध से वह लगभग 6 करोड़ कमा रहे हैं। बीसीसीआई से उन्हें पेंशन के तौर पर प्रति माह 70 हजार रुपये मिलते हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड 75 या उससे ज्यादा टेस्ट खेलने वाले अपने खिलाड़ियों को हर महीने ये राशि देता है.

गावस्कर कई बड़े ब्रैंड्स के विज्ञापन भी करते हैं। उनक क्रिकेट बल्ले बनाने वाली विश्व की सबसे बड़ी बैट कंपनी एसजी के साथ भी करार हुआ है। इसके अलावा वह कारोबार भी करते हैं। साल 1985 में गावस्कर ने सुमेध शाह के साथ मिलकर देश की पहली स्पोर्ट्स मैनेजमेंट कंपनी बनाई। वर्तमान में गावस्कर इस कंपनी के निदेशक हैं।

गावस्कर के पास गोवा में एक आलीशान कोठी है जिसकी कीमत करीब 20 करोड़ है। इसके अलावा दुबई के पॉश इलाके पाल्म जुमैराह में भी गावस्कर का घर है। उनके पास बीएमडब्ल्यू 5 सीरीज और 7 सीरीज की कारें हैं। गावस्कर की गैराज में डेढ़ करोड़ से अधिक की कीमत वाली एमजी हेक्टर प्लस और 1.2 करोड़ से अधिक की बीएमडब्ल्यू 7 सीरीज कारें हैं। गावस्कर समाजसेवा के क्षेत्र में भी सक्रिय हैं। उनकी संस्था जरूरतमंद लोगों की सेवा करती है।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग वि/यां संभाग जबलपुर**

Web site:-www.mp.gov.in/pwdmp Email :- eepwdelecjbp@mp.nic.in

Tel./Fax No. 0761-2620792

**नीलामी निविदा सूचना**

नीलामी निविदा सूचना क्रमांक .17/2025.26 व0ले0लि0 जबलपुर, दिनांक. 08/07/2025

निम्नलिखित प्लांट एवं मशीनरी के नीलामी हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित नीलामी का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर कमांक | वर्तमान में प्लांट/मशीनरी जहां उपलब्ध है स्थान एवं नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 मे ) | अमानत की राशि (रू0 मे) | नीलामी प्रपत्र का मूल्य (रू0 मे) | कार्य पूर्ण करने का समय | 1. नीलामी काल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 6 | 7 |
| 1 | 2025_PWDRB_435805 | अनुपयोगी सामग्री (स्टोर सब डिवीजन वि/यां बालाघाट | Rs. 2042/- | 1000/- | 100/- | 7 Days | 1. प्रथम कॉल। |
| 2 | 2025_PWDRB_435806_1 | अनुपयोगी सामग्री (स्टोर सब डिवीजन वि/यां बालाघाट | Rs. 1025/- | 1000/- | 100/- | 7 Days | 1. प्रथम कॉल। |
| 3 | 2025_PWDRB_435807_1 | अनुपयोगी सामग्री (स्टोर सब डिवीजन वि/यां बालाघाट | Rs.810 | 500/- | 100/- | 7 Days | 1. प्रथम कॉल। |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त नीलामी प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। नीलामी निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 15/07/2025 नीलामी निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

जी-15459/25

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग वि0/यां0 संभाग
जबलपुर

"स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

बहनों के
हौसले की
मजबूत डोर
खुशियां हर ओर


नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री


डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा



1.27 करोड़
लाड़ली बहनों को
26 वीं किस्त के
₹ 1543.16 करोड़

56.74 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को ₹ 340 करोड़

30 लाख से अधिक बहनों को सिलेंडर रीफिलिंग राशि ₹46.34 करोड़ का सिंगल क्लिक से अंतरण

अपराह्न 2:30 बजे | ग्राम पंचायत नलवा, जिला उज्जैन

D11064/25

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

राज्य स्तरीय निषादराज सम्मेलन

मछुआ कल्याण के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं हितलाभ वितरण

अपराह्न 1:00 बजे । मुक्ताकाशी मंच, कालिदास अकादमी, उज्जैन



12 जुलाई 2025

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhypradesh @jansamparkMP JansamparkMP

# मुख्य वन संरक्षक अधिकारी और दक्षिण वनमण्डल उत्पादन का कार्यालय किया गया सील बंद

## करोड़ों रुपए के मामले में व्यापारी ने ली थी न्यायालय की शरण ,ऐसी चल रही जनचर्चा, वन विभाग में मचा हड़कंप

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। वन विभाग के दो बड़े शासकीय कार्यालय को न्यायालय के एक आदेश का नोटिस चस्पा करते हुए सील बंद कर दिया गया है। जिसमें वन विभाग के प्रमुख मुख्य वन संरक्षक अधिकारी और दूसरा दक्षिण वनमण्डल उत्पादन का कार्यालय को सील बंद कर दिया गया है। जिसके बाद यहां कार्य करने वाले शासकीय कर्मचारी कार्यालय के सामने घूमते हुए नजर आए ,तो वहीं कुछ शासकीय अधिकारी इस पूरे विषय पर बोलने से साफ मना कर रहे हैं , उनका कहना था कि यह मामला बड़े स्तर का है इसलिए वह इस विषय में कोई कमेंट नहीं करेंगे ।**

आपको बता दे की वन विभाग में उसे समय हड़कंप मच गया जब वन विभाग के ही प्रमुख का शासकीय कार्यालय को सील बंद कर दिया गया यह पूरा मामला 11 जुलाई का है जब यहां जिला मुख्यालय में स्थित मुख्य वन संरक्षक अधिकारी और दक्षिण वन मंडल उत्पादन के कार्यालय को न्यायालय के आदेश के बाद सील बंद कर दिया गया। इस घटना से आसपास संचालित होने वाले शासकीय कार्यालय सहित आम जन में जन चर्चा का दौर शुरू हो गया। यहां हर कोई इस प्रकार की कार्रवाई से स्तंभित था हर कोई यही चर्चा कर रहा था कि आखिर कैसे वन विभाग के प्रमुख के शासकीय कार्यालय को सील बंद कर दिया गया हालांकि कुछ लोगों को न्यायालय के आदेश के बाद यह स्पष्ट हो गया था कि जरूर कोई विभाग का कोई मामला है जिसके तहत इस प्रकार की कार्रवाई




हुई है वहीं कुछ लोग यह भी बता रहे थे कि वर्ष 2005 में बालाघाट में पश्चिम उत्पादन वनमंडल नामक कार्यालय सक्रिय था, जो वर्ष 2013 में बंद कर दक्षिण उत्पादन में विलय कर दिया गया। इस दौरान कल्पतरू एग्रो फार्म, कोलकाता नामक फर्म ने विभाग से बड़ी मात्रा में बांस की खरीदारी की थी। फर्म ने बकायदा भुगतान भी किया, लेकिन कार्यालय के बंद हो जाने के बाद वह बांस उठाव नहीं कर सका। समस्या तब खड़ी हुई जब फर्म द्वारा भुगतान की गई राशि विभाग ने वापस नहीं की। फर्म के संचालक ने न्यायालय में याचिका दायर की। मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने 20 जून 2025 को आदेश दिया कि वन विभाग फर्म को करोडो की राशि लौटाए।

### वन विभाग में मचा हड़कंप

सील बंद की खबर फैलते ही वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। कई कर्मचारी कार्यालय के बाहर एकत्र होकर स्थिति को लेकर चर्चा करते नजर आए। बताया जा रहा है कि इस कार्रवाई से विभाग की प्रशासनिक छवि पर सवाल खड़े हो रहे हैं और न्यायिक आदेशों की अनदेखी को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों की भूमिका पर भी उंगलियां उठ रही हैं। अब सभी की निगाहें विभाग के अगली कानूनी और प्रशासनिक प्रतिक्रिया पर टिकी हैं। शनिवार और इतवार यह दो दिन फिर कार्यालय बंद रहे जाने की बात कही जा रही है, क्योंकि सोमवार के बाद ही शायद इस मामले में विभाग कोई कार्रवाई करें, जिससे साफ हो गया है कि अभी और 2 से 3 दिन इन दो बड़े कार्यालय में ताला बंद ही रहेगा ।

### अधिकारियों ने चर्चा करने से किया मना

जैसे ही दोनों कार्यालयों में सील बंद की कार्रवाई हुई उसके बाद से मीडिया भी इसका कवरेज करने दोनों शासकीय कार्यालय में पहुंच गया, किंतु कोई भी छोटा अधिकारी से लेकर बड़ा अधिकारी इस विषय को लेकर मीडिया से किसी भी प्रकार की चर्चा करने से साफ मना कर रहे थे। सभी अनौपचारिक चर्चा में इस विषय को लेकर कोई भी जानकारी नहीं होना ही बता रहे थे । वरिष्ठ अधिकारियों से जब हमारे द्वारा दूरभाष पर संपर्क किया गया तो कोई भी अधिकारी ने फोन रिसीव नहीं किया।

# मुख्यालय पर निवास नहीं करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों पर होगी सख्त कार्यवाही

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने स्वास्थ्य विभाग को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्रो एवं आयुष्मान आरोग्य केंद्रो में पदस्थ स्टॉफ को निर्देशित किया है कि वे अपने नियत मुख्यालय पर अनिवार्य रूप से निवास करे। निरीक्षण के दौरान मुख्यालय पर उपस्थित नहीं पाए जाने पर सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप द्वारा निरंतर जिले के शासकीय चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो एवं आयुष्मान आरोग्य भवनों का भ्रमण कर चिकित्सीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। सीएचएमओ डॉ. उपलप ने बताया है कि निरीक्षण के दौरान पाया गया है कि बहुत से अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा मुख्यालय में निवास न करते हुए अन्यत्र निवास किया जा रहा है और दूसरे स्थान से आना-जाना किया जा रहा है। इसके कारण जरूरतमंद लोगो को समय पर स्वास्थ्य सेवाए उपलब्ध नही हो पा रही है। सीएचएमओ डॉ. उपलप द्वारा समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारियों कों निर्देशित किया गया है कि जो भी कर्मचारी मुख्यालय पर निवास नहीं कर रहें है उनके विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही करे।

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464

# सभी प्रकार की वृक्ष प्रजातियों के परिवहन के लिए अनुज्ञा पत्र होगा अनिवार्य

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। मध्यप्रदेश में वृक्ष प्रजातियों के परिवहन के नियमों में बड़ा बदलाव आया है। उच्च न्यायालय जबलपुर के निर्णय के अनुसार, अब मध्यप्रदेश अभिवहन (वनोपज) नियम, 2000 के तहत सभी प्रकार की वृक्ष प्रजातियों के परिवहन के लिए अनुज्ञा पत्र अनिवार्य होगा। मध्यप्रदेश वन विभाग ने पहले 24 सितंबर 2015 और 11 अप्रैल 2017 को अधिसूचना जारी कर 62 वृक्ष प्रजातियों को अभिवहन पास से मुक्त किया था। लेकिन उच्च न्यायालय जबलपुर में दायर याचिका क्रमांक 13864/2019 के तहत 1 मार्च 2025 को राज्य शासन द्वारा जारी उक्त अधिसूचना को निरस्त कर दिया गया। अब सभी वृक्ष प्रजातियों के परिवहन के लिए अनुज्ञा पत्र लेना अनिवार्य होगा। इस निर्णय से वन संरक्षण और अवैध कटाई को रोकने में मदद मिलेगी। साथ ही अनुज्ञा पत्र की अनिवार्यता से वन विभाग को वृक्ष कटाई पर निगरानी रखने में मदद मिलेगी।**

# प्रधान आरक्षक शोभेन्द्र डहरवाल का हृदय गति रुकने से दुखद निधन

## पुलिस अधीक्षक के साइबर सेल शाखा में पदस्थ थे स्व. श्री डहरवाल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिला पुलिस अधीक्षक बालाघाट के साइबर सेल शाखा में पदस्थ प्रधान आरक्षक शोभेन्द्र डहरवाल की हृदय गति रुकने से दुखद निधन हो गया,। 11 जुलाई को 900 बजे करीब प्रधान आरक्षक श्री डहरवाल साइबर सेल के ऑफिस में आवश्यक शासकीय कार्य कर रहे थे तभी उनके सीने में दर्द होने पर सहकर्मियों ने उन्हें नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती किये थे। जहां उनकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। ज्ञात हो शोभेन्द्र डहरवाल मूल रूप से ग्राम झालीवाड़ा थाना रामपायली के निवासी थे। 5 मार्च 1992 में शोभेंद्र डहरवाल अब छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर जिला में आरक्षक के पद पर भर्ती हुए।जिन्होंने वहा 7 वर्ष आरक्षक के पद पर रहते हुए अपनी सेवा दी। शोभेन्द्र डहरवाल ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य का विभाजन होने के एक वर्ष पहले 10 दिसम्बर 1999 को जिला पुलिस बल बालाघाट में स्थानांतरण करवा लिए थे और वे जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय बालाघाट में कंप्यूटर शाखा में रहे इसके बाद वे साइबर सेल में सेवा देते आ रहे थे। 3 मई 2011 को वे आरक्षक से प्रधान आरक्षक के पद पदोन्नत किए गए थे। साइबर सेल में रहते हुए कई गंभीर अपराध के खुलासा करने में पुलिस टीम के साथ शोभेन्द्र डहरवाल की सहभागिता रही। मिलनसार व्यक्तित्व के धनी शोभेन्द्र डहरवाल अपने समाज के प्रति समर्पित रहे जो सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेते रहते थे। जिनके परिवार में पत्नि और दो बेटे है । दोनो बेटे भोपाल में प ?ाई कर रहे है। 11 जुलाई को सुबह प्रधान आरक्षक शोभेन्द्र डहरवाल को किसी आवश्यक कार्य के लिए साइबर सेल ऑफिस बुलाया गया था। 9-00 बजे करीब जब वे जरूरी शासकीय कार्य कर रहे थे। इसी दौरान शोभेन्द्र डहरवाल ने अपने सहकर्मी को सीने में दर्द होना बताया और उन्हें पसीना आने लगा था। शोभेन्द्र डहरवाल को उनके सहकर्मियों ने तुरंत ही नगर के एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। शोभेन्द्र डहरवाल का निधन होने की खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी और कर्मचारी तुरंत निजी अस्पताल पहुंचे वही उनके शव को जिला अस्पताल लाया गया यहां पर पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों तथा उनके परिजनों की उपस्थिति में शव पोस्टमार्टम करवा कर उनके परिजनों को सौंप दिया गया।






AICTE भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एवं RGPV & DTE भोपाल से सम्बध्द
सतपुड़ा इंजीनियरिंग & पॉलिटेक्निक कॉलेज
प्रवेश प्रारंभ
B.Tech. & Polytechnic
COMPUTER SCIENCE ENGINEERING
MINING ENGINEERING
CIVIL ENGINEERING
MECHANICAL ENGINEERING
ELECTRICAL ENGINEERING
Lateral Entry Admission NEP 2020 के तहत किसी भी ब्रांच से डिप्लोमा/B.Sc. (Maths) उत्तीर्ण छात्रों का B.Tech. एवं ITI उत्तीर्ण छात्रों का पॉलिटेक्निक के द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, गर्रा, बालाघाट
6262604111, 9425836824







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.१, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट